kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow

@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-52 ❒ सोमवार, 23 मार्च 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




आगामी 15 अप्रैल से अभियान चलाकर भूसा संग्रहण,भूसा बैंक तथा भूसा प्रबंधन का कार्य पूरा किया जाए। सभी गौ आश्रय स्थलों पर भूसा बैंक अस्थायी/स्थायी बनाया जाए तथा दो माह का भूसा आरक्षित भंडारण के रूप में रखा जाए। गौआश्रय स्थलों में निश्चित रूप पर रजिस्टर भी पूर्ण कराया जाए।

धर्मपाल सिंह


प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं 11

अमृतसर में रंधावा आत्महत्या प्रकरण पर रातभर हंगामा 12


## मुख्यमंत्री योगी ने नर्सिंग अफसरों को दिए नियुक्ति पत्र, बोले–

# प्रदेश में 9 साल में नौ लाख से अधिक हुई नियुक्तियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजधानी लखनऊ में लोकभवन में आयोजित समारोह में 492 चयनित नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे, जबकि शेष 736 अभ्यर्थियों को 13 राजकीय मेडिकल कॉलेजों और दो चिकित्सा संस्थानों में आयोजित सजीव कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यमंत्री समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। यह भर्ती प्रक्रिया उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने की है।

नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले युवक-युवतियों को नौकरी मिलना तय रहता है, क्योंकि इनकी मांग सिर्फ उत्तर प्रदेश या भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में भी रहती है। अपने 9 वर्ष के कार्यकाल की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस समय 81 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं। उन्होंने वर्ष 2017 से पहले स्वास्थ्य विभाग की खामियां गिनाते हुए कहा कि तब नियुक्तियां की जाती थी, लेकिन डॉक्टर अस्पताल जाएं या ना जाएं, मरीजों को इलाज मिले या न मिले, किसी से कोई मतलब नहीं होता था लेकिन वर्ष 2017 के बाद से प्रदेश में न केवल स्वास्थ्य बल्कि सभी व्यवस्थाएं बदली हैं। बल्कि योग्यता के आधार पर पारदर्शिता के साथ नियुक्तियां हो रही हैं और नवरात्र पर्व पर नियुक्ति पत्र दे रहे हैं। नौ सालों में नौ लाख से अधिक नियुक्तियां की गयी हैं और कहीं भी भ्रष्टाचार की शिकायत नहीं मिली। पहले माफिया और सरकार पैरलल चलते थे। लेकिन, आज माफिया का सिस्टम खत्म हुआ है। हमने एक जिला एक मेडिकल कॉलेज को वास्तविक रूप से लागू किया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य की सुविधा और उसकी बदहाली स्थिति की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंसेफ्लाइटिस से हजारों मौतें होती थीं और कोई पूछता नहीं था। गोरखपुर के जिला चिकित्सालय का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे वहां एक महिला प्राचार्य के रिटायरमेंट होने तक तत्कालीन सरकार ने न तो फैकल्टी की व्यवस्था की और न ही प्राचार्य की और एएनएम और जीएनएम के कोर्स बंद होने के कगार पर पहुंच गयी। मैं उस समय सांसद था तो रिटायरमेंट नजदीक आने पर प्राचार्या ने हमसे समस्या बताई तो हमने जब सीएमओ को बुलाकर पूछा तो उन्होंने बताया कि सरकार को कई पत्र लिख चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है, तब ऐसी व्यवस्था थी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली सरकारों में बंद हो चुके एएनएम-जीएनएम कॉलेजों को हमने शुरू किया। सरकार के प्रयास से प्रदेश में 35 एएनएम कॉलेज और 31 नर्सिंग कॉलेज बेहतर किए गए। प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने हेल्थ केयर को प्राथमिकता पर लिया। पहले सब कुछ भगवान भरोसे चल रहा था। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इन सभी चयनित नर्सिंग अभ्यर्थियों को नियुक्ति के लिए बधाई दी। स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह समेत विभागीय अधिकारियों ने सभी नव चयनित नर्सिंग अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

इन नव चयनित नर्सिंग अफसरों की नियुक्ति आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मेरठ, झांसी, गोरखपुर, अंबेडकरनगर, कन्नौज, आजमगढ़, ● शेष पेज 11 पर



- ❒ नारी तू नारायणी : योगी सरकार की अभ्युदय योजना का मिला लाभ, यूपीएससी में प्रदेश की तीन बेटियों ने लहराया परचम
- ❒ मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से यूपी की बेटियों को लगे 'पंख', अब तक ढाई सौ से अधिक ने पाई सफलता
- ❒ एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने अब तक कराया रजिस्ट्रेशन, 2025 में योजना का लाभ लेकर प्रदेश की तीन बेटियों ने हासिल की उल्लेखनीय सफलता
- ❒ महंगे कोचिंग संस्थानों के बिना भी बड़ी सफलता हासिल कर रहीं यूपी की बेटियां, नारी तू नारायणी' की भावना को साकार करती ये बेटियां आज समाज के लिए बन रहीं हैं प्रेरणा
- ❒ सीएम योगी की मंशा के अनुरुप यूपीएसआईएफएस ने लांच किया 'द शैडो' एप, योगी सरकार का 'द शैडो' एप परछाईं की तरह करेगा बेटियों की सुरक्षा

# सत्ता में आने के लिए बहुजन समाज का एकजुट होना जरूरी: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि बहुजन समाज की सुरक्षा व अस्मिता के मिशनरी उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए बहुजनों को एकजुटता जरूरी है। एकजुट रहकर मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए चुनावी सफलता अर्जित करना समय की सबसे बड़ी मांग है। वरना आरक्षण सहित बहुजनों के हित व कल्याण के अहम मामलों में विरोधी पार्टियों की सरकारों की कथनी व करनी में अंतर है। इनके वादे और दावों व जमीनी हकीकत में भारी अन्तर्विरोध एवं नीयत व नीति में खोट के कारण हालात बद से बदतर होते चले जायेंगे। बसपा प्रमुख रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक की। इसमें प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश, बिहार और छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बीते दिनों दिए गए कार्यों की समीक्षा में बेहतर परिणाम मिलने पर बसपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं की कार्यो की सरहना की। बैठक को सम्बोधित करते हुए मायावती ने कहा कि मध्य प्रदेश, बिहार प्रदेश व छत्तीसगढ़ राज्य में बढ़ती हुई जातिवादी आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि ठीक चुनाव से पहले सरकारों की ओर से दिये जाने वाले विभिन्न प्रकार के प्रलोभनों से से खुद को बचाना होगा ताकि आने वाले पांच साल उनके लिए 'अच्छे दिन' के बजाय और ज्यादा बुरे दिन न साबित हों, जैसा कि इन दोनों राज्यों का भी पिछला अनुभव रहा है। मायावती ● शेष पेज 11 पर

## ईसीआई का बड़ा फैसला: विधानसभा चुनाव और उपचुनावों में मतदान केंद्रों पर मिलेंगी खास सुविधाएं

एजेंसी




नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने मतदाताओं के अनुभव को सुखद और सुगम बनाने के लिए 'न्यूनतम सुविधाएं' (एएमएफ) और 'मतदाता सहायता' को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। चुनावी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कुल 2,18,807 मतदान केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध हों। आयोग ने मतदान केंद्रों पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया है। इनमें मतदान सुविधा केंद्र (एएमएफ) में पीने का पानी, छायादार प्रतीक्षा क्षेत्र, पानी की सुविधा वाला शौचालय, पर्याप्त रोशनी, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढलान वाला रैंप, मानक मतदान कक्ष और उचित संकेतक शामिल हैं। मतदान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे कतार में नियमित अंतराल पर बेंच लगाएं ताकि मतदाता अपनी बारी का इंतजार करते समय बैठ सकें। इसके अलावा मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए, सभी मतदान केंद्रों पर चार एकसमान और मानकीकृत मतदाता सुविधा पोस्टर (वीएफपी) प्रमुखता से प्रदर्शित किए जाएंगे जिनमें मतदान केंद्र का विवरण, उम्मीदवारों की सूची, क्या करें और क्या न करें, मान्य पहचान दस्तावेजों की सूची और मतदान प्रक्रिया ● शेष पेज 11 पर

## बिना आधी आबादी के हम देश को तरक्की के रास्ते पर नहीं ले जा सकते : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अगर स्त्रियों की स्थिति की जानकारी हो जाए तो पूरे समाज की स्थिति पता चल जाती है। भारत में महिलाओं की बहुत खराब स्थिति है। अखिलेश रविवार को लखनऊ स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित 'मूर्ति देवी-मालती देवी महिला सम्मान समारोह' को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों में समाजिक एवं उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिलाओं को 'मूर्ति देवी-मालती देवी महिला सम्मान' प्रदान कर उनकी प्रशंसा की गई। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अगर ये कैमरे अपनी जिम्मेदारी निभाने लगे तो अपने आप सत्ता परिवर्तन हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जहां बोलने, लिखने या आंदोलन करने पर पाबंदी है, लेकिन जब लोग बूथ पर जाएंगे तो इस सरकार का पता नहीं चलेगा। ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### वाराणसी एयरपोर्ट पर विदेशी यात्री के बैग से बारहसिंगा हिरण की सींग बरामद, यात्री से गहन पूछताछ

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर एक विदेशी यात्री के बैग से बारहसिंगा हिरण की सींग बरामद हुई। विदेशी यात्री ने अपने बैग में सींग को छिपा कर रखा था। सुरक्षा एजेंसियों के अफसर विदेशी यात्री को हिरासत में लेकर गहन पूछताछ में जुट गए हैं। फूलपुर पुलिस ने इसकी पुष्टि की है। यात्री से पूछताछ में वन विभाग के अफसर भी शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार रूस का नागरिक नागरिक दमित्री ब्रेकिन वाराणसी में भ्रमण के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान आई एक्स 215 से बैंकाक जाने के लिए दोपहर में बाबतपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा। एयरपोर्ट के एप्रन पर जाने के पूर्व यात्री की नियमित सुरक्षा जांच में सीआईएसएफ कर्मियों को संदेह हुआ। इस पर सुरक्षा कर्मियों ने एक्स–रे स्कैनिंग से जांच की तो बैग में बारहसिंगा की सींग मिली। यह देख सुरक्षाकर्मियों ने अफसरों को मामले की जानकारी देने के साथ यात्री को रोक कर हिरासत में ले लिया।

### केंद्रीय खनन मंत्री जी किशन रेड्डी 23 मार्च को 7वीं खनिज नीलामी शुरू करेंगे

नई दिल्ली । केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी 23 मार्च को महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की सातवीं नीलामी चरण की शुरुआत करेंगे। उनके साथ राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे भी मौजूद रहेंगे। केंद्रीय खनन मंत्रालय के अनुसार, सरकार ने इन खनिजों के महत्व को देखते हुए खान और खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 में 17 अगस्त 2023 को संशोधन किया था। इसके तहत 24 खनिजों को महत्वपूर्ण और रणनीतिक श्रेणी में शामिल किया गया है। इस संशोधन से केंद्र सरकार को इन खनिजों के लिए माइनिंग लीज और कंपोजिट लाइसेंस की नीलामी का अधिकार मिला है। नीलामी से होने वाली आय संबंधित राज्य सरकारों को जाएगी।

## सरकार के मुखिया के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने रचा कीर्तिमान, वरिष्ठ नेताओं ने मील का पत्थर बताया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ प्रधानमंत्री मोदी बने देश के सबसे लंबे समय तक सरकार प्रमुख रहने वाले नेता

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लगातार 8,931 दिनों तक सरकार के मुखिया के रूप में सेवा का नया कीर्तिमान रच दिया है। उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के 8,930 दिनों के इसी तरह के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है । अमित शाह, राजनाथ सिंह और रेखा गुप्ता सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं ने इस उपलब्धि को अटूट प्रतिबद्धता और जनसेवा का मील का पत्थर बताया है। इसमें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उनके तीन कार्यकाल और प्रधानमंत्री के रूप में उनका वर्तमान तीसरा कार्यकाल शामिल है। 24 वर्षों से अधिक के इस लंबे सफर में उन्होंने एक भी दिन का अवकाश नहीं लिया।

गृहमंत्री अमित शाह ने एक्स पर कहा, ''यह रिकॉर्ड सेवा, परिश्रम और अटूट प्रतिबद्धता की नींव पर बना है। मोदी के 8,931 दिन राष्ट्र-प्रथम शासन और कार्यों में सत्यनिष्ठा को दर्शाते हैं। उन्होंने बिना छुट्टी लिए राष्ट्र की सेवा की है, यही कारण है कि उन्हें जनता का अभूतपूर्व स्नेह प्राप्त हो रहा है।''

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अब भारत में सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले सरकार प्रमुख बन गए हैं। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक उनका जीवन निरंतर सेवा का मार्ग रहा है। यह उपलब्धि उनके समर्पित नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे 'अंत्योदय' के संकल्प की सिद्धि बताते हुए कहा कि मोदी ने विकास की नई परिभाषा गढ़ी है। उनके दूरदर्शी और साहसिक निर्णयों ने करोड़ों देशवासियों का भरोसा जीता है ● शेष पेज 11 पर

## अर्थव्यवस्था पर राहुल गांधी की समझ पर प्रश्नचिह्न : शेखावत

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि राहुल गांधी को अर्थव्यवस्था की कितनी समझ है, इस पर ही प्रश्नचिह्न लगा हुआ है। केंद्रीय मंत्री शेखावत रविवार को अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान जब केंद्रीय मंत्री से राहुल गांधी के रुपया के डॉलर के मुकाबले कमजोर होने और महंगाई बढ़ने से जुड़े ट्वीट के विषय में पूछा गया, तब उन्होंने कहा कि जिस तरह की परिस्थितियां हैं। ग्लोबल सिनेरियो है। अभी जिस तरह का जिओ टर्बुलेंस विश्व में है। जिस तरह की उथल-पुथल वर्तमान परिस्थिति में मिडिल ईस्ट युद्ध से बनी है। ● शेष पेज 11 पर


कानपुर बैट्री सर्विस की ओर से सभी बदायूँ वासियों को ईद–उल–फितर की दिली मुबारकबाद







प्रोपराइटर मोहम्मद सगीर

9412501740

8273447399


# ईरान ने इजराइल पर दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें, 300 से अधिक लोग घायल

एजेंसी



- ❒ इजराइल का दावा : हिज्बुल्लाह की 'रदवान फोर्स' कमांडर अबू खलील बरजी मारा गया
- ❒ अमेरिका ने हम पर हमला किया तो दिल्ली पर गिराएंगे बम, पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक की गीदड़भभकी
- ❒ ईरान युद्ध पर पोप लियो की तीखी टिप्पणी- यह इंसानियत के लिए शर्मनाक, लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल की ईद के दिन हत्या

तेहरान/तेल अवीव । पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान ने इजराइल पर रविवार सुबह चार बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इन हमलों में 300 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। इससे पहले शनिवार रात को भी ईरान ने इजराइल के डिमोना और अराद शहरों को निशाना बनाया था। डिमोना में इजराइल का प्रमुख परमाणु संयंत्र स्थित है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियां पहले से सतर्क थीं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा था कि यदि 48 घंटे के भीतर होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह नहीं खोला गया, तो अमेरिका ईरान के पावर प्लांट्स पर हमला करेगा, जिसकी शुरुआत सबसे बड़े संयंत्र से की जाएगी। ईरान ने भी जवाबी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि उसके ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया गया, तो वह पूरे पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल से जुड़े सभी ऊर्जा ठिकानों पर हमला करेगा। लगातार हो रहे हमलों और चेतावनियों के बीच क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ऐसे में अगर हालात जल्द नहीं सुधरे, तो यह संघर्ष और व्यापक रूप ले सकता है, जिससे वैश्विक सुरक्षा और ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच दक्षिणी लेबनान को लेकर इजराइल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) के मुताबिक, ताज़ा हवाई हमले में हिज़्बुल्लाह के स्पेशल ऑपरेशंस कमांडर अबू खलील बरजी को मार गिराया गया है। इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। तुर्किये की संवाद समिति अनाडोलू एजेंसी (एए) के अनुसार, रविवार को आईडीएफ ने दावा किया कि उसने दक्षिणी लेबनान में एक हवाई हमले में हिज़्बुल्लाह के सीनियर कमांडर और दो अन्य सदस्यों को मार गिराया है। सेना के अनुसार, मारे गए कमांडर की पहचान अबू खलील बरजी के रूप में हुई है, जो हिज़्बुल्लाह की 'रदवान फोर्स' की स्पेशल ऑपरेशन यूनिट का नेतृत्व कर रहा था। यह हमला शनिवार को दक्षिणी लेबनान के मजदल सेलम क्षेत्र में किया गया। आईडीएफ का कहना है कि रदवान फोर्स इजराइली सेना के खिलाफ हमलों ● शेष पेज 11 पर


समाजवादी पार्टी की ओर से बदायूँ विधानसभा क्षेत्र वासियों को ईद–उल–फितर की दिली मुबारकबाद



हाजी रईस अहमद

पूर्व विधानसभा प्रत्याशी 115 बदायूं

# बभनकुइया में जल अर्पण दिवस पर भव्य आयोजन जल जीवन मिशन जनता को समर्पित

❒ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल कार्यक्रम का शुभारम्भ किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




प्रयागराज । विकास खंड सहसों के ग्राम बभनकुइया में रविवार को विश्व जल दिवस के अवसर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत ॥जल अर्पण दिवस॥ का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल रहे, जबकि संचालन जिला समन्वयक अश्विनी श्रीवास्तव ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत सांसद द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाकर की गई। इस मौके पर विधायक दीपक सिंह पटेल एवं एडीएम नमामि गंगे संजीव कुमार शाक्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।समारोह के दौरान सांसद प्रवीण पटेल ने जल जीवन मिशन योजना को विधिवत जल अर्पण कर ग्राम प्रधान को सौंपा। अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया, जिससे जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया।बताया गया कि इस परियोजना को मात्र 8 माह में ख्रथन्पद्द्ध । ड्डधफ्ध्न्ध (एल एंड टी) की टीम द्वारा पूरा किया गया। योजना के पूर्ण होने से ग्राम बभनकुइया के सैकड़ों परिवारों को अब शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति मिलेगी और दूर-दराज से पानी लाने की समस्या से राहत मिलेगी।अधिशासी अभियंता प्रवीण कुट्टी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए इसकी तकनीकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला।अपने संबोधन में सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि जल जीवन मिशन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य हर घर तक नल से शुद्ध जल पहुंचाना है। इससे ग्रामीणों के स्वास्थ्य, स्वच्छता और जीवन स्तर में व्यापक सुधार होगा।विधायक दीपक सिंह पटेल ने इसे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया, जबकि एडीएम संजीव कुमार शाक्य ने कहा कि प्रशासन जल संरक्षण और स्वच्छता को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के अधिकारी, एल एंड टी कंस्ट्रक्शन की टीम, ग्राम प्रधान अशोक कुमार समेत ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्ज़ा निगम पर 36 करोड़ का बकाया, प्रशासन ने जारी की आरसी, सख्त कार्रवाई की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



प्रयागराज। मेजा तहसील के कोहड़ार घाट स्थित मेजा ऊर्जानिगम पर खनन विभाग का करीब 36 करोड़ रुपये का बकाया सामने आने के बाद प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए रिकवरी सर्टिफिकेट (आरसी) जारी कर दी है। तहसील प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होने पर आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मेजा ऊर्जानिगम, एनटीपीसी लिमिटेड और उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड का संयुक्त उपक्रम है, जो 1320 मेगावाट की ताप विद्युत परियोजना का संचालन करता है और क्षेत्र की ऊर्ज़ा आपूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खनन विभाग के अनुसार, प्लांट निर्माण के दौरान करीब 55 लाख घन मीटर खनिज, जिसमें गिट्टी और पत्थर शामिल हैं, का उपयोग किया गया था, जिसकी रॉयल्टी का भुगतान लंबे समय से लंबित है।बताया गया कि पिछले 10-11 वर्षों में विभाग की ओर से निगम को 100 से अधिक नोटिस भेजे जा चुके हैं, लेकिन पूरा भुगतान नहीं हो सका। हालांकि, निगम ने शुरुआती दौर में करीब 3 करोड़ रुपये जमा किए थे। खनन अधिकारी के अनुसार, शासन स्तर पर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अब वसूली की कार्रवाई तेज कर दी गई है।वहीं, निगम के एजीएम एचआर विवेक चंद्रा का कहना है कि खनन विभाग से सर्वे रिपोर्ट के अभिलेख मांगे गए हैं। रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड से स्वीकृति लेकर भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इस प्रकरण को मंडलायुक्त न्यायालय में भी प्रस्तुत किया गया है, जहां मामले की सुनवाई जारी है।

## छेड़खानी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मनचले को गिरफ्तार किया है। थाना कैण्ट क्षेत्र में स्कूली छात्राओं व आने-जाने वाली महिलाओं को देखकर अश्लील हरकतें करने और फब्तियां कसने वाले आरोपी आशीष पाल को पुलिस ने दबोच लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से इस तरह की हरकतों से लोगों को परेशान कर रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

## अटाला चौकी प्रभारी सस्पेंड

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज में लापरवाही के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए अटाला चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया गया है। मनीष कुमार शांडिल्य ने कबाब-पराठा रेस्टोरेंट में हुई मारपीट की घटना में चौकी प्रभारी की भूमिका संदिग्ध पाए जाने पर यह कदम उठाया। जांच में लापरवाही सामने आने के बाद तत्काल प्रभाव से निलंबन की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## प्रयागराज में रेस्टोरेंट में मारपीट, CCTV में कैद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला के खुल्दाबाद थाना क्षेत्र के अटाला इलाके में एक रेस्टोरेंट के अंदर मारपीट की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पूरी घटना रेस्टोरेंट में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई है, जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित की पहचान मोहम्मद मुजम्मिल के रूप में हुई है, जो फाफामऊ का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नोएडा इंजीनियर मौत मामला: हाईकोर्ट ने मांगे जवाब

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में नोएडा के इंजीनियर की मौत से जुड़े मामले में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया। न्यायालय ने गक्टक्क ट्टक्टक्क पुलिस और नोएडा प्रशासन से आपात स्थिति में प्रतिक्रिया समय और तैयारियों को लेकर विस्तृत सुझाव मांगे हैं। कोर्ट ने पूछा कि सूचना मिलने के बाद संबंधित एजेंसियां कितनी देर में मौके पर पहुंचती हैं। सभी विभागों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को निर्धारित की गई है।

## प्रयागराज: नवाबगंज पुलिस ने चोरी का अभियुक्त दबोचा, 4.5 लाख के आभूषण बरामद

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गंगानगर जोन में चलाए जा रहे अपराध विरोधी अभियान के तहत पुलिस टीम ने शनिवार को श्रृंगवेरपुर अंडरपास के पास से शाश्वत कुमार गौतम उर्फ शानू को गिरफ्तार किया। वह कराहा तालाब मोहरब गांव का निवासी बताया गया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी बरामद की।पुलिस के अनुसार अभियुक्त ने 18/19 मार्च की रात एक घर का ताला तोड़कर अलमारी से आभूषण व नकदी चोरी की थी। इस मामले में पहले से मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार आरोपी के पास से 2 मंगलसूत्र, 6 जोड़ी झुमकी, अंगूठियां, नाक के आभूषण, चांदी की पायल, बिछिया समेत कुल करीब 4.5 लाख रुपये के जेवर और 3000 रुपये नकद बरामद हुए हैं। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धाराएं बढ़ाते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## प्रयागराज में अंबेडकर प्रतिमा तोड़े जाने पर बवाल, प्रशासन ने लगवाई नई मूर्ति

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के थाना सराय इनायत क्षेत्र के रतौरा ग्राम सभा में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने की घटना के बाद इलाके में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल नई प्रतिमा मंगवाकर स्थापित कराई, जिससे हालात सामान्य होने लगे।नई प्रतिमा स्थापना के बाद थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने माल्यार्पण कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। इस दौरान आईपीएस अधिकारी ईश्वर चंद्र गुर्जर भी मौजूद रहे और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें समझाया। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## एचआईवी जागरूकता के लिए पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण

**बरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** पुलिस बल को जागरूक और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से रविवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में एचआईवी/एड्स विषय पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश पर पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी के निर्देशन में आयोजित हुआ।कार्यशाला में बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर और पीलीभीत सहित परिक्षेत्र के विभिन्न जनपदों से कुल 81 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें बरेली से 21 तथा अन्य जिलों से 20-20 प्रतिभागी शामिल रहे।विशेषज्ञों ने एचआईवी/एड्स से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों जैसे रोकथाम, जांच, उपचार और मरीजों के प्रति भेदभाव रहित व्यवहार पर विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने बताया कि सही जानकारी और जागरूकता से इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को न केवल स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना, बल्कि उन्हें समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी तैयार करना रहा।इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. इंतजार हुसैन, क्लस्टर प्रोग्राम मैनेजर हिना अयाज, सीएसओ प्रेमचंद्र शर्मा, डीएमडीओ आकाश चौधरी, काउंसलर जीशान, प्रोग्राम मैनेजर शालिनी सिंह व नंदा सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रयागराज में मिशन शक्ति की उड़ी धज्जियां पूरामुफ्ती थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददात



प्रयागराज। जिले में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में एक पीड़ित महिला की शिकायत पर थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने का मामला सामने आया है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

पीड़ित महिला का आरोप है कि उसने अपनी समस्या को लेकर थाना में लिखित आवेदन दिया, लेकिन थाना प्रभारी ने उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया। महिला का कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उसकी सुनवाई नहीं हुई, जिससे वह न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।मामले ने तब तूल पकड़ लिया जब पीड़ित महिला का बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में महिला अपनी पीड़ा बताते हुए पुलिस प्रशासन की उदासीनता को उजागर कर रही है। वायरल वीडियो के बाद आम जनता में भी आक्रोश देखा जा रहा है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।गौरतलब है कि योगी आदित्यनाथ द्वारा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बावजूद स्थानीय स्तर पर लापरवाही सामने आ रही है। अब देखना यह होगा कि उच्च अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और पीड़ित महिला को कब तक न्याय मिल पाता है।

# उपभोक्ता से ले रहे होम डिलेवरी चार्ज , फिर भी एलपीजी गैस पाने के लिए लगानी पड़ रही लंबी कतार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। प्रयागराज के कोरांव में जेबी इंडेन गैस एजेंसी के (तराव ) गोदाम पर उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर लेने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी। रविवार के दिन लोग रात 2 बजे से ही 700 सौ के लगभग उपभोक्ता लाइन में खड़े थे, लेकिन सिलेंडर मिलने में 7 से 8 घंटा तक लाइन में खड़ा रहना पड़ा। जेबी इंडेन गैस एजेंसी द्वारा कस्बा कोरांव व ग्रामीण क्षेत्र में होम डिलेवरी नहीं की जा रही है, जबकि डिलेवरी चार्ज लिया जा रहा है।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो पुलिस कर्मी भी मौजूद थे, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं थी। उपभोक्ताओं का गला बिना पानी के सूखता रहा यह डर था कही लाइन से हटे कि फिर लाइन में लगने नहीं दिया जाएगा कई उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं मिला और वे खाली हाथ लौट गए। आफिस भी बंद रहा जिस कारण कई उपभोक्ता केवाईसी कराने के लिए भटकते रहे कस्बा कोरांव के रहने वाले राकेश केशरी , मुकेश कुशवाहा, सतीश केशरी ,पिंटू केशरी, राजकुमार , रमेश , समेत सैकड़ों लोगों ने बताया कि 7 से 8 घंटा लाइन में लगने के बाद सिलेंडर मिला जिलाआपूर्ति अधिकारी, एसडीएम कोरांव को संपर्क दूरभाष पर किया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआवर्जन यदि उपभोक्ता से डिलेवरी चार्ज लिया जा रहा है तो डिलेवरी भी उपभोक्ता के घर पर करे मै एजेंसी को तत्काल निर्देशित कर रहा हु सुनील कुमार सिंह आपूर्ति निरीक्षक कोरांव प्रयागराज

# प्रयागराज-कानपुर सेक्शन में 'कवच' हुआ लागू , महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । उत्तर मध्य रेलवे ने रविवार को प्रयागराज-कानपुर सेक्शन (190 रूट किमी) पर 'कवच' स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को सफलतापूर्वक लागू कर दिया गया है। 'कवच' प्रणाली को औपचारिक तौर पर गाड़ी 14163 के माध्यम से लागू किया गया।

आज इस ट्रेन के लोकोमोटिव में उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक एन.पी. सिंह ने 'कवच' प्रणाली के प्रदर्शन का आंकलन करने के लिए उक्त ट्रेन में सवार होकर सूबेदारगंज से मनौरी स्टेशन तक 'फुटप्लेट निरीक्षण' भी किया।वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि पहले चरण में, 'कवच' को इस मार्ग पर संचालित हो रही आठ जोड़ी ट्रेनों गाड़ी संख्या 14113-14114, 14163-14164, 12307-12308, 12417-12418, 22437-22438, 15003-15004, 20433-20434 और 12403-12404 पर लागू किया जाएगा। इसके अलावा अन्य ट्रेनों 'वंदे भारत' ट्रेनों को भी धीरे-धीरे इसमें शामिल किया जाएगा।उन्होंने बताया कि यह शुरुआत भारतीय रेलवे के सबसे महत्वपूर्ण सेक्शनों में से एक पर 160 किमी प्रतिघंटा की गति से ट्रेन चलाने, रेलवे सुरक्षा को बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस प्रणाली को शुरू करने से पहले, व्यापक और कड़े परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए थे। इन परीक्षणों में डब्लूएपी-7 लोकोमोटिव के साथ 8, 16 और 22 एलएचबी कोच वाली संरचनाएं और साथ ही 20 कोच वाली 'वंदे भारत' रेक शामिल थी। जिससे विभिन्न परिचालन स्थितियों के तहत प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सकी।पीआरओ ने बताया कि ट्रेन 15003-15004 (चौरी चौरा एक्सप्रेस) का उपयोग करके यात्री परीक्षण भी किए गए। जिन्होंने नियमित सेवा के दौरान विश्वसनीय प्रदर्शन किया। 20,000 किलोमीटर से ज्यादा की यात्री ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई है और सभी सिस्टम जाँच संतोषजनक पाई गई है। कवच सिस्टम ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन, खतरे के सिग्नल को पार करने से बचाव, इंसानी गलती होने पर अपने-आप ब्रेक लगना, आदि विशेषताओं के कारण रेलवे संरक्षा को काफ़ी बेहतर बनाता है।कवच 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत देश में ही बनाया गया एक ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम है। इसे भारतीय रेलवे में धीरे-धीरे लगाया जा रहा है, ताकि सुरक्षा को मज़बूत किया जा सके और ट्रेनों के संचालन को आधुनिक बनाया जा सके। यह उपलब्धि प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में उत्तर मध्य रेलवे की सिग्नल और टेलीकम्युनिकेशन टीम की लगन भरी कोशिशों और तालमेल से किए गए काम से संभव हो सका है। इस कार्य में सभी सम्बंधित विभागों का सहयोग मिला।

# ईद की नमाज शांतिपूर्ण सम्पन्न सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद



प्रयागराज । जिले में ईद के मौके पर नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई। शहर के ईदगाह, जामा मस्जिद समेत विभिन्न मस्जिदों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। एडिशनल सीपी डॉ. अजय पाल शर्मा, डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, अपर नगर मजिस्ट्रेट तथा एसीपी कोतवाली रवि कुमार गुप्ता सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे।कोतवाली इंस्पेक्टर संजय राय के नेतृत्व में विभिन्न थाना-चौकी की पुलिस टीमें मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहीं। एलआईयू की टीम ने भी खुफिया निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रशासन की सतर्कता के चलते ईद की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। नमाज के बाद अधिकारियों ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की।

# 1 जनवरी को नया वर्ष मनाना गुलामी की मानसिकता का परिचायक : सुभाष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ(आरएसएस) के स्वयंसेवक संगठित शक्ति खड़ी कर भारत को श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पबद्ध हों। नव वर्ष हमारा संकल्प दिवस है। चैत्र वैशाख आदि महीनों का नामकरण नक्षत्रों के आधार पर किया गया है। सृष्टि को प्रारंभ हुए दो अरब वर्ष हो गए हैं। इसका स्मरण हम लोग प्रतिदिन पूजा के साथ अपने संकल्प में करते हैं। 01 जनवरी को नया वर्ष मनाना गुलामी की मानसिकता का परिचायक है।

उक्त बातें रविवार को आरएसएस के प्रयाग उत्तर भाग के पथ संचलन से पूर्व परेड ग्राउंड में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संघ के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के प्रचार प्रमुख सुभाष कुमार ने कही। उन्होंने आगे कहा कि पूरी दुनिया जहां युद्ध की विभीषिका से जूझ रही है, वहीं भारत मजबूत होकर विश्व का नेतृत्व करता नजर आ रहा है।

वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख ने आगे कहा कि हमारा नववर्ष सृष्टि के प्रारंभ का दिन है। यह काल की गति पर निर्भर है जो चरैवेति का संदेश देता है। देश के मनीषियों ने बहुत चिंतन मनन के बाद यह व्यवस्थित काल गणना पूरे विश्व को दी है। पृथ्वी की गति को पहचाना है। सूर्य ऊर्जा का केंद्र है, इसलिए पृथ्वी उसकी परिक्रमा करती है। जैसे हम मंदिर की प्रदक्षिणा करते हैं।

### राष्ट्र का सांस्कृतिक जागरण चाहता है संघ

उन्होंने कहा कि वर्ष प्रतिपदा संघ संस्थापक डॉ हेडगेवार जी का जन्मदिन भी है। यह एक संयोग ही है। डॉक्टर हेडगेवार व्यक्ति नहीं बल्कि ध्येय के रूप में थे। वे देश के लिए जीने वाले सद्गुणी एवं समस्याओं का समाधान करने वाले लोग खड़ा करना चाहते थे। आज उनकी आकांक्षाएं साकार हो रही हैं। डॉ हेडगेवार के हृदय की पीड़ा से संघ का निर्माण हुआ है। संघ राष्ट्र का सांस्कृतिक जागरण करना चाहता है। संघ को देखना है तो संघ के कार्यक्रम को जरूर देखें। संघ पूरी तरह समझ में आ जाएगा।

उन्होंने कहा कि भारत का उदय लोकमंगल के लिए हुआ है। इसीलिए हर भारतीय धर्म की जय हो के नारे के साथ विश्व का कल्याण हो का भी उद्घोष करता है। करपात्री जी एवं प्रभुदत्त ब्रह्मचारी जैसे संतों ने इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाया है। समाज में चलाए जा रहे पंच परिवर्तन अभियान को उन्होंने राष्ट्र के उत्थान के लिए आवश्यक बताया।

### संघ के स्वयंसेवक संस्कृति के प्रहरी हैं

केपी ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष टीपी सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि संघ के स्वयंसेवक संस्कृति के प्रहरी हैं। 100 वर्षों की यात्रा में संघ ने देश को जो गौरव दिलाया है,उसके लिए देश हमेशा आभारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आकर मैं अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मंच पर विभाग संघचालक प्रोफ़ेसर केपी सिंह तथा भाग संघचालक डा.राम श्रृंगार उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एवं अतिथि परिचय भाग कार्यवाह ब्रह्म शंकर ने कराया।

उद्बोधन के बाद स्वयंसेवकों ने परेड ग्राउंड से पथ संचलन शुरू किया। पथसंचलन में आगे चल रही खुली जीप में 'भारत माता' की चित्र नेतृत्व करती दिखाईं दीं। स्वयंसेवकों का पथ संचलन संघ के अनुशासन की जीवंत झांकी के रूप में दिखाई पड़ा। कंधे पर दंड एक जैसा गणवेश पहने दो पंक्तियों में कदम से कदम मिलाकर चल रहे स्वयंसेवकों ने संगठित युवा शक्ति का बोध कराया। घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर चल रहे स्वयंसेवकों का यह पथ संचलन परेड से दारागंज होकर अलोपशंकरी मंदिर की ओर आगे बढ़ा। वहां से मटियारा रोड होते हुए सब्जी मंडी पहुंचा।

भाग प्रचारक शिव प्रकाश,विभाग कार्यवाह आशीष,शारीरिक विभाग के प्रमुख राजेश द्वारा मार्ग की बाधाएं दूर करते हुए नजर आए। यह पथ संचलन बाघंबरी गद्दी रोड से आगे बढ़ता हुआ रामदेशिक विद्यालय के पास से पुनः परेड ग्राउंड पहुंचकर पूर्ण हो गया।

संचलन में डॉक्टर एसपी सिंह, नागेंद्र, प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर मुरारजी त्रिपाठी, विभाग प्रचार प्रमुख वसु,सह विभाग प्रचार प्रमुख मुकेश, शारीरिक प्रमुख शिव प्रकाश के अलावा विहिप के प्रांत अध्यक्ष केपी सिंह प्रयाग उत्तर के विधायक डॉ हर्षवर्धन बाजपेई, पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह गौड़ आदि नीरज, हरिश्चन्द्र आदि शामिल थे। भाजपा नेता रिचा सिंह समेत अनेक महिलाएं एवं गुड मॉर्निंग नागरिक भी परेड ग्राउंड में उपस्थित थे।

# ईद की नमाज में सिविल डिफेंस की अहम भूमिका शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ पर्व

❒ आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी मे ईद के पावन अवसर पर जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में पुलिस बल एवं सिविल डिफेंस (नागरिक सुरक्षा) की मौजूदगी में टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा स्थित मस्जिद में नमाज शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।

पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। इस दौरान ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) भी मौके पर मौजूद रहे।राष्ट्रपति पदक से सम्मानित लखनऊ सिविल डिफेंस के वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा ने जानकारी दी कि उप नियंत्रक रविंद्र कुमार के निर्देश एवं चीफ वार्डन अमरनाथ मिश्रा के नेतृत्व में सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों ने टीले वाली मस्जिद और बड़ा इमामबाड़ा में सक्रिय रहकर पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग किया। मौके पर उपस्थित सिविल डिफेंस के कंट्रोलर/जिलाधिकारी विशाख जी. एवं ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (लॉ एंड ऑर्डर) बबलू कुमार ने येलो जैकेट पहने सक्रिय वार्डनों के कार्यों की सराहना की और उनकी तत्परता की प्रशंसा की।

इस दौरान सिविल डिफेंस के कई अधिकारी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे, जिनमें वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, डिवीजनल वार्डन सुनील शुक्ला, प्रवीण श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, डिप्टी डिवीजनल वार्डन डॉ. पंकज वर्मा, जावेद जैदी, जगदीश यादव, स्टाफ ऑफिसर रवि शर्मा सहित प्रखंड चौक, हसनगंज व लोहियानगर के सैकड़ों वार्डन शामिल रहे।पूरे आयोजन में सिविल डिफेंस और पुलिस की सक्रियता से ईद की नमाज शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुई।

## नगर निगम का 2026-27 का बजट सदन में प्रस्तुत, विकास कार्यों पर खास जोर

लखनऊ। नगर निगम लखनऊ एवं जलकल विभाग का वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल बजट तथा वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट सदन में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष श्रीमती चरनजीत गांधी जी द्वारा प्रस्तुत किया गया। बजट प्रस्तुति के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल जी, नगर आयुक्त गौरव कुमार जी, पार्षदगण, नगर निगम एवं जलकल के अधिकारीगण उपस्थित रहे। बजट में नगर निगम की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। गृहकर की वसूली बढ़ाने, निष्प्रयोज्य संपत्तियों का व्यावसायिक उपयोग करने तथा केंद्र व राज्य सरकार से अधिक धनराशि प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही जन शिकायतों के निस्तारण और राजस्व संग्रह में भी तेजी लाई जा रही है। सर्वसम्मति से माननीय सदन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का मूल बजट तथा वर्ष 2025-26 का पुनरीक्षित बजट को सर्वसम्मत से पारित किया है। नागरिकों की सुविधा के लिए सभी 110 वार्डों में पॉस मशीनों से गृहकर और यूजर चार्ज जमा करने की व्यवस्था नए वित्तीय वर्ष से की जा रही है।

# रिश्तों का कत्ल: दरिंदगी के बाद भांजी को गोमती में धकेला आरोपी मौसा गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता।ढ



लखनऊ। राजधानी के मड़ियाव थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है जहाँ एक कलयुगी मौसा ने अपनी ही 17 वर्षीय नाबालिग भांजी के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसे गोमती नदी में फेंककर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े जाने के डर से आरोपी ने अपहरण की झूठी कहानी रची थी लेकिन पुलिस की तफ्तीश में उसकी पोल खुल गई। आरोपी कुलदीप मौर्य जो मूल रूप से बरेली का निवासी है लखनऊ के फैजुल्लागंज स्थित मामा कॉलोनी में अपने रिश्तेदारों के साथ रहता था। 18 मार्च की शाम वह अपनी नाबालिग किशोरी को डॉक्टर के पास ले जाने के बहाने मोटरसाइकिल पर बैठाकर निकला। रास्ते में उसने किशोरी के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए और विरोध करने पर उसे गोमती नदी में धक्का दे दिया जिससे डूबने से उसकी मृत्यु हो गई। वारदात के बाद आरोपी ने खुद फोन कर परिजनों को सूचना दी कि कुछ अज्ञात कार सवार बदमाशों ने उसे पीटकर उसकी किशोरी का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने जब पीपा पुल के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और गवाहों के बयान लिए तो आरोपी की कहानी झूठी पाई गई। कड़ाई से पूछताछ में उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस जघन्य हत्याकांड का खुलासा करने और आरोपी को सलाखों के पीछे भेजने में मड़ियाव थाने की पुलिस टीम ने मुख्य भूमिका निभाई जिसमें थाना प्रभारी मड़ियांव शिवानंद मिश्र, उपनिरीक्षक राजदीप चौधरी, अमित साहू, गया प्रसाद, ज्ञानेन्द्र कुमार गौड़, हेड कांस्टेबल आकाश सिंह, कांस्टेबल मयंक कुमार, मंजीत, धीरज, मंजेश यादव, चालक कांस्टेबल दानवीर शामिल रहें।पुलिस ने घटनास्थल के पास से पीड़िता की एक अदद टूटी हुई माला मय लॉकेट बरामद की है जो संघर्ष के दौरान वहां गिर गई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल।

# बिजली चेकिंग के नाम पर जनता और किसानों का किया जा रहा शोषण:रोमेश कुमार गौतम

❒ भाजपा की नीतियां किसान विरोधी पूंजीपतियों की समर्थक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। समाजवादी पार्टी मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र के रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में लगातार किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है।कर्ज और महंगाई से तबाह किसानों के लिए भाजपा सरकार की गलत नीतियां जानलेवा साबित हो रही हैं।

रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा की नीतियां किसान विरोधी और पूंजीपतियों की समर्थक है।सरकार की गलत नीतियों से बड़े-बड़े पूंजीपति बैंकों का हजारों करोड़ रूपया लेकर विदेश भाग गए।भाजपा सरकार ने पूंजीपतियों का लाखों करोड़ रूपया माफ कर दिया है।वहीं उत्तर प्रदेश में कुछ हजार रूपये कर्ज वसूली में किसान की जान ले ली जा रही है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर कर्ज वसूली के नाम पर बैंक कर्मी किसानों को बेइज्जत करते हैं।तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों को लेकर संवेदनहीन बनी हुई है।इसी तरह से बिजली चेकिंग के नाम पर पूरे प्रदेश में किसानों से अवैध वसूली हो रही है। और प्रताड़ित किया जा रहा है। एक तरफ सरकार किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का झूठा वादा करती है। दूसरी तरफ किसानों से चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली हो रही है।एफआईआर कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान उपेक्षित और पीड़ित है।किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।भाजपा ने किसानों से तमाम झूठे वादे किये भाजपा की सरकार में कोई वादा पूरा नहीं हुआ।किसानों की आय दुगनी नहीं हुई।

रोमेश कुमार गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जो पीडीए की मुहीम चलाई है।,वह निरंतर प्रयास से लगातार बढ़ रही है। जनता ने पीडीए के तहत ही लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने का काम किया है।अब 2027 में जनता भाजपा को हराकर अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेगी।उन्होने कहा कि भाजपा के इसरे पर बिजली चेकिंग के नाम पर जनता का जो लगातार शोषण किया जा रहा है।उसे जनता कभी भूल नहीं सकती है।

# भाजपा लखनऊ महानगर की कार्यकारणी की गई घोषणा

❒ मनोज के गुप्ता साहित 79 पदाधिकारी को मिली ज़िम्मेदारियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महानगर में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के बाद महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने लखनऊ महानगर कार्यकारिणी की घोषणा की कर दी गई है इसमें तीन महामंत्री, आठ उपाध्यक्ष और अन्य 79 पदाधिकारी शामिल हैं।जिसमें महानगर उपाध्यक्ष योगेन्द्र पटेल, सीता नेगी, कुमकुम राजपूत, विनायक पाण्डेय, मानवेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ बाल्मीकि, दीपक कुमार शुक्ला दीपू, जी.डी. शुक्लामहानगर महामंत्री घनश्यामदास अग्रवाल, सत्येन्द्र कुमार सिंह, टिन्कू सोनकर ,महानगर मंत्री आनंद कुमार पाण्डेय, सचिन वैश्य, राजेश चौधरी, सतीश चन्द्र मिश्रा, अपूर्व भार्गव, अर्चना साहू, चन्द्र प्रकाश अवस्थी,पंकज सक्सेनामहानगर कोषाध्यक्ष,मनोज के. गुप्ता, महानगर सह कोषाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय महानगर कार्यालय मंत्री डैनिश सोनकर,महानगर कार्यालय सह मंत्री शैलेन्द्र राय, मयंक बाजपेयीमहानगर मीडिया प्रभारी अनुराग साहू,महानगर सह मीडिया प्रभारी संकेत मिश्रा, उमेश तिवारी रामसेवक द्विवेदी,महानगर संयोजक सोशल मीडिया टी.आर. जोशी, महानगर सह संयोजक सोशल मीडिया सतवीर सिंह आनंद सन्नी, मणिकांत शुक्ला महानगर संयोजक आई.टी. विभाग उत्तम प्रकाश मिश्रा, महानगर सह संयोजक आई.टी. विभाग संतोष सिंह, सतीश अडवानी शामिल हुए।

## पड़ोसी की दबंगई महिला को पीटकर तोड़ा हाथ, जान से मारने की दी धमकी

**मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के सिसेंडी मजरा केसरीखेड़ा गांव में पड़ोसी की दबंगई का मामला सामने आया है, जहां एक महिला को बेरहमी से पीटकर उसका हाथ तोड़ दिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।पीड़िता सुधा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार रात करीब 8 बजे गांव के ही निवासी अवधेश ने मामूली विवाद के चलते उस पर हमला कर दिया। आरोप है कि अवधेश ने महिला की जमकर पिटाई की, जिससे उसका हाथ टूट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। परिजनों द्वारा घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी अवधेश के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम आरोपी की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पुल के ऊपर अज्ञात युवक का शव मिला

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ।सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में शहीद पथ पर अहिमामऊ पुल के ऊपर एक व्यक्ति का शनिवार की दोपहर पुलिस को शव पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस के मुताबिक शहीद पथ स्थित अहिममऊ ओवर ब्रिज के ऊपर शनिवार दोपहर एक (45) बर्षीय व्यक्ति का शव रोड के किनारे पड़ा देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि अज्ञात मिले अधेड़ के तन पर बनियान अंडरवियर पहने हुए था स्थानीय लोगों से जानकारी के बाद पता चला का वह इलाके में रहकर भीख मांगता था।

## रेलवे ट्रैक किनारे मिला मजदूर का शव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज इलाके में शनिवार की सुबह कबीरपुर गांव के पास एक मजदूर का शव पड़ा मिला। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। भाई की गुमशुदगी की शिकायत के बाद भाई ने शव की शिनाख्त की।पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज स्थित मुअज्जम नगर के रहने वाले लाल (22) मजदूरी करते थे। भाई शुभम ने बताया कि उनके भाई लालू शुक्रवार सुबह मजदूरी के लिए गए थे उसके बाद का घर वापस नहीं लौटे। शनिवार की सुबह वहीं गोसाईंगंज स्थित कबीरपुर से लगभग 400 मीटर दूर रेलवे लाइन के किनारे एक युवक का शव देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी । उसके बाद पुलिस द्वारा अज्ञात में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया । वहीं पुलिस ने जांच पड़ताल कर घर वालों को घटना की सूचना दी पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचकर भाई शुभम ने अज्ञात शव की पहचान अपने भाई लालू के रूप में की । मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था मां प्रेमा देवी है ।पुलिस ने बताया कि संभवतः ट्रेन की चपेट में आने से लालू की मौत हुई है।

## ब्रजेश पाठक के आवास पर हुई भाजपा के कोर कमेटी की बैठक



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर रविवार को भाजपा कोर कमेटी की बैठक संपन्न हुई। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक में भाजपा की प्रदेश टीम व निगम, आयोग और बोर्ड में नियुक्तियों को लेकर चर्चा की गयी है।इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे। नेताओं ने बैठक कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। यह बैठक इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि योगी सरकार के करीब 9 वर्षों के कार्यकाल में पहली बार किसी डिप्टी सीएम के आवास पर कोर कमेटी की बैठक हो रही है। आने वाले पंचायत चुनाव और संगठन विस्तार को देखते हुए, यह बैठक महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# बाइक की टक्कर से महिला घायल, शिकायत पर मिली जान से मारने की धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के हरकंशगढ़ी गांव में एक महिला को बाइक सवार किशोर द्वारा टक्कर मारकर घायल कर देने का मामला सामने आया है। हादसे के बाद इलाज के दौरान पीड़िता और उसके परिजनों को आरोपी पक्ष द्वारा धमकाने की भी घटना सामने आई है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरकंशगढ़ी गांव निवासी महिला गुड्डन शुक्रवार शाम सड़क पार कर अपने घर जा रही थीं। इसी दौरान गांव का एक किशोर तेज रफ्तार बाइक से आया और उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे में उनके सिर और पेट में चोटें आईं।घटना के बाद परिजन आनन-फानन में घायल महिला को इलाज के लिए विद्या हॉस्पिटल ले गए, जहां उनका उपचार कराया गया। आरोप है कि दुर्घटना के कुछ समय बाद ही बाइक चला रहा किशोर अपने चाचा आलोक उर्फ बुग्गा के साथ अस्पताल पहुंच गया। वहां दोनों ने पीड़िता और उसके परिजनों के साथ गाली-गलौज की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने मामले की शिकायत मोहनलालगंज कोतवाली में दर्ज कराई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर बाइक चालक किशोर और उसके चाचा आलोक उर्फ बुग्गा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद से पीड़िता का परिवार दहशत में है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा है।

# जनसुनवाई से जनकल्याण तक 161वें 'आपका विधायक आपके द्वार' शिविर आयोजित

❒ समाधान के साथ स्वास्थ्य और युवाओं पर विशेष जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सरोजनी नगर,लखनऊ। जनता के बीच, जनता के द्वार इसी मूल भावना के साथ सरोजनीनगर के द्वितीय वार्ड, विष्णुलोक कॉलोनी (कृष्णा नगर) में साप्ताहिक 'आपका विधायक आपके द्वार' शिविर का सफल आयोजन किया गया। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग का प्रभावी मंच बना।

शिविर के दौरान सड़क, नाली एवं नाला निर्माण, लैपटॉप, ओपन जिम, साइकिल वितरण, मंदिर जीर्णोद्धार, मोबाइल सहायता, शस्त्र लाइसेंस, गैस पाइपलाइन, सामाजिक एवं आर्थिक सहयोग, पुलिस संबंधित विषय, सोलर हाईमास्ट, वृद्धा एवं विधवा पेंशन, आयुष्मान कार्ड, विद्युत पोल सहित कुल 43 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 3 मामलों का मौके पर ही समाधान कर प्रशासनिक तत्परता का उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रसारित कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य सुरक्षा के संकल्प के तहत टेंडर पाम हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 108 वरिष्ठ नागरिकों की नेत्र जांच की गई एवं अन्य लोगों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया है, जबकि 3 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में विशेष सहयोग देने के लिए डॉ. राघवेंद्र तिवारी जी, डॉ. सुनील कुमार सिंह जी, डॉ. अनन्या द्विवेदी जी, डॉ. प्रीती गुप्ता जी और डॉ. ज्योती द्विवेदी जी को माता पीतांबरा जी का प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इंटरमीडिएट के चार मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इसमें अर्पिता अस्थाना (93%), हर्षिता मिश्रा (76.2%), प्रत्यूष शुक्ला (78%) और आरूष सिंह (75%) को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में प्रेरणा और उत्साह का संचार हुआ।

# काकोरी पुलिस चोरी की दो घटनाओं को महज 48 घंटे में किया वर्क आउट

❒ दो शातिर बदमाश गिरफतार लूटी गई बाइक और जरूरी कागजात एवं नकदी बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर के नेतृत्व में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के क्रम में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। मुस्तैदी दिखाते हुए काकोरी पुलिस और सर्विलांस टीम ने महज 48 घंटों के भीतर लूट की दो घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इस पूरे ऑपरेशन में पुलिस के लिए 'यक्ष ऐप' मील का पत्थर साबित हुआ।

### महज एक घंटे में की थी दो लूट

बीती 19 मार्च 2026 को काकोरी इलाके में लुटेरों ने एक घंटे के भीतर दो वारदातों को अंजाम देकर सनसनी फैला दी थी

पहली घटना- हरदोई रोड स्थित रोशन लॉन के पास सुमित तिवारी से मारपीट कर उनकी बाइक (ठढ्ढ32 खड्ड 6754) और पोको मोबाइल छीन लिया गया।

दूसरी घटना-मौंदा पेट्रोल पंप के पास मनोज कुमार से उनकी स्प्लेंडर प्लस बाइक (UP32 NW 2814) और पर्स लूट दिया गया।

### 'यक्ष ऐप' और तकनीक से मिली कामयाबी

पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की जांच टीम ने घटनास्थल के आसपास के एएड्ढठु कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों की पहचान के लिए पुलिस के 'यक्ष ऐप' का उपयोग किया गया, जिससे मुख्य आरोपी अजय की पहचान हुई। सर्विलांस डेटा से पुष्टि हुई कि अजय घटना के समय दोनों स्थानों पर मौजूद था।

### घेराबंदी कर दबोचे गए अपराधी

22 मार्च 2026 की रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस टीम ने नरौना नहर मोड़ के पास घेराबंदी कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया: अजय राजपूत (22 वर्ष) पुत्र विजय निवासी दुर्गागंज, काकोरी। दीपांशु उर्फ लकी राजपूत (19 वर्ष) पुत्र मनोहर लाल निवासी हाता हजरत साहब कस्बा काकोरी। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आर्थिक लाभ के लिए एक संगठित गिरोह बनाकर इन घटनाओं को अंजाम दिया था।

पुलिस ने अभियुक्तों के पास से निम्नलिखित सामान बरामद किया है। लूट की एक मोटरसाइकिल। घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल और कागजात। लूटे गए 02 मोबाइल फोन और 590 नकद। गिरफ्तार अभियुक्त अजय राजपूत एक शातिर अपराधी है, जिस पर मलिहाबाद, दुबग्गा और काकोरी थानों में लूट, अपहरण और मारपीट जैसे आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। वहीं दीपांशु पर भी पूर्व में दो मुकदमे दर्ज पाए गए हैं।

### पुलिस टीम को नकद पुरस्कार

इस त्वरित और सफल कार्रवाई पर खुशी जाहिर करते हुए पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) ने गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में शामिल प्रभारी निरक्षक सतीश राठौर , उपनिरक्षक अंकित यादव , क0 रोहित यादव , क0 गौरव भदौरिया , क0 और सर्विलांस टीम को 10,000 रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### गिरफ्तारी करने वाली मुख्य टीम

प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर, उ0नि0 रणजीत सिंह (प्रभारी सर्विलांस), उ0नि0 अंकित यादव, उ0नि0 आशीष बालियान, उ0नि0 शैलेष प्रताप सिंह,उ0नि0प्रदीप यादव ,उ0नि0 शिवम विधूड़ी का0 वीर बहादुर,हे0का0अरविन्द कुमार सोनकर,हे0का0अजय यादव, का0अजीत सिंह सहित कई उ0नि0 ,का0 शामिल रहे ।

# मंचन के जरिए बताई जीवन की महत्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से भारतोदय संस्था द्वारा दो दिवसीय रंगमण्डलीय प्रस्तुति के अंतर्गत आज दूसरे दिन दिनांक 21 मार्च 2026 को शांति इंटर कॉलेज, भरत नगर, लखनऊ के सभागार में नाटक 'मरने के शॉर्टकट' का मंचन किया गया। नाटक का लेखन डॉ. कुमार संजय एवं निर्देशन जूही कुमारी द्वारा किया गया।

नाटक के माध्यम से कलाकारों ने दिखाया कि, क्या मुसीबतों से छुटकारा पाने का सबसे आसान तरीका आत्महत्या है? क्या आत्महत्या करने से सारी समस्याएं दूर हो जाती हैं? नहीं आत्महत्या कोई समाधान नहीं बल्कि मानव जीवन की सबसे बड़ी भूल होती है जिसे फिर मनुष्य चाहकर भी कभी नहीं सुधार सकता। नाटक अलग-अलग तरीकों से आत्महत्या करने वाले व्यक्तियों के दर्द को बयां करता है। यह सच है कि कोई खुशी खुशी आत्महत्या नहीं करता परंतु परेशानियों से छुटकारा पाने का आखिरी रास्ता भी आत्महत्या नहीं। नाटक के सभी पात्र भूत के रूप में थे जोकि आत्महत्या करके ही भूत योनि में प्रवेश किए हैं और सभी मिलकर आत्महत्या के शॉर्टकट यानी जो इंस्टेंट हो, पेनलेस हो और गारंटेड हो दर्शकों को बताने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं, जिसमें सभी भूत अपने-अपने अनुभव बताते हैं कि उन्होंने किन परिस्थितियों में किस तरह से आत्महत्या की, और पश्चाताप भी करते हैं। घबरा के कहते हैं कि मर जाएंगे, मर कर भी चैन न मिला तो किधर जाएंगे। नाटक में जूही कुमारी, अनामिका रावत, लावण्या बाजपेई, मृतुन्जय प्रकाश, उज्ज्वल सिंह, मुकुल कुमार, अभिषेक कुमार, अनूप जयसवाल, रोहित चौहान, कृष्ण कुमार पाण्डेय, आकाश मिश्रा, आशीष पांडेय, विजय सिंह, चंद्रभाष सिंह, आयुष प्रजापति, आदि कलाकरों ने जीवंत अभिनय किया। नाटक के विषय और कलाकरों के अभिनय की सभी दर्शकों ने खूब सराहना की।

# वित्त मंत्री ने लोकार्पण शिलान्यास एवं भूमि पूजन कर किया निर्माण कार्य का शुभारम्भ

❒ 2467.50 लाख की लागत से होगा मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय ग्राम पंचायत दाउद्पुर उर्फ मुरादगांव विकास खण्ड भावलखेड़ा का 2467.50 लाख की लागत से निर्माण कार्य होगा। जिसको लेकर लोकार्पण शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लोकार्पण शिलान्यास एवं भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय को कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड इकाई-06 बरेली के द्वारा निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित को गुणवत्तापूर्ण और ससमय निर्माण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में सांसद अरुण कुमार सागर, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह यादव, भावलखेड़ा ब्लाक प्रमुख राजाराम, पूर्व जिला पांचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, ग्राम प्रधान प्रेम कुमार, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह सिनसिनवार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता, सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# तक्षशिला स्कूल ने मनाया दीक्षांत समारोह, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों का किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। तक्षशिला पब्लिक स्कूल में केजी कक्षा के बच्चों का दीक्षांत समारोह मनाया गया। जिसमें बच्चों ने कई रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार एवं उनकी पत्नी सौम्या के साथ विद्यालय के निदेशक अरुण खंडेलवाल, प्रबंधक मनु खंडेलवाल, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल, उप प्रधानाचार्य केसी जोशी, पलक नील खंडेलवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती और त्यागीजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया। जबकि केजी के बच्चों ने मुख्य अतिथियों को पटका पहनाकर, बैच लगाकर और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।कार्यक्रम की शुरुआत में कक्षा केजी के बच्चों ने पंचदेव प्रार्थना, नर्सरी के बच्चों ने एरोबिक डांस ऑन फ्लोर और प्री प्राइमरी के बच्चों ने उड़ान सुनहरे सपनों कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिस पर बच्चों ने भविष्य में क्या बनेंगे, उस पर फैशन शो प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों ने एयरफोर्स, नेवी, आर्मी, पॉलिटिक्स, डॉक्टर, इंजीनियर, बिजनेसमैन, मिस वल्र्ड, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, एयर होस्टेस, खिलाड़ी, शिक्षक आदि चरित्रों को उनकी वेशभूषा के अनुसार मंच प्रस्तुति दी और भांगड़ा सहित प्रेरणादायक गीतों पर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभाग करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने कहा कि हमें आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। निरंतर प्रयास करने से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय के निदेशक अरुण खंडेलवाल ने एडीएम को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं, प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों में जितना योगदान विद्यालय का होता है, उससे कहीं ज्यादा अभिभावकों का होता है। कार्यक्रम का संचालन दिविषा, देवनया, अदिति अनुश्री, राम विनायक, आयशा, कुबेर, आरुष ,अयांश ने शिक्षक हेमंत तनेजा एवं शिक्षिका राखी श्रीवास्तव के साथ किया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्री प्राइमरी विभाग की सहसंयोजिका निधि तिवारी ने किया।

# ईद मिलन समारोह में शायरों व कवियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। मदरसा नुरुलहुदा बिजलीपूरा के प्रधानाचार्य इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास मोहल्ला अलीजई में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आपसी मोहब्बत, भाईचारे और ईद की मुबारकबाद के साथ हुई। जिसके बाद काव्य गोष्ठी में शायर एवं कवि विकास सोनी ऋतुराज ने अपनी भावपूर्ण पंक्तियों से समा बांध दिया। उन्होंने सुनाया कि पूछ बैठी मां कि लड़की है तुम्हारी दृष्टि में क्या, मौन था मैं किन्तु मन में छवि उभर आयी तुम्हारी। वरिष्ठ कवि ज्ञानेन्द्र मोहन ज्ञान ने प्रेम और जीवन के भावों को व्यक्त करते हुए कहा भले न बात करो बस मेरी नजर में रहो, यही है उम्र मेरे इश्क के भंवर में रहो। डगर है प्यार की और साथ-साथ है चलना, नहीं है फर्क महल या कि खंडहर में रहो। कवि गीतकार अजय अवस्थी अनुरागी ने कुछ इस तरह कहा कि एक पल में हवा में उड़ता दिखाई दे जाएगा, एक दिन तुम झूठ को पलड़े में सच के तौल दो। कवियों और शायरों की प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा और तालियां बजाकर उनकी रचनाओं का भरपूर आनंद लिया तथा कार्यक्रम की सराहना की। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे। अंत में मेजबान इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में प्रेम, एकता और सांस्कृतिक सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर बिलाल खान, सैयद आरिश अली, लाला, मोहम्मद वसी, मोईन खान, रेहान खान, समाज सेवी सरदार राजू बग्गा, मशहूद अली, रमेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## ईद-उल-फितर की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई



ढखेरवा-खीरी। शनिवार को सेमरा बाजार गांव में ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की। इस दौरान देश के लिए अमन-चैन, सुकून सुख-समृद्धि और आपसी भाईचारे के लिए दुआएं मांगी गईं। सुबह से ही ईदगाहों के बाहर भारी भीड़ जुटने लगी थी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। जिससे सामाजिक सौहार्द का संदेश फैला। बच्चों और युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे के घरों का दौरा किया। और सेवाइयों व मिठाइयों के साथ खुशियां बांटीं। ईद के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। इस दौरान ईदगाहों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस की कड़ी निगरानी रखी गई। ताकि लोग सुरक्षित माहौल में त्योहार मना सकें।

# सनातनी नववर्ष और आरएसएस के शताब्दी वर्ष में वाराणसी में चहुंओर पथ संचलन

❒ शहर की सड़कें स्वयंसेवकों के कदमताल से संघमय, गूंजता रहा भारत माता की जय का उद्घोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष में सनातनी नववर्ष के प्रथम उत्सव प्रतिपदा के अवसर पर रविवार को धर्म नगरी वाराणसी में स्वयंसेवकों ने तीन जगहों से पूर्ण गणवेश में पूरे अनुशासन के साथ पथ संचलन का आयोजन किया। काशी महानगर के तीनों भाग में एक साथ पथ संचलन से सड़कों पर स्वयंसेवकों के कदमताल से संघमय नजारा दिखा। इस दौरान स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर नागरिक व अन्य सामाजिक संगठन राष्ट्रभक्ति का वातावरण बनाते दिखे।

काशी दक्षिण भाग के दुर्गाकुण्ड स्थित धर्मसंघ शिक्षा मण्डल के सभागार में पथ संचलन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र सेवा प्रमुख युद्धवीर ने कहा कि शाखा पद्धति प्रत्येक प्रकार से प्रमाणित है। स्वयंसेवक को शाखा पर अटूट विश्वास होता है। संघ की यह अभिनव पद्धति स्वयंसेवकों में साहस एवं आत्मविश्वास का निर्माण करती है। वर्ष प्रतिपदा के दिन संघ के आद्य सरसंघचालक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार का जन्मदिवस है। उनके जीवन के प्रमुख बिंदुओं का उल्लेख करते हुए वक्ता ने बताया कि संघ को जानने के लिए डॉ साहब का जीवन बार–बार पढ़ना चाहिए। व्यक्ति में संस्कार उत्पन्न करने के लिए आवश्यक है कि महापुरुषों के जीवन को देख कर सीख लेनी चाहिए।

उन्होंने स्वयंसेवकों के उद्देश्य को इंगित करते हुए कहा कि स्वयंसेवक इंजन का कार्य करने वाला है। उसे आगे बढ़कर समग्र समाज को साथ लेकर चलना होगा। अपने कार्य विभाग की जिम्मेदारी पूरी करना आवश्यक है। कार्यक्रम में विभाग संघ चालक जयप्रकाश लाल, भाग संघचालक अरुण मंचासीन रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्ण गणवेश में दण्डधारी स्वयंसेवकों ने घोष के धुन पर कदमताल करते हुए पथ संचलन किया। संचलन धर्म संघ शिक्षा मंडल से निकलकर आईपी विजया चौराहा होते हुए शिवाला भदैनी, अस्सी मार्ग से लंका पहुंचकर पुनः संकट मोचन दुर्गाकुंड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर विराम लिया।

# लखीमपुर खीरी में ईद–उल–फितर का पर्व उल्लास और सौहार्द के साथ सम्पन्न

❒ डीएम-एसपी ने दी मुबारकबाद, बांटी खुशियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद में ईद-उल-फितर का पर्व परंपरा, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। जिले में अमन-चैन और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ जिला मुख्यालय स्थित गोटैय्याबाग और सुनहरी मस्जिद का दौरा किया। अधिकारियों ने मुस्लिम समुदाय को ईद की शुभकामनाएं दी और लोगों से मिलकर सांप्रदायिक सौहार्द को और मजबूत करने का संदेश दिया।

पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहे।इस अवसर पर बच्चों के बीच भी विशेष उत्साह देखने को मिला। डीएम व एसपी ने बच्चों को स्नेहपूर्वक दुलारते हुए टॉफियां और बिस्कुट वितरित किए, जिससे बच्चों के चेहरों पर खिलखिलाती मुस्कानें देखी गईं। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि यह पर्व हमें आपसी विश्वास, भाईचारे और सद्भाव को और सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।जनपदवासियों के अनुशासन, धर्मगुरुओं के सहयोग और प्रशासन-पुलिस की सतर्कता से त्योहार शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हुआ। आप सभी के सुख, शांति और समृद्धि की हार्दिक शुभकामनाएं। इस दौरान एसडीएम (सदर) अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी, तहसीलदार सदर, ईओ संजय कुमार मौजूद रहे।पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन व पुलिस पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एएसपी पवन गौतम, अमित राय एवं सभी उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। पूरे समय डीएम, एसपी अधीनस्थ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से कुशलता की रिपोर्ट लेते रहे। प्रशासनिक सक्रियता से पर्व उल्लास और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ।

# चैती मेला 24 घंटे रहेगा जगमग 6 अप्रैल तक निर्बाध बिजली

❒ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल रंग लाई, तीन फीडरों को मिली विशेष छूट

❒ चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने जताया आभार

लखीमपुर खीरी। छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ का ऐतिहासिक चैती मेला इस बार सिर्फ आस्था का नहीं, बल्कि रोशनी और व्यवस्थाओं का भी नया कीर्तिमान गढ़ने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की निरंतर पैरवी और दूरदर्शी पहल के चलते शासन ने बड़ा फैसला लेते हुए मेले में 6 अप्रैल तक 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की मंजूरी दे दी है।

अब न झिलमिलाती लाइटें बुझेंगी, न ही श्रद्धालुओं का उत्साह थमेगा। दिन हो या रात पूरा मेला क्षेत्र रोशनी से सराबोर रहेगा।बताते चलें कि 132 केवी प्राथमिक उपकेंद्र गोला से संचालित 33/11 केवी उपकेंद्र गोला टाउन के तहत आने वाले 11 केवी फीडर नंबर-1, फीडर नंबर-4 और शिव मंदिर फीडर को तत्काल प्रभाव से 6 अप्रैल 2026 की मध्यरात्रि तक निर्बाध आपूर्ति के लिए अधिकृत किया गया है।

## मेले की बढ़ेगी रौनक, कारोबार भी चमकेगा

बिजली की सतत आपूर्ति से न सिर्फ श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि दुकानदारों और व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। झूले, सजावट, प्रसाद की दुकानों से लेकर लाइटिंग तकहर कोना अब बिना रुकावट चमकेगा।

## चेयरमैन ने डीएम का जताया आभार

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ के चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने गोला वासियो की ओर से इस व्यवस्था के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इससे मेले की भव्यता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में और बढ़ोतरी होगी।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मझगई की महिला शक्ति टीम द्वारा चलाया गया जागरूकता



**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक मझगई के नेतृत्व में आज दिनांक 21.03.2026 को थाना मझगई की महिला शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## 22 मार्च को भी खुलें निबंधन कार्यालय, रजिस्ट्री कार्य रहा जारी

लखीमपुर खीरी, **कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शासन के निर्देश पर 22 मार्च 2026 (रविवार) को भी जिले के सभी निबंधन कार्यालय खुले रहेंगे और आम दिनों की तरह विलेख पंजीकरण कार्य होगा।सहायक महानिरीक्षक निबंधन अमिताभ कुमार ने बताया कि महानिरीक्षक निबंधन, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। डीएम के अनुमोदन के बाद सभी उप निबंधकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि रविवार को कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह संचालित किए जाएं। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लागू की गई है, ताकि लोगों को रजिस्ट्री के लिए अतिरिक्त समय मिल सके और लंबित कार्यों का तेजी से निस्तारण हो सके।

## महिला ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया

**हमीरपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रहने वाली एक महिला ने रविवार को पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज़ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच में जुट गई।मौदहा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भैंसता निवासी हेमलता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह लगभग तीन साल पहले कुरारा निवासी घनश्याम के साथ हुई थी। उसके पिता ने लाखों रुपये और जेवरात सहित घर गृहस्थी का सामान देकर विदा किया था। लेकिन ससुराली जन उतने दहेज से संतुष्ट नहीं थे और चार पहिया वाहन के साथ पांच लाख रुपये की मांग कर उसका उत्पीड़न कर रहे हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति घनश्याम, राजेंद्र, कमला, राधेश्याम और विनीता के विरुद्ध दहेज़ उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना कोतवाली के प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा लिखा गया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कायमगंज तहसीलदार पर भ्रष्टाचार का आरोप, भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रभारी मंत्री से की शिकायत

**फर्रुखाबाद, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले की कायमगंज तहसील में तैनात तहसीलदार विक्रम सिंह पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगने के बाद मामला गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल अध्यक्ष अचरा खलवारा ने रविवार को प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह को पत्र भेजकर तहसीलदार को तत्काल पद से हटाने और उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि तहसीलदार द्वारा दलालों और अपराधियों का एक संगठित गिरोह बनाकर आम जनता का शोषण किया जा रहा है। शिकायत के अनुसार, फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं और बाद में उन्हीं मामलों में समझौते के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है।यह भी आरोप है कि कई मामलों को जानबूझकर सरकारी पोर्टल पर दर्ज नहीं किया जाता, ताकि उच्च अधिकारियों को इसकी भनक न लग सके। तहसील में हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की सक्रिय भूमिका भी बताई गई है, जो इस कथित अवैध वसूली नेटवर्क का हिस्सा हैं।पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि बार एसोसिएशन द्वारा कई बार हड़ताल और शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# सीवान में रहस्यमय मौत : एक साथ 10 भैंसों के ढेर होने से हड़कंप, जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मीरजापुर। राजगढ़ थाना क्षेत्र के दरवान गांव अंतर्गत पचपेडिया सीवान में रविवार को एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई, जहां घास चर रही 10 भैंसों की संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पशुपालकों में दहशत फैल गई।

दरवान पचपेडिया गांव निवासी बद्री यादव, बाबूलाल यादव और लक्ष्मण यादव अपनी भैंसों को रोज की तरह चराने के लिए सीवान में ले गए थे। दोपहर तक सब कुछ सामान्य था, लेकिन शाम होते-होते अचानक भैंसें एक-एक कर गिरने लगीं। देखते ही देखते 10 भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पशुपालक बदहवास हो गए।सूचना मिलते ही राजगढ़ थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार राय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। वहीं पशु चिकित्सा विभाग की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर अन्य 4-5 बीमार भैंसों का उपचार किया, जिनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। भैंसों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। आशंका जताई जा रही है कि भैंसों ने जहरीला पदार्थ खा लिया हो या फिर कोई संक्रामक बीमारी इसका कारण हो सकती है। इस घटना से तीनों पशुपालकों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। गांव में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं और पूरे इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है।

# पलिया पुलिस ने कुर्क की अवैध रूप से अर्जित चल–अचल कुल 40,30,000 की सम्पत्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीर। पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन एवं थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में आज थाना पलिया पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 394/25 धारा 2(ख)(2)/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 मे नामित अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता नि0ग्राम थारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया जनपद खीरी द्वारा पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में बड़े स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी कर अवैध रूप से अर्जित की गई चल-अचलसम्पत्ति कुल 40,30,000/- ( चालीस लाख तीस हजार रुपये )रुपये श्रीमान जिला-मजिस्ट्रेट महोदया लखीमपुर खीरी के आदेश के क्रम में राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क की गई है । उल्लेखनीय है कि अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता नि0ग्राम थारूपुरवा मजरा मकनपुर थाना पलिया जनपद खीरीद्वारा बडे स्तर पर पलिया एवं नेपाल बार्डर क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करते हुए अवैध सम्पत्ति अर्जित की गयी है । इस गिरोह से पूर्व में अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी भी गई थी । अभियुक्त गैंग सदस्य विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता उपरोक्त द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करबड़ी मात्रा में अवैध सम्पत्ति अर्जित की गई है जिनके द्वाराकाफी धन अपनी सुख सुविधाओं में खर्च किया जा चुका है। अवैध सम्पत्ति को उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम की धारा 14(1) के तहत कुर्क किये जाने हेतु श्रीमती ख्याति गर्ग, पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद खीरी के कुशल नेतृत्व में थानाध्यक्ष कोतवाली पलिया व थानाध्यक्ष थाना सम्पूर्णानगर द्वारा अभियुक्तगण की चल-अचल सम्पत्ति की जब्तीकरण हेतु रिपोर्ट प्रेषित की गई थी । प्रेषित रिपोर्ट के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट महोदया जनपद लखीमपुर खीरी के वाद संख्या 608/2026 दिनांकित 18.03.2026 द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता पुत्र बेंचूराम व बसन्ती गुप्ता पत्नी विक्की नेपाली उर्फ विक्की गुप्ता उपरोक्त द्वारा अपराध घटित करके अवैध रूप से अर्जित की गयी चल-अचल सम्पत्ति को जब्त / कुर्क करने का आदेश निर्गत किया गया था।

उपरोक्त आदेश के क्रम में आज दिनांक 22.03.2026 को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 01 मकान जो 1100 वर्गफीट( गाटा संख्या 748 रकबा 0.664 हे0) के प्लाट जो गैंग सदस्य बसन्ती गुप्ता उपरोक्त के नाम दर्ज है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 40,30,000/- रूपया की अचल सम्पत्तिकुर्क करने की कार्यवाही सम्पादित की गई है।

# छह दिन बाद सैलून संचालक को गोली मारने के चार आरोपी गिरफ्तार, हालत स्थिर

❒ उघैती थाना क्षेत्र के गांव ईखखेड़ा में सैलून संचालक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूं। छह दिनबाद सैलून संचालक को गोली मारने के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ में पता लगा है कि आरोपियों ने प्रेम प्रसंग के चलते इस वारदात को अंजाम दिया था।

आपको बता दें कि उघैती थाना क्षेत्र के गांव ईखखेड़ा में सैलून संचालक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने गोलीकंाड के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार व अन्य सामान बरामद किया है। एसपी ग्रामीण हृदेश कठेरिया ने रविवार को दोपहर एक प्रेस वार्ता में बताया कि उघैती थाना पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए घटना का अनावरण किया। पुलिस टीम ने शनिवार को ऐपुरा मोड़ के पास से चारों आरोपियों को धर दबोचा।गौरतलब है कि 16 मार्च 2026 को गांव ईखखेड़ा स्थित हेयर सैलून में घुसकर बदमाशों ने समीर नाम के युवक को गोली मारी थी। इससे समीर गंभीर रूप से घायल हो गया था, जबकि हमलावर घटना को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गए थे। पुलिस ने विभिन्न टीमों का गठन कर घटना की जांच शुरू की। सर्विलांस, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही।वहीं एसपी ग्रामीण के मुताबिक पूछताछ में सामने आया कि घायल समीर के आरोपी मनवीर की पत्नी से विवाह से पूर्व संबंध थे। शादी के बाद भी समीर द्वारा महिला को लगातार परेशान किया जा रहा था और उससे संपर्क बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा था। इस संबंध में महिला ने अपने पति से शिकायत की थी। बताया गया कि मनवीर ने पहले समीर को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके रवैये में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद मनवीर ने अपने चचेरे भाई यशपाल व अन्य साथियों राकेश और आशीष के साथ मिलकर समीर को रास्ते से हटाने की साजिश रची। चारों आरोपियों ने सैलून में घुसकर समीर पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बाइक, दो अवैध तमंचे (315 बोर), दो खोखे, दो जिंदा कारतूस, एक चाकू तथा तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। आपराधिक पृष्ठभूमिपुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जबकि आरोपी आशीष के खिलाफ पूर्व में भी आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत हो चुका है।

# बजरंग दल ने सीकरी गेट के विवाद को लेकर दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ ज्ञापन देने के बाद बजरंग दल ने कार्रवाई की मांग की, कार्रवाई न होने दल आंदोलन की चेतावनी दी

संभल। चंदौसी के सीकरी गेट स्थित जाट कॉलोनी में हुए विवाद को लेकर बजरंग दल द्वारा आज कोतवाली चंदौसी में ज्ञापन दिया गया.पीड़िता कुसुम पत्नी तेजेंद्र शर्मा निवासी मो जाट कॉलोनी थाना चंदौसी सम्भल की रहने वाली है पीड़िता के पति कल दिनांक 20/03/2026 को रात्रि लगभग 7:45 पर अपनी गाड़ी से अपने मोहल्ले स्थित घर पर आ रहे थे तभी पहले से मौजूद रिहान खान पुत्र रियाजुल हसन निवासी जाट कॉलोनी द्वद्व गली में बीचो बीच अपनी गाड़ी ख़डी कर रखी थी।

पीड़िता के पति ने गाड़ी हटाने को कहा था तो वो गाली देने लगा ज़ब हमने इसका विरोध किया तो उसने अपने साथी रिश्तेदार आशु खान जीशान खान पुत्रगड मगरब उल हसन निवासी लक्ष्मण गंज चंदौसी एवम सिब्लू पुत्र अफाक निवासी ग्राम जनेटा थाना बनियाठेर को बुलाया वो सभी लोग अपने साथ लाठी डंडे और नुकली चीजें लेकर आये और पीड़िता के पति पर हमला करने लगे जिससे वो मौके पर ही बेहोश हो गए ज़ब पीड़िता और उसके 14 वर्षीय पुत्र यश भारद्वाज ने बव किया तो उन्हें भी उक्त युवकों ने बहुत मारा जिसकी वीडियो पीड़िता के पुत्र ने अपने मोबाइल में बना ली थी जिसे उक्त युवकों ने छीनकर तोड़ दिया और अपने साथ ले गए उक्त लोगो में आशु खान नामक युवक आपराधिक प्रवती का व्यक्ति जिसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है जिससे पीड़ित परिवार काफ़ी डरा सहमा हुआ है।

आपसे निवेदन है कि उक्त अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाही करने की कृपा करें अन्यथा बजरंग दल आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन देने वालो में विहिप नगर अध्यक्ष दीपेश गुप्ता, बजरंग दल संयोजक आशीष तूफानी, यश शर्मा गौरक्षक, समक्ष गुप्ता, अभिजीत, गौरव सक्सेना आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह और उसके साथियों पर लगेगा गैंगस्टर, जब्त होगी संपत्ति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के आरोपी अजय प्रताप सिंह और उसके साथियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है। आरोपी के मददगारों को चिह्नित कर उनकी संपत्तियों को भी खंगाला जाएगा। सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में दो अधिकारियों की हत्या के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके साथियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति जब्त की जा सकती है। करीब 20 चश्मदीदों को नोटिस भेजकर बुलाया गया है, लेकिन अब तक किसी के बयान दर्ज नहीं हो सके हैं। ईद सकुशल निपटने के बाद अब सोमवार से एसआईटी और विवेचक दोनों ही स्तर पर कार्रवाई तेज होगी। 12 मार्च को प्लांट में डीजीएम सुधीर गुप्ता व सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बेखौफ हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह ने थाने पहुंचकर खुद ही आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में पुलिस ने मुठभेड़ दिखाकर उसका चालान कर दिया। मामला तूल पकड़ने पर शासन स्तर से कमिश्नर बरेली की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय विशेष जांच कमेटी गठित की गई है। बरेली रेंज के डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि अब मूसाझाग थाने में दर्ज मामले में नामजदगी बढ़ाने के साथ ही चार्जशीट तैयार करने की कवायद तेज होगी। इसके अलावा अजय का गैंग चिह्नित कर उसके सगे-संबंधियों की संपत्ति भी खंगाली जाएगी। गैंगस्टर की कार्रवाई कर पुलिस-प्रशासन की मदद से अवैध तरीके से कमाई गई संपत्ति जब्त की जाएगी। वहीं आरोपी अजय प्रताप सिंह के राजनीतिक लोगों से बेहद करीबी रिश्तों की बात भी सामने आ रही है। अब एसआईटी इस राजनीतिक जुड़ाव की भी परतें खंगालेगी। सुगबुगाहट है कि इसीलिए बदायूं पुलिस ने इतना जघन्य हत्याकांड करने के बाद भी उसे मामूली जख्म देकर जेल में दाखिल करवा दिया। सोशल मीडिया पर इस बात के लिए बदायूं पुलिस की खिंचाई भी हुई कि उन्हीं दिनों बरेली में दोहरा हत्याकांड करने के आरोपी अफसर खान की तरह अजय का एनकाउंटर क्यों नहीं किया गया? बदायूं के तत्कालीन एसएसपी बृजेश कुमार सिंह को हटाकर महत्वहीन पद पर भेजने की वजह अजय के साथ की गई हमदर्दी मानी जा रही है।

# 2262 करोड़ से होगा वाराणसी शहर का कायाकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ सड़क खोदी तो होगी एफआईआर-बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए नगर निगम के सदन ने दी वित्तीय वर्ष 2026-27 में अनुमानित बजट को हरी झंडी

वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी ) की गलियों और सड़कों को बेतरतीब तरीके से खुदाई को नगर निगम प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। अब पीडब्ल्यूडी, गेल, बिजली, केबल जैसे अन्य कोई भी विभाग बगैर अनुमति सड़क खोदेंगे, तो उनके खिलाफ सीधे मुकदमा (एफआईआर) दर्ज होगा।महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में रविवार को मैदागिन स्थित टाउनहाल भवन में आयोजित मिनी सदन की बैठक में यह निर्णय लिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2262.42 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट को भी हरी झंडी मिल गई, जो शहर के बुनियादी ढांचे को नई ऊंचाई देने वाला है। इसमें नगर निगम 1949.40 करोड़ तथा जलकल विभाग का 313.02 करोड़ रुपये का अनुमानित बजट शामिल है।शहर की सूरत बदलने और जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए इस बार कई प्रमुख मदों में बजट की राशि को काफी बढ़ाया गया है। विकास कार्यो की गति तेज करने के लिए निगम ने राजस्व और विकास के खर्चों में जो बढ़ोतरी की है। इसका सीधा असर आम नागरिक के जीवन पर पड़ेगा। इस बजट में आम नागरिकों से जुड़ी सुविधाओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए डोर-टू-डोर कूड़ा उठान और यूजर चार्जेस मद में 66.17 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया है, ताकि सफाई व्यवस्था में आधुनिक मशीनरी का उपयोग बढ़ाया जा सके। शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए जलकल के मद में 313.02 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। अंधेरी गलियों को रोशन करने के लिए विद्युत एवं ऊर्जा मद में 21 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।बजट सत्र के दौरान सदन का माहौल काफी सकारात्मक रहा। उपसभापति नरसिंह दास ने जैसे ही बजट प्रस्ताव पेश किया, पार्षदों ने चर्चा शुरू की। पार्षद सुरेश चौरसिया, सिंधु सोनकर, इंद्रेश कुमार और राजेश यादव चल्लू सहित अन्य सदस्यों ने शहर की समस्याओं को सामने रखा। चर्चा के दौरान कुओं की सफाई, पार्कों के रखरखाव और कूड़ा उठाने वाले कर्मचारियों के समय से भुगतान जैसे विषयों पर पार्षदों ने अपने सुझाव दिए। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने सभी पार्षदों की बातों को ध्यान से सुना और सदन के पटल पर बिंदुवार स्पष्टीकरण देते हुए आश्वस्त किया कि शहर के विकास में किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होगा।–घर-घर पहुंचेगा शुद्ध पानी, सीवर नेटवर्क होगा और मजबूतशहर की प्यास बुझाने और सीवेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए जलकल विभाग ने इस वर्ष अपने बजट में विशेष प्रावधान किए हैं। जलकल के कुल बजट में से जलकल विभाग के लिए 313.02 करोड रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। शहर के पुराने इलाकों में सीवर चोक होने की समस्या को देखते हुए इस बार संचालन एवं रखरखाव मद में भारी बजट रखा गया है। साथ ही अमृत योजना के तहत बिछाई गई नई सीवर लाइनों के मेंटेनेंस के लिए भी फंड बढ़ाया गया है।–मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहणबैठक की शुरुआत सुबह 11:15 बजे हुई। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सबसे पहले शासन द्वारा नामित दास पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में कमलेश पाल, रामशंकर सिंह पटेल, संजीव चौरसिया, संतोष शोलापुरकर, मनोज यादव, कृष्ण कुमार, अंकुर मेहरोत्रा, मुन्ना सरोज, सत्यनारायण साहनी और सुधीर कुमार त्रिपाठी शामिल थे।

## एसएसपी ने भी बनाई विशेष जांच टीम

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो अफसरों की हत्या के मामले में एसएसपी अंकिता शर्मा ने भी एक विशेष जांच टीम का गठन किया है। इसमें क्राइम ब्रांच की अलग-अलग शाखा के तैनात तीन इंस्पेक्टर शामिल हैं। टीम के पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सीओ सिटी को दी गई है। टीम ने घटनास्थल पर जाकर जांच की। मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने बताया कि घटना के चश्मदीदों व अन्य संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया है। साक्ष्य संकलन का काम भी जारी है। बयान और साक्ष्यों के आधार पर जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर जांच रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

## जिला उपाध्यक्ष बनने पर संत गाडगे उत्थान समिति ने शाल उड़ाकर फूल मालाओं से किया भव्य स्वागत

**बदायूं,कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** संत गाडगे उत्थान समिति के द्वारा नेकपुर स्थित छात्रावास में बैठक संपन्न हुई। जिसमें संत गाडगे की मूर्ति पर माल्यार्पण कर संत गाडगे उत्थान समिति ने उदयवीर दिवाकर के भाजपा जिला उपाध्यक्ष बनने पर शाल उड़ाकर फूल मालाओं से स्वागत किया। संत गाडगे उत्थान समिति ने कहा कि हमारे समाज के साफ सुथरी छवि और मेहनती कार्यकर्ता होने से भाजपा संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। जिससे समाज सुधारक संत गाडगे के विचारों को आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष उदयवीर दिवाकर के सम्मान समारोह में समिति के संरक्षक श्रीपाल वर्मा एडवोकेट, डीपी भारती, अध्यक्ष सुरेश माथुर, मंत्री नीरज कुमार दिवाकर, श्याम पाल माथुर,राम नरेश, अनूप कुमार, दिनेश माथुर, प्रमोद वर्मा,मनोज दिवाकर ,दिलीप कनौजिया, कुंवर पाल वर्मा, ओंकार सिंह, संतोष वर्मा,तेजपाल वर्मा, भानपाल दिवाकर प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य भी मौजूद रहे।

## संभल में कार और टैंपो की भिड़ंत में तीन की मौत

**संभल,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में जनपद संभल के धनारी थाना क्षेत्र में आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर रविवार शाम को कार और टैंपो की टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी।क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि टैंपो में करीब 10 से 12 सवारियां बैठकर बहजोई की ओर जा रही थीं। गांव उधरनपुर के पास सामने से आ रही कार से टैंपो की टक्कर हो गई। दोनों वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए और सवारियों में अफरा-तफरी वाहन में फंस गई।घटना की सूचना मिलते ही धनारी थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई भिजवाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सभी मरीजों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस हादसे में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।क्षेत्राधिकारी ने बताया कि हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान न होने पर शव पोस्टमार्टम में रखवाकर शिनाख्त की जा रही है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजकर घटना की जानकारी परिवार को दे दी हैं।

## जोन स्तरीय पुलिस बास्केटबॉल व हैंडबॉल प्रतियोगिता शुरु

**बांदा,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में पुलिस लाइन में रविवार को 29वीं प्रयागराज जोन की 3 दिवसीय अंतरजनपदीय पुलिस बास्केटबॉल एवं हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज ने खिलाड़ियों से मान-प्रणाम ग्रहण कर किया।इस अवसर पर एएसपी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए पूरी खेल भावना, उत्साह और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और आपसी समन्वय भी मजबूत करते हैं।तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के 7 जनपदों—बांदा, महोबा, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर और प्रतापगढ़—की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी लाइन मेविस टॉक, क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह, क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह, क्षेत्राधिकारी कार्यालय अखिलेश राजन तथा प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन बांदा बेलास यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## कौटिल्य परिषद की चिंतन बैठक एवं फलाहार कार्यक्रम संपन्न

**गोरखपुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के जर्नलिस्ट प्रेस क्लब सभागार में कौटिल्य परिषद द्वारा आयोजित चिंतन बैठक एवं फलाहार कार्यक्रम सामाजिक सरोकारों और संगठनात्मक एकजुटता का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और उसके समग्र उत्थान को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण बिहारी दुबे ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण कुमार त्रिपाठी एवं राणा पाठक ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों से आए वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए कहा कि बदलते सामाजिक परिदृश्य में ब्राह्मण समाज का एक बड़ा वर्ग हाशिए पर पहुंचता जा रहा है, जिसे मुख्यधारा में लाने के लिए संगठित और योजनाबद्ध प्रयासों की आवश्यकता है।वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सम्मान और सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए इस बात पर जोर दिया कि दलीय राजनीति से ऊपर उठकर समाजहित में कार्य करना समय की मांग है। सभी ने एक स्वर में एकजुटता का संकल्प लेते हुए समाज के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 3800 किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी करने वाले ज्ञान पाण्डेय का सम्मान रहा। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उन्हें माला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, साहस और संकल्प की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।इसके अतिरिक्त जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के नव-निर्वाचित अध्यक्ष ओंकार धर दुबे को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों—रत्नेश्वर शुक्ला, शेष नारायण पाण्डेय, राजेंद्र त्रिपाठी, विश्वजीत त्रिपाठी, शशांक त्रिपाठी, अभिमन्यु पाण्डेय, जितेन्द्र धर दुबे, शिव सम्पत पाण्डेय एवं पी.एन. भट्ट—को भी शाल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर शिवाजी शुक्ल, सत्य प्रकाश पाठक, कृतिनिधि पाण्डेय, रत्नेश पाठक, परमात्मा धर दुबे, संतोष मिश्रा, सोनू शुक्ला, रंग बिहारी पाण्डेय सहित कौटिल्य परिषद के अनेक सदस्य एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सौहार्द, एकता और सकारात्मक चिंतन का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने ब्राह्मण समाज की एकता, प्रगति और उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। साथ ही सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार और युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई गई।

# रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के 9 वर्ष पूर्ण पर गोष्ठी एवं प्रदर्शनी आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री सत्यपाल सिंह सैनी द्वारा फीता काटकर पंचायत सम्मेलन का किया शुभारम्भ

सम्भल, बहजोई। उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत नौ वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण,प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/ संवाद सम्मेलन का आज ( 18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक )आयोजित होने वाले कार्यक्रम के अन्तर्गत आज पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में पंचायत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा की गयी एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी रहे। अतिथि गण में जिला महामंत्री भाजपा श्री मनोज कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष भाजपा विकास वार्ष्णेय, जिला सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ अनिल कुमार,भाजपा नगर अध्यक्ष बहजोई ललित मोहन शर्मा, अभय पाल सिंह एवं राज किशोर मौर्य रहे।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा पंचायती राज विभाग के तत्वावधान में आयोजित किये जा रहे पंचायत सम्मेलन का फीता काटकर शुभारम्भ किया।विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जिसमें उद्यान विभाग, पीएम सूर्य घर योजना, आईसीडीएस विभाग ,पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग,उद्योग विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लगायी गयी स्टालों का मुख्य अतिथि एवं अतिथि गणों द्वारा अवलोकन किया । मुख्य अतिथि एवं अतिथि गणों द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं तथा नव निर्माण के अभूतपूर्व 9 वर्ष की उत्तर प्रदेश की उपलब्धियों तथा जनपद की उपलब्धियों से संबंधित लगायी गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया एवं प्रदर्शनी की सराहना की।

कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि एवं अतिथि गणों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत हीरादेवी तोता राम कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये तथा लखनऊ से आये नुक्कड़ नाटक के कलाकारों द्वारा उत्तर प्रदेश के नव निर्माण की 9 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर गीत तथा स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण) , निपुण भारत मिशन से संबंधित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश बदल रहा है आगे बढ़ रहा है। माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी का जो संकल्प है कि 2047 तक विकसित भारत हो उसका रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जाता है उसके लिए जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत को तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि विकास हम सभी के प्रयास से ही होगा।सरकार के कदम से कदम मिलाकर के प्रत्येक परिवार को परिश्रम की ओर उन्मुक्त करने का उत्तरदायित्व ग्राम प्रधानों का है।उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों का दायित्व है कि आवास से आजीविका की ओर गांव को लेकर जाएं हर गरीब परिवार में लखपति दीदी बनाएं और उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा को भी हमें मजबूत करना है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा श्रम विभाग की प्रमुख योजनाओं के विषय में भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सत्यपाल सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि मुरादाबाद में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय का निर्माण माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में हुआ है जिससे आसपास के क्षेत्र में शिक्षा को मजबूती मिलेगी और उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जो कि जनपद संभल से भी होकर गुजर रहा है इससे इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे और यह जनपद के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने ग्राम विकास योजना के विषय में भी बताया साथ ही उन्होंने विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ( ग्रामीण) अधिनियम वीबी जी राम जी एक्ट को लेकर भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण योजना है जिसके अंतर्गत जहाँ पहले 100 दिन का रोजगार मनरेगा के अन्तर्गत प्राप्त होता था वहीं इसके अंतर्गत 125 दिन का रोजगार प्राप्त होगा। इसमें बेरोजगारी भत्ते का भी प्रावधान है।जिस प्रकार देश को विकसित करने का संकल्प लिया गया है उसी प्रकार से ग्राम पंचायत को सभी ग्राम प्रधान विकसित करें विकसित के साथ-साथ उसको आत्मनिर्भर भी बनाना होगा आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्रोत भी खोजने होंगे और उन्होंने कहा ग्राम के विकास के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं।

# संभल में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, फिंगरप्रिंट स्कैनर, लैपटॉप बरामद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

संभल । उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की बहजोई कोतवाली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड बनाने और उनमें संशोधन करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मौके से आठ फर्जी आधार कार्ड, लैपटॉप, फिंगरप्रिंट स्कैनर सहित कई उपकरण बरामद किए हैं। यह कार्रवाई आधार कार्ड संशोधन आईडी को हैक कर अवैध रूप से काम करने वाले गिरोह के खिलाफ की गई है। पुलिस इस मामले में फरार चार अन्य आरोपितों की तलाश कर रही है।रविवार को संभल की बहजोई कोतवाली पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में इनकी गिरफ्तारी का खुलासा किया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और बहजोई के पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जनता से शिकायतें मिलने के बाद बहजोई पुलिस ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान जसवीर कुमार, हरीश और विल्टू को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने किसी अन्य केंद्र की आईडी हैक कर ली थी और अज्ञात स्थानों से अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने का काम कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से भारी मात्रा में उपकरण जब्त किए हैं और सुसंगत धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए हैं। अभियुक्तों से पूछताछ जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

आरोपित किसी मुख्य आईडी को हैक करके उसका इस्तेमाल कर रहे थे। वे इंटरनेट के माध्यम से किसी अज्ञात स्थान पर बैठकर इन आईडी का प्रयोग कर रहे थे, पूछताछ में पता चला है कि वे एक विशेष सॉफ्टवेयर के जरिए सिस्टम में सेंध लगाते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि उन्होंने सिर्फ एक ही आईडी हैक की थी या अन्य राज्यों/ स्थानों की आईडी का भी इस्तेमाल किया गया है। फरार साथियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता : एसएसपी अंकिता शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




बदायूँ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक अत्यंत प्रभावी एवं जनकल्याणकारी पहल के रूप में निरंतर सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। सरकार की इस सराहनीय एवं दूरदर्शी पहल के क्रम में जनपद बदायूँ में भी व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनसे समाज में महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच एवं सुरक्षा का वातावरण सुदृढ़ हो रहा है। रविवार को सुबह एसएसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन व नेतृत्व में जनपद बदायूँ के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम एवं एण्टी रोमियो टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु रिजर्व पुलिस लाइन, बदायूँ से भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक यह संदेश पहुंचाना था कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर आमजन को महिलाओं के प्रति सम्मानजनक एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके विधिक अधिकारों, आत्मरक्षा के उपायों एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090, 1098 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बदायूँ पुलिस द्वारा आयोजित इस रैली को आमजन का व्यापक समर्थन प्राप्त हुआ तथा लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण के इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में विश्वास, सुरक्षा एवं सहयोग की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं। जनपद बदायूँ पुलिस द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं के प्रति सुरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# खेतों में लगाई बाड़,फिर भी किसानों को फसलों को बचाना मुश्किल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में छुट्टा जानवर किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गए हैं।लोग पशुपालन से दूर हो रहे हैं, जिससे जानवर खेतों में घुसकर फसलों को नुक सान पहुंचा रहे हैं। सरकार ने गोशाला तो बनाई है, लेकिन इससे कोई स्थायी...गोंडा में छुट्टा जानवरों का आतंक गोवंश की भूमिका कृषि, अर्थव्यवस्था, समाज,धर्म और चिकित्सा में महत्वपूर्ण है।लेकिन बदलते परिवेश में लोग पशुपालन से दूर होते जा रहे हैं।यही वजह है कि जानवरों को लोग छुट्टा छो ड़ देते हैं, जो आम आदमी, किसान और राहगीरों की समस्या बनते जा रहे है। खेत से लेकर शहर तक बड़ी संख्या में छुट्टा गोवंश सड़कों पर घूमते नजर आ जाएंगे।जाहिर सी बात है सड़क पर छुट्टा जानवर होने के कारण दुर्घटनाएं भी होती हैं। बीते कई सालों में कई बाइक व कार सवार दुर्घटनाग्रस्त होकर अपनी जान भी गंवा चुके है।कई जगहों पर

किसान मचान बनाकर अपनी फसलों की रखवा ली करते हैं। छुट्टा गोवंश का



मुद्दा उठा तो कई बार लेकिन हकीकत यह है कि अभी तक आम लोगों और किसानों को इनके आतंक से छुटकारा नहीं मिला। किसान अगर रखवाली न करे तो उसे अन्न का एक दाना भी मिलना मुश्किल है।सरकार द्वारा गोवंश आश्रय स्थल की व्यवस्था जरूर की गई है लेकिन वह ऊंट के मुंह में जीरे की तरह ही है। अब तो छुट्टा जानवरों के डर से लोग खेती करने से क तरा रहे हैं।खेती न होने से कई हेक्टेयर भूमि परती रह जा रही है। छुट्टा जानवरों को पकड़ने का कोई सार्थक कदम अभी तक नहीं उठाया जा सका है, जिसकी जरूरत है। छुट्टा पशुओं से किसान बेहाल हैं। जिम्मेदार बेपरवाह बने हुए हैं।बेसाहरा पशुओं से बचाव के लिए हालांकि गोशाला बनाई गई है, लेकिन पशुओं के झुंड खेतों में पहुंचकर लगी फस लों को नष्ट कर रहे हैं।किसान फसलों की रखवा ली में दिन-रात जुटे रहते हैं।इसके बावजूद भी अ पनी गाढ़ी कमाई की फसलों को नहीं बचा पा रहे हैं झंझरी ब्लॉक क्षेत्र में बेसाहरा पशुओं का आतं क कुछ ज्यादा ही है।बेसाहरा पशुओं के झुंड के झुंड घूमते नजर आ रहे हैं। इन झुंडों में अधिकांश जानवर हिंसक हो चुके हैं। झंझरी ब्लॉक क्षेत्र के माधवपुर राय गाँव में छुट्टा जानवरों का आतंक है

इस दर्जनों किसानों ने बताया कि रात को खेतों में छुट्टा पशुओं के झुंड आ जाते हैं।फसलों को चरक र व पैरों से रौंदकर चले जाते हैं।सुरक्षा के लिए खे त के चारों ओर तारों की बाड़ लगा रखी है, लेकिन पशुओं के झुंड तारों के बाड़ को लांघकर खेतों में घुस जाते हैं। जब तक खेत में लोग पहुंचते हैं तब तक पशुओं के झुंड फसलों को नष्ट कर देते हैं। अ गर इन बेसाहरा पशुओं की समस्या का कोई स्था यी समाधान नहीं निकाला गया तो फसलों को कि सान नहीं बचा पाएंगे।छुट्टा पशुओं को पशु आश्रय केंद्र पहुंचाने के लिए भले ही सरकार व प्रशासन लगातार निर्देश दे रहे हैं,लेकिन शहर से लेकर गांव तक छुट्टा पशु किसानों व आम लोगों के लिए मुसी बत बने हुए हैं।शहर में जहां छुट्टा पशुओं की वजह से आए दिन जाम लग रहा है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद छु ट्टा पशुओं को रखने के लिए पशु आश्रय केंद्र बन वाए गए हैं। छुट्टा पशु चौराहों सहित अन्य स्थानों पर झुंड में बैठ जाते हैं, जिसके कारण आए दिन जाम की समस्या पैदा हो रही है। यही नहीं पटरी दुकानदारों के लिए भी छुट्टा पशु मुसीबत बने हुए हैं।दुकानदार इन्हें हटाने का प्रयास करते हैं तो पशु उन्हें मारने के लिए दौड़ा देते हैं। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं के चलते किसानों को काफी दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है। पशु फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए खेतों की रखवाली करनी पड़ रही है।

### रखवाली के बाद छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे फसल

किसानों की नियति में ही बर्बादी लिखी हुई है।इस क्षेत्र के किसानों की स्थिति यह है कि उनकी खरीफ की फसल जहां बे मौसम बारिश ने बर्बाद कर दी थी, वहीं रबी व जायद की फसलो को छुट्टा पशु बर्बाद कर रहे हैं।खून-पसीना एक कर फसल तैया र कर रहे किसान इस बर्बादी से चिंतित हैं। क्षेत्र के किसानों की फसलों को छुट्टा जानवर बर्बाद कर रहे हैं। बर्बाद हो रही फसल को देख अब किसानों का खेती से मोह भंग हो रहा।क्षेत्र के तमाम किसा नों का कहना है कि आमतौर पर खरीफ की फस ल बरसात के मौसम में खराब हो गई थी। लेकिन किसान की सारी आशा रबी की फसल पर टिकी होती है।इस बार नीलगाय,छुट्टा पशु तेजी से कि सानों की फसलों को चट कर रहे हैं,रुपईडीह ब्लॉ क, झंझरी ब्लॉक,ब्लॉक परसपुर, कटरा ब्लॉक में ब्लॉक पड़री कृपाल,ब्लॉक मुजेहना मे गोशालाएं मौजूद होने के बावजूद भी क्षेत्र में छुट्टा और बेसहा रा जानवर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं,जिले में कु छ गोशालाओं की स्थिति काफी बुरी है। इतना ही नहीं इन गोशालाओं में पूर्व में जो जानवर रखे गए थे संख्या उससे काफी कम हो रही है। गोशालाओं में पशुओं की कमी क्यों हो रही है यह चिंतनीय है।

### दूध नहीं देने वाली गायों को गोशाला में छोड़ रहे

जब तक गाए दूध देती है तब तक किसान उसे घर में पालता है जैसे ही गाय दूध देना बंद करती है,कि सान उसे गोशाल या खेतों में छोड़ देता है।मना कर ने पर गोशाला में काम कर रहे मजदूरों से झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। बेसहारा पशुओं को पशुओं को किसान हांक कर यहीं ले आते हैं। जग ह कम होने से पशुओं को रखने की समस्या होती है।

### तेजी से हो रहा है युवाओं का पलायन

जिन इलाके में खेती ही भी रही है यह घाटे का सौ दा साबित हो रही है।यही वजह जह है कि युवा प लायन कर रहे है। गांव में इनके सामने रोजी रोटी की समस्या है।गांव में लगभग हर घर से एक बाहर के राज्यों में नौकरी कर रहा है।करनैलगंज ब्लॉक के एक गाव के किसानों ने बताया कि छोटा जानव र से फैसले बर्बाद हो हो गईं है,ग्रामीण क्षेत्रों में खे तों में बेसहारा पशुओं का जमघट किसानों के लिए चुनौती है।बेसहारा पशु फसलों को नष्ट कर रहे हैं। छुट्टा जानवर की अनवरत वृद्धि होने के कारण कि सान परेशान हैं। वही कही-कही पर तो छुट्टा पशु झुंड में खेतों में पहुंच रहे हैं और फसल बर्बाद कर दे रहे हैं।छुट्टा पशुओं के कारण काफी परेशानी उ ठानी पड़ रही है।दिन में तो किसी प्रकार फसलों की रखवाली हो जाती है, लेकिन रात के समय में फसल बचाना मुश्किल हो रहा है।छुट्टा पशु, विशेष कर गेहूं और दलहनी फसलों को नष्ट कर देते हैं, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हों रहा है कुछ मामलों में,छुट्टा पशु किसानों पर हमला कर सकते हैं, जिससे उन्हें चोटें लग जाती हैं।

# गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे 21 करोड़ बैंक घोटाले के आरोपी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । कोऑपरेटिव बैंक में इक्कीस करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के मामले में तेरह आरोपी 71 दिन बाद भी गोंडा पुलिस को ढूंढे नहीं मिल रहे हैं सभी आरोपी मोबाइल बंद करके फरार है।गोंडा पुलिस मोबाइल बंद होने के कारण उनकी लोकेशन नहीं निकाल पा रही है।बैंक घोटाले के मामले में सोलह आरोपी बनाए गए थे,पुलिस ने मुख्य आरोपी सहि त अब तक तीन लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है,हालांकि पुलिस टीमें अन्य जिलों में आरो पियों को पकड़ने के लिए दबिश दे रहीं हैं।पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिर फ्तार कर लिया जाएगा।लेकिन आज 71 दिन बी त गए है अभी तक तेरह आरोपी गोंडा पुलिस की पकड़ से दूर है।कोऑपरेटिव बैंक की स्टेशन रोड़ महारानीगंज शाखा में इक्कीस करोड़ सैतालीस लाख 78 हजार रुपये के बड़े घोटाले का राजफाश



हुआ था।इसके बाद महाप्रबंधक की तहरीर पर सो लह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी,इस मामले में तीन तत्कालीन शाखा प्रबंधक प वन पाल,अजय कुमार और सुशील कुमार,कैशियर पवन कुमार के अलावा की खाताधारक में से गोंडा जिले क़ेएक बीजेपी विधायक क़े करीबी के नाम एफआईआर दर्ज किए गए थे। इस मामले में पुलि स ने तेजी दिखाते हुए प्रबंधक पवन पाल सहित

तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वही विवेचक सभाजीत सिंह मामले से संबंधित आव श्यक दस्तावेजों समेत अन्य पहलुओं की बारीकी से जांच कर अन्य आरोपियों की गिर फ्तारी के लगातार प्रयास कर रहे हैं।बताया जाता है कि मामले में अन्य तेरह फरार आरोपियों ने पु लिस से बचने के लिए मोबाइल बंद कर रखा है।जिससे उनकी लोकेशन का सटीक पता नहीं च ल रहा है,मोबाइल नंबर बंद होने के कारण पुलिस को आरोपियों की लोकेशन नहीं मिल पा रही है। नगर कोतवाली के अपराध निरीक्षक सभाजीत सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। आरोपियों का कोई पता नहीं लग रहा है ना तो इनकी लोकेशन मिल रही है । जल्द ही पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई कर सकती है।

# योगी सरकार में जर्जर सड़क बनी मुसीबत गड्ढा-गड्ढा मुक्त योजना के दावे फ़ेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । सरकार द्वारा चलाई जा रही गड्ढा मुक्त सड़क योजना के दावे जिले में पूरी तरह खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला विकासखंड क टरा बाजार क्षेत्र का है,जहां दुबहा बाजार से कोटि या मदारा होते हुए गंगवल बाजार और आगे बहरा इच को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क बदहाल स्थि ति में पहुंच चुकी है।लगभग पांच किलोमीटर लंबी इस सड़क पर करीब पांच सौ से अधिक गड्ढे हो चु के हैं,जिससे राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है।यह मार्ग न सिर्फ स्थानीय गांवों को जोड़ता है, बल्कि बहराइच जिले तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता भी है।प्रतिदिन हजारों लोग इसी सड़क से आवाग मन करते हैं, लेकिन इसकी जर्जर हालत लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले करीब दो



वर्षों से सड़क की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।हल्की बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है,जिससे गड्ढे दिखाई नहीं देते और दुर्घ टना का खतरा और बढ़ जाता है।सबसे ज्यादा दि क्कत स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है।स्कूल आने-जाने के दौरान कई बच्चे गड्ढों में गिरकर चो टिल हो चुके हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।ग्रामीणों का आरो प है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद सड़ क की मरम्मत नहीं कराई गई।लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण या मरम्मत की मांग की है, ताकि आवागमन सुरक्षित और सुगम हो स के,अब देखना होगा कि जिम्मेदार विभाग कब त क इस गंभीर समस्या पर ध्यान देता है या फिर ग ड्ढा मुक्त सड़क के दावे यूं ही कागजों तक सीमित रहेंगा।

# भाजपा ने 31 सदस्यीय जिला पदाधिकारी टीम घोषित की मिशन -2027 के दृष्टिगत अहम भूमिका निभाएगी नई टीम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सुल्तानपुर जिले की 31 सदस्यीय जिला टीम की घोषणा कर दी है। यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति के उपरांत पार्टी जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी द्वारा की गई है। घोषित जिला पदाधिकारी टीम में विभिन्न पदों पर सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए युवा, अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और सशक्त बनाने की रणनीति स्पष्ट नजर आती है। जिला टीम में विजय सिंह रघुवंशी को विगत 15 वर्षों में लगातार पांचवीं बार मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वही जिला उपाध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र कुमार, आनन्द द्विवेदी, डॉ.प्रीति प्रकाश, आलोक कुमार, आशीष सिंह, अखिलेश जायसवाल, चन्दन नारायण सिंह,रामेन्द्र सिंह



ल्लराणाल्ल,जिला महामंत्री पद पर संदीप सिंह, विजय प्रताप त्रिपाठी, अयोध्या वर्मा, जिला मंत्री पद पर प्रदीप शुक्ला, मनोज मौर्य, मनोज श्रीवास्तव, रेखा निषाद, दिनेश चौरसिया, अरुण जायसवाल, राजेश दूबे ल्लनिर्माणल्ल व शिवशंकर सरोज को बनाया गया है। वही जिला कोषाध्यक्ष गीता गुप्ता व सहकोषाध्यक्ष रचना अग्रवाल को बनाया गया है। जिला कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी राजेश सिंह व सहकार्यालय मंत्री आकाश जायसवाल को दी गई है। जिला मीडिया प्रमुख की जिम्मेदारी विजय सिंह रघुवंशी एवं सहमीडिया प्रभारी राहुल भान मिश्रा व अतुल कुमार सिंह को बनाया गया है। जिला सोशल मीडिया अरुण कुमार दूबे व सहसोशल मीडिया प्रदीप रावत तथा जिला आईटी संजय उपाध्याय जिला सहआईटी कुसुमलता मौर्य व राजीव सिंह को दी गई है। 31 सदस्यीय जिला टीम में 12 पदाधिकारियों को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद की है कि यह टीम मिशन 2027 के दृष्टिगत बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने,जनसंपर्क बढ़ाने,सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाएगी।नई टीम की घोषणा के बाद जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर बधाई दी है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

# धूमधाम से मनाया गया चेटी चंद्र महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । भगवान झूलेलाल का अवतरण दिवस (चेटी चंड महोत्सव) संत आसुदा राम आश्रम में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।सिंधी समाज के प्रव क्ता किशन राजपाल ने बताया कि इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कि या गया।कार्यक्रम में शाम सात बजे से श्रद्धालु ओं का आना शुरू हो गया।जो कि देर रात कार्यक्रम के अंत तक निरंतर चलता रहा।कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस डांस व नाटक के साथ प्रभु झूलेलाल की महा आरती का भी आयोजन किया गया सांस्कृति क कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस में दो से सात साल के बच्चों ने एवं नृत्य एवं नाटक कार्यक्रम में सात साल के ऊपर के बच्चों ने भाग लिया।फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में रजत लखमानी,दित्विक रायतानी,सिंधुजा, लक्षि ता रायचंदानी,मनस्वी रावलानी ने भाग लिया।नृत्य एवं नाटक




कार्यक्रम में मान्यता रायचंदानी,अवनी नेभानी,कृपा, जिया धनकानी, मिशा सिंधी,पार्थ हिमांशी मनध्यान आदि लोगों ने भाग लिया,नृत्य व नाटक में मां काली,अटूट नारी,टूइंग ग्रेस,झूलेलाल हरमनी,देवी शक्ति एवं धूम मचाले ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया,कार्यक्रम के पश्चात आए हुए सभी श्रद्धालुओं के साथ महाआरती की गई। महा आरती में आए हुए सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।पूरे कार्यक्रम में महाआर ती मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।आयोजक मंडल में साक्षी नेभानी, कीर्ति कलानी, समता धनकानी, रेनू रायतानी,आशा मध्यान, धृता मनध्यान, स्वाति नेभानी,गरिमा खत्री,पूजा रायतानी,सलोनी वालेचा आदि लोग मुख्य रूप से शामिल रहे।

# दिन दहाड़े फायरिंग करना युवक को पड़ा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले की उमरी बेगमगंज पुलिस ने दिनदहा ड़े खुलेआम फायरिंग करने के आरोपी बांके उर्फ शिव ओंकार यादव को रविवार को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह कार्रवाई आशीष पांडे की तहरीर के आधार पर की गई है।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक बारह बोर का अवैध तमंचा और एक खोखा कार तूस बरामद किया है।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि आशीष पांडे के परिवार ने उसके पिता की हत्या की थी, जिसके लिए उन्हें सजा भी हुई थी। तभी से दोनों परिवारों के बीच विवाद चल रहा है।दरअसल, यह घटना कल शनिवार को अम दही पूरे काजीपुरवा में हुई थी।पुरानी रंजिश के च लते आरोपी बांके उर्फ शिव ओंकार यादव ने आ शीष पांडे पर फायरिंग की थी। पूरी घटना सीसीटी वी कैमरे में कैद हो गई थी।आशीष पांडे एक ट्रैक्ट र से लकड़ी खींचकर ले जा रहे थे, तभी आरोपी बांके उर्फ



शिव ओंकार यादव ने उन्हें देखा।उसने अपनी मोटरसाइकिल की डिग्गी से असलहा नि कालकर लोड किया और आशीष पांडे पर गोली चला दी।हालांकि, आशीष पांडे बाल-बाल बच गए।आशीष पांडे ने उमरी बेगमगंज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।उमरी बेगमगंज थानाध्यक्ष गोविंद कुमार ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और आशीष पांडे की तहरीर के आधार पर आरोपी बांके उर्फ शिव ओंकार यादव के खिलाफ फायरिंग और जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।आरोपी को जेल भेज कर पूरे मामले को लेकर की उमरी बेगमगंज थाने की पुलिस द्वारा आगे जांच करके कार्रवाई की जा रही है।

# योगी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर भव्य आयोजन विकास योजनाओं का प्रस्तुत हुआ रिपोर्ट कार्ड

## प्रभारी मंत्री ने सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में किया विस्तृत उद्बोधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को पंडित रामनरेश त्रिपाठी सभागार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ल्लसंकल्प से सिद्धि, सुरक्षा, सुशासन व समृद्धिल्ल थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 11 वर्ष और राज्य सरकार के 9 वर्ष की उपलब्धियों को लघु फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर मंच पर मौजूद रहे। उनके साथ एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विनोद सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रकाश सिंह, अमेठी जिला अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्रा तथा मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को मंच से चेक वितरित किए और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का विस्तृत लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेस-वे निर्माण के क्षेत्र में रिकॉर्ड स्थापित हुआ है तथा लगभग 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां देकर उनके भविष्य को संवारने का कार्य किया गया है। वहीं 5 लाख से अधिक युवाओं को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया है।

अपने संबोधन में ओम प्रकाश राजभर ने कानून व्यवस्था को मजबूत बताते हुए अपराधियों पर की गई सख्त कार्रवाई को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही उन्होंने विपक्ष, विशेषकर अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वे केवल



अफवाह फैलाने का कार्य करते हैं। मथुरा की घटना को लेकर उन्होंने स्पष्ट किया कि वह हत्या नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना का मामला था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष दिन में भाजपा का विरोध करता है और रात में डैमेज कंट्रोल की कोशिश करता है। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर भी राजनीतिक टिप्पणी की गई और कांग्रेस के साथ उनके संबंधों पर सवाल उठाए गए। प्रभारी मंत्री ने जिले और नगर में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए नगर पालिका परिषद द्वारा कराई गई योजनाओं को प्रदेश सरकार के विकास मॉडल का प्रतीक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि बेसिक शिक्षा विभाग एवं पंचायती राज विभाग जिले में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं, जिससे गांवों और शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र तिवारी ने किया। इस दौरान जिले के सभी विभागों द्वारा सभागार परिसर में विकास योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शिक्षिका अनुपम शुक्ला एवं कांति सिंह के नेतृत्व में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में उत्साह का संचार किया।

# हरगांव धाम से धर्मेधाम तक निकली श्री सत्यनाम विशाल पदयात्रा

**ब्लाक प्रमुख तिलोई ने फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया**

**श्री सत्यनाम पदयात्रा में नारों जयकारों से गुंजायमान रहा इलाका**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र जामो के गांव हरगांव स्थित प्राचीनतम बाबा सिद्धादास धाम से महंत दिवाकरदास जी एवं रेखा दास की अगुवाई में सत्यनाम धर्म के प्रचार प्रसार भक्ति सेवा सामाजिक एकता एवं सदभाव के उददेश्य से रविवार को श्री सत्यनाम विशाल पदयात्रा निकाली गई जो बाबा दूलनदास की तपोभूमि धर्मे धाम पहुंची जिसमें तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने सपरिवार वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर संतो महंतो का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस विशाल पदयात्रा में हरगांव धाम की महंत रेखा दास एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में लोग शामिल रहे।विकास क्षेत्र जामो स्थित हरगांव स्थित प्राचीनतम सिद्धादास धाम की महंत रेखा दास ने बताया कि सिद्धा नर तन पाइ के जो न भजे हरिनाम,जैसे कुइयां जल बिना रही तौ कौने काम। रविवार को प्राचीनतम सिद्धादास धाम की महंत रेखा दास की अगुवाई में निकली श्री सत्यनाम विशाल पदयात्रा में तिलोई की ब्लाक प्रमुख अर्चना सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर संतो महंतो का फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया यह विशाल पदयात्रा गाजे बाजे नारों जयकारों के साथ कस्बा शंकरगंज पहुंची तो देव ऑटो फ्यूल्स पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने सैकड़ों लोगों के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद पदयात्रा धर्मेधाम पहुंची जिसका जगह जगह पर स्वागत किया गया। बाबा सिद्धादास की तपोभूमि हरगांव धाम की महंत रेखा दास ने बताया कि आगामी तेइस मार्च से अट्ठाइस मार्च तक दोपहर दो बजे से पांच बजे तक श्रीराम कथा आयोजित की गई है जिसमें कथा व्यास श्री अशोक सरस हरदोई और साध्वी पंक्षी देवी प्रज्ञा भारती हरिद्वार द्वारा अपने मुखार बिंदु से भक्तों को कथा का रसपान कराया जायेगा। बाबा सिद्धादास धाम की महंत रेखा दास ने बताया कि श्रीराम कथा समापन के उपरांत आगामी उनतीस मार्च को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बाबा जगजीवन साहब की तपोभूमि कोटवा धाम के महंत नीरज नीरज दास जी महाराज एवं बाबा दूलन दास की तपोभूमि धर्मेधाम के महंत अजीत दास जी महाराज भी शामिल होगे। उन्होंने आम जनमानस से नियमित श्रीराम कथा श्रवण के साथ ही भण्डारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, जिला पंचायत सदस्य सोनू यज्ञसैनी, मनीष पाठक,चंद्र मौलि सिंह, राजीव शुक्ला, शशांक शुक्ला, अंशुमान पाण्डेय, दिग्विजय सिंह, राहुल सिंह, राजू प्रजापति सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का अपनी टीम के साथ पंजाब पैलेस पर किया के स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने कई क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों के साथ नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का नेशनल हाईवे पंजाब पैलेस के पास अपनी टीम के साथ भव्य स्वागत किया है।भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के प्रथम बार पूरनपुर आगमन पर पूरनपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने अपनी टीम के साथ कई दिन पहले ही तैयारी कर रखी थी। जिसका अमली जामा रविवार को पहनाया गया उन्होंने लगभग 150 चार पहिया वाहन के साथ पंजाब पैलेस के पास पहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का भव्य रूप से स्वागत किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद इस भव्य स्वागत को देख-कर काफी खुश नजर आए और उन्हें उन्होंने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह की काफी प्रशंसा की है।

# हनुमान मंदिर मार्ग बदहाल कीचड़ से राहगीर परेशान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। कुड़वार विकास खंड के अंतर्गत राजापुर बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमान मंदिर को जाने वाला मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। सड़क पर जगह-जगह कीचड़ और गड्ढों के कारण लोगों का चलना दूभर हो गया है। हालात इतने खराब हैं कि आए दिन राहगीर फिसलकर गिर रहे हैं और चोटिल हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, इसी रास्ते से होकर रविवार और बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार में भी बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। बाजार के दिनों में भीड़ अधिक होने के कारण स्थिति और भी विकट हो जाती है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान से इस समस्या के समाधान की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह है कि लोग मजबूरी में कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने को विवश हैं। स्थानीय लोगों ने कहा है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई, तो बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाएंगे। उन्होंने उच्च अधिकारियों से जल्द से जल्द सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं और आम जनता को राहत मिल सके।

# निपुण विधालय घोषित होने पर जिलाधिकारी ने किया शिक्षकों को सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। बेसिक के स्कूल में निपुण भारत मिशन पूरे भारत देश के विद्यालयों में चल रहा हैं जिसमें कक्षा 1 और 2 के बच्चों का मोबाइल पर निपुण लक्ष्य ए प पर डायट के प्रशिक्षुओं ने माह जनवरी में स्कूल में जाकर खुद आकलन किया और कुछ दिन पहले ही रिजल्ट घोषित हो गया जो विधालय निपुण हुए हैं उनके शिक्षकों को पीलीभीत में गांधी प्रेक्षाग्रह में बुलाकर उन्हें प्रसंशनीय प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया इस उपलक्ष्य में पू र न पुर के कम्पोजित स्कूल गढा कला को निपुण घोषित होने पर उसके शिक्षक हुकुम सिंह को भी निपुण प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया इस समस्त स्टाफ ने खुशिया मनायी है।

## हल्का दरोगा के खिलाफ हुए भाजपाई केंद्रीय मंत्री से की शिकायत

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के भाजपा सांसद एवं मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद को दर्जनो भाजपा नेताओं ने हल्का दरोगा एवं हल्का सिपहियाओ के खिलाफ कार्रवाई करने का एक पत्र सौंपा है पत्र में कहा कि थाना बीसलपुर में तैनात दरोगा हसमत अली अपने साथी सिपाहियों के साथ हल्के में अनावश्यक रूप से ग्रामीणों में भय का वातावरण उत्पन्न कर अवैध रूप से धन उगाही करते हैं। साथ ही विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के निर्देश पर गांव में जाकर पुलिस का आतंक दिखाकर उगाही करते हैं जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी दहशत है जनहित को देखते हुए उपरोक्त दरोगा और सिपाही के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पत्र में भाजपा मंडल महामंत्री संगम बाजपेई, पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद पाल सिंह, जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष गौतम शर्मा ,दामोदर राठौर, मुकेश गुप्ता ग्राम प्रधान एवं कई भाजपा कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने जिलाध्यक्ष गोकुल मौर्य का किया भव्य स्वागत, संगठन मजबूती का संकल्प

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के प्रथम आगमन पर नगर पालिका परिषद सभागार में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता और नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान के नेतृत्व में सभासदों व भाजपा पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर जोरदार स्वागत करते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री व महादेव गाईन, जिला उपाध्यक्ष अतिन्दर पाल सिंह, धीरज शुक्ला, रितुराज पासवान सहित कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे इस दौरान चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और सभी के सहयोग से पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जाएगा साथ ही वक्ताओं ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया कार्यक्रम का समापन आभार व्यक्त करते हुए किया गया है।

## प्रतिबंध के बावजूद सल्फास बिक्री से युवक की मौत, कृषि केंद्र पर उठे सवाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर गांव में प्रतिबंधित जहरीले पदार्थ की बिक्री से एक युवक की जान चली गई आरोप है कि ल्किसान फर्टीलाइजर सेवा केंद्रङ्क से बिना किसी जांच-परख के युवक को सल्फास बेच दिया गया, जिसकी सेवन करने से उसकी मौत हो गई बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले युवक ने सल्फास खरीदा था और बाद में उसका सेवन कर लिया घटना से पहले युवक ने एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने जिंदगी से परेशान होने की बात कही इस मामले में कृषि केंद्र की घोर लापरवाही सामने आई है सल्फास बिक्री का सीसीटीवी फुटेज भी वायरल हो रहा है, जिससे सवाल उठ रहे हैं कि प्रतिबंध के बावजूद यह जहरीला पदार्थ आखिर कैसे बेचा जा रहा है मृतक के परिजनों ने केंद्र के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का भव्य स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर के ग्राम कजरी निरंजनपुर में भाजपा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का भव्य व ऐतिहासिक स्वागत किया गया कार्यक्रम का आयोजन पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक फार्मेसी कॉलेज एवं मेडिकल हॉस्पिटल के अध्यक्ष अमित मिश्रा के नेतृत्व में हुआ इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान और भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में जनता में भारी उत्साह और कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला इस दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे और नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

## चित्रांश महासभा का सम्मान समारोह, दो पदाधिकारियों का अभिनंदन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत में अखिल भारतीय चित्रांश महासभा द्वारा परमठ मंदिर परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विकास श्रीवास्तव को भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं नितिन सक्सेना को नगर पालिका परिषद में नामित सभासद बनने पर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने दोनों को फूल-माला व प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया और इसे समाज के लिए गर्व की बात बताया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य व क्षेत्र के विकास में योगदान की उम्मीद जताई गई

## ग्राम प्रधान ने अपनी टीम के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य के प्रथम बार पूरनपुर आगमन पर विकासखंड की ग्राम पंचायत नवदिया धनेश के ग्राम प्रधान राजेश मौर्य के नेतृत्व में कई ग्राम वासियों ने नेशनल हाईवे पर स्थित मोहनपुर चौराहे पर पहुंचकर उनका जोरदार स्वागत किया स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से रामसेवक मौर्य,कप्तान सिंह कुशवाहा ,गजेंद्र मौर्य ,गजाधर मौर्य, नाथूलाल मौर्य ,राजेश मौर्य, नरेंद्र मौर्य, अरुण मौर्य गजाधर सहित दर्जनो लोग उपस्थित रहे हैं

## बीसलपुर में राष्ट्रीय हनुमान दल की गोष्ठी व शपथ ग्रहण सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीसलपुर नगर के एक हॉल में राष्ट्रीय हनुमान दल की महत्वपूर्ण गोष्ठी एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व हनुमान जी के चित्र पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगी हनुमान नाथ जी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय गंगवार (पूर्व जिला प्रचारक, आरएसएस) उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक विवेक वर्मा ने की प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिरीष कुमार वैभव, युवा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित मिश्रा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे जिला अध्यक्ष अमित गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों का अभिनंदन किया संरक्षक स्वतंत्र देवल ने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक मंगलवार हनुमान चालीसा करने का आह्वान किया। वहीं जगदीश सक्सेना ने संगठन के उद्देश्यों और विभिन्न अभियानों—लव जिहाद, धर्मांतरण, मठ-मंदिर सेवा, गौ सेवा व जनसंख्या नियंत्रण—पर प्रकाश डाला और सामाजिक एकता का संदेश दिया योगी हनुमान नाथ जी ने अपने संबोधन में हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों का वर्णन करते हुए संगठन को रामभक्ति का वाहक बताया। विधायक विवेक वर्मा ने संगठन की मजबूती के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष सक्सेना ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई, जिसमें रवि सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, प्रभात सक्सेना को जिला मंत्री, अनुभव शर्मा को जिला सह संयोजक, नीरज गुप्ता को जिला सह प्रचार मंत्री व अभिमान शर्मा को जिला सह प्रभारी बनाया गया।

# बीएसए के फरमान से बढ़ेगी मनमानी? स्कूल में प्रवेश पर रोक से उठे सवाल

**अनुमति के नाम पर 'एंट्री कंट्रोल', भ्रष्टाचार को मिल सकता है बढ़ावा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) सुलतानपुर के नाम से जारी एक सूचना बोर्ड ने नई बहस छेड़ दी है। बोर्ड पर स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना विद्यालय अवधि में कोई भी व्यक्ति स्कूल परिसर में प्रवेश नहीं करेगा, अन्यथा उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश को लेकर स्थानीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों का कहना है कि जहां एक ओर विद्यालयों में पारदर्शिता और निगरानी की आवश्यकता होती है, वहीं इस तरह का प्रतिबंध आम लोगों की पहुंच को सीमित कर सकता है। अभिभावकों का आरोप है कि ल्अनुमतिङ्क की यह व्यवस्था आगे चलकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे सकती है। उनका कहना है कि विद्यालय में प्रवेश के लिए अनावश्यक अनुमति लेने की बाध्यता से मनमानी और दबाव की स्थिति बन सकती है।कुछ अभिभावकों ने यह भी चिंता जताई कि वे अपने बच्चों की पढ़ाई, मिड-डे मील और स्कूल की व्यवस्था देखने के लिए कभी भी विद्यालय जाना चाहते हैं, लेकिन इस आदेश के चलते उन्हें रोका जा सकता है। इसे अभिभावकों के अधिकारों पर अंकुश के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि, शिक्षा विभाग के नजरिए से इस तरह के आदेश का उद्देश्य विद्यालय परिसर में अनावश्यक भीड़, बाहरी हस्तक्षेप और सुरक्षा संबंधी जोखिमों को नियंत्रित करना हो सकता है। फिलहाल, इस आदेश को लेकर क्षेत्र में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अब यह देखना होगा कि यह कदम विद्यालयों में अनुशासन और व्यवस्था सुधारने में सहायक साबित होता है या फिर वास्तव में मनमानी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का कारण बनता है।

# अमेठी में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई ईद उल फितर की नमाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । कस्बा जायस में ईद की नमाज शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न हुई। अमेठी के सांसद, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि नमाज के दौरान मौजूद रहे।ईद की नमाज व त्यौहार ईद उल फितर के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद का भ्रमण कर शांति व्यवस्था ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। कस्बा जायस में ईद की नमाज के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा मौजूद रहकर शांत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया तथा वहां उपस्थित धर्मगुरूओं, मस्जिदों के ईमाम व मौलाना से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुलकर त्यौहार मनाने एवं अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने की अपील की गयी। ईद उल फितर की नमाज के दौरान नगर पालिका परिषद जायस की चेयरमैन मनीषा सिंह चौहान ने अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा, डीएम संजय चौहान, एसपी सरवणन टी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह,क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, इशरत हुसैन,शकील अहमद इदरीशी सहित अन्य तमाम जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जांच आख्या के बाद भी कार्रवाई नहीं, मिडडे मील घोटाले पर उठे सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**कंपोजिट विद्यालय बल्दीराय का मामला**

सुलतानपुर। शिक्षा क्षेत्र बल्दीराय अंतर्गत कस्बे के कंपोजिट विद्यालय में मिडडे मील में अनियमितता और धांधली का मामला सामने आने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। जांच में आरोपों की पुष्टि होने के बाद भी दोषियों पर कार्रवाई न होना आमजन में नाराजगी और अविश्वास का कारण बन रहा है। बल्दीराय कस्बे के कंपोजिट विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत छात्रों की वास्तविक उपस्थिति कम होने के बावजूद रजिस्टर में अधिक संख्या दर्शाकर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगा था। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय को जांच सौंपी गई। 24 फरवरी को विद्यालय पहुंचकर की गई जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं। जांच के दौरान यह पाया गया कि जिम्मेदार अध्यापक ने उपस्थिति रजिस्टर में छात्रों की संख्या वाले कॉलम को खाली छोड़ा था, जिससे बाद में अधिक संख्या दर्ज कर बिल-वाउचर के माध्यम से सरकारी धन निकाला जा सके।जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से संबंधित अध्यापकों को दोषी ठहराते हुए यह भी उल्लेख किया कि उपस्थिति कॉलम खाली छोड़ना गंभीर अनियमितता है और इससे फर्जी संख्या बढ़ाने की संभावना की पुष्टि होती है। जांच के दौरान 119 छात्रों की उपस्थिति दर्शाई गई और उनके फोटो भी लिए गए। ग्रामीणों का आरोप है कि यह नियम नहीं है कि ये फोटो जांच के समय ही लिए जाय या तो नियमित रूप से पहले भी लिए जाते रहे हैं। यदि पहले से फोटो उपलब्ध थे तो उन्हें जांच में प्रस्तुत क्यों नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि इसी विद्यालय में पूर्व में मिडडे मील समेत अन्य मामलों में एक शिक्षक को निलंबित किया जा चुका है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जांच में दोषी पाए जाने के बावजूद इस बार संबंधित अध्यापक को क्यों बचाया जा रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पूरे मामले में निष्पक्ष जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो इससे शिक्षा व्यवस्था और सरकारी योजनाओं की विश्वसनीयता पर गंभीर असर पड़ेगा।

## अकीदत के साथ मनाई गई ईद-उल-फितर, अमन-चैन की मांगी गई दुआएं

सुल्तानपुर। जिले में मुसलमानों ने अकीदत और हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया। शनिवार को पूरे जनपद के सभी ईदगाहों और मस्जिदों में ईद फितर की नमाज अदा की गई। हर तरफ अमन और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा और कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। ईद की नमाज के बाद लोगों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगीं। शहर के प्रमुख ईदगाह में मौलाना अब्दुल लतीफ ने सुबह 9:00 बजे नमाज अदा कराई। मरकज मस्जिद में मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी ने 8:30 बजे नमाज पढ़ाई, जबकि जामिया इस्लामिया मदरसा में मौलाना मुहम्मद उसामा कासमी ने सुबह 8:00 बजे नमाज अदा कराई। इसके अलावा बीवियां मस्जिद में मौलाना कसीम कासमी ने 8:30 बजे, सेनानी बिहार मस्जिद में मौलाना इजहार ने 7:45 बजे तथा झलियावा और करौंदिया यादनगर मस्जिद में सुबह 8:00 बजे नमाज अदा कराई।

## सम्पादकीय

# एचडीएफसी चेयरमैन का इस्तीफा चिंताजनक

पूरी दुनिया में इस समय ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के छेड़े गए युद्ध के कारण आर्थिक संकट कायम हो गया है। तेल और गैस की आपूर्ति में बाधा पड़ने का असर तमाम क्षेत्रों में पड़ रहा है। ये युद्ध कब और कैसे रुकेगा और जो नुकसान दुनिया को हो रहा है, उसकी भरपाई कैसे होगी, इन कठिन सवालों से बाकी देशों के साथ भारत भी जूझ रहा है। लेकिन इस बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में एक और घबराहट भरी हलचल देखने मिली। जिसकी वजह से एक दिन में एचडीएफसी को शेयर बाजार में एक लाख करोड़ रूपए का घाटा उठाना पड़ा है। इतना बड़ा घाटा भले ही कंपनी के नाम दर्ज है, मगर इसका भुगतान आखिरकार बैंक के खाताधारकों को ही किसी न किसी तरह से करना पड़ेगा। दरअसल देश के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने बुधवार देर रात बोर्ड से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बैंक के अंदर कुछ घटनाओं को अपने व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप न बताते हुए इस्तीफा दिया। यह महज एक शीर्ष पदाधिकारी का पद छोड़ने जैसी सामान्य घटना नहीं है। बल्कि इसमें असली सवाल नैतिकता और भरोसे का है। अतनु चक्रवर्ती ने अपने इस्तीफा पत्र में लिखा है कि, पिछले दो वर्षों में बैंक के अंदर जो कुछ घटनाएं और चलन मैंने देखा है, वे मेरे व्यक्तिगत मूल्यों और नैतिकता के अनुरूप नहीं हैं। यही मेरे इस फैसले का आधार है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मेरे इस्तीफ़े का कोई अन्य सामग्री कारण नहीं है, सिवाय ऊपर बताए गए के। उन्होंने कहा कि बीते दो सालों में बैंक के अंदर ऐसी घटनाएं हुई है, जो तौर तरीके अपनाए गए, वो उनसे सहमत नहीं हैं। उन्होंने बैंक के कॉरपोरेट गवर्नेंस पर सवाल उठाते हुए पद से इस्तीफा दे दिया। उनके इस आकस्मिक इस्तीफ़े और उसमें बताए कारणों ने निवेशकों का भरोसा हिला दिया, और इसका नतीजा ये रहा कि बैंक के शेयर 8 प्रतिशत तक टूट गए। स्थिति इतनी बिगड़ी की रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को तुरंत दखल देना पड़ा। आरबीआई ने साफ किया कि बैंक की वित्तीय स्थिति मजबूत है, गवर्नेंस में कोई बड़ी चिंता नहीं है। वहीं बैंक मैनेजमेंट ने तुरंत कदम उठाते हुए केकी मिस्त्री को अंतरिम पार्ट-टाइम चेयरमैन नियुक्त कर दिया है। मिस्त्री ने भी पद संभालते ही बयान जारी किया और कहा कि बैंक के अंदर किसी तरह का शक्तिसंघर्ष नहीं है। अब शुक्रवार को एचडीएफसी के शेयर संभलते हैं या नहीं, ये देखना होगा। लेकिन गुरुवार को जो गिरावट आई है, वह कोविड के बाद एचडीएफसी के स्टॉक में दूसरी बड़ी गिरावट कही जा रही है। शेयर गिरने के चलते बैंक के मार्केट कैप में एक लाख करोड़ रुपये की बड़ी गिरावट आई है। अतनु चक्रवर्ती ने इस्तीफ़े में ये तो बताया है कि बैंक के भीतर कुछ ऐसा चल रहा है, जो उन्हें नागवार गुजरा, लेकिन खुलकर फिलहाल उन्होंने किसी गड़बड़ी की तरफ इशारा नहीं किया है। ऐसे में आरबीआई को अब और ज्यादा सतर्क रहते हुए पूरे मामले को समझने और तह तक पहुंचने की जरूरत है। दरअसल इस इस्तीफ़े के बाद आरबीआई ने कहा है कि शएचडीएफसी बैंक डोमेस्टिक सिस्टमैटिकली इंपॉर्टेंट बैंक है जिसकी वित्तीय स्थिति मजबूत है। इसका प्रोफ़ेशनल बोर्ड है और योग्य मैनेजमेंट टीम है। हमारे पीरियोडिकल एसेसमेंट के आधार पर बैंक के संचालन या गवर्नेंस को लेकर ऑन रिकॉर्ड किसी तरह की चिंता नहीं है। बैंक के पास पर्याप्त पूंजी है और पर्याप्त लिक्विडिटी के साथ बैंक की आर्थिक स्थिति संतोषप्रद है। आरबीआई ने यह भी कहा कि केंद्रीय बैंक आगे एचडीएफसी बैंक के बोर्ड और मैनेजमेंट से संपर्क बनाए रखेगा। लेकिन क्या इस बयान के बाद निवेशकों का भरोसा बैंक पर वापस बनेगा और क्या इस बैंक के लाखों-करोड़ों ग्राहकों के मन में उठ रही शंकाएं दूर हो जाएंगी। क्योंकि बैंकों से पैसे लूटकर देश से भागने या फिर बैंकों के खुद को दिवालिया घोषित कर ग्राहकों की जमापूंजी हड़पने की कई घटनाओं के बाद इस देश का आम आदमी खुद को दूध का जला महसूस करने लगा है।

# राजन जी महाराज के लिए श्रीरामचरितमानस 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' हमारे लिए 'सार्वजनिक संस्था', वह लोग कंपनी के 'कर्मचारी' हम लोग संस्था के 'सेवक'



अनुज अवस्थी

रायबरेली में चल रही श्रीराम कथा में वाचक राजन जी महराज ने कथा के पहले ही दिन अपने वक्तव्य से एक नए विवाद को जन्म दे दिया। उन्होंने व्यास पीठ पर बैठकर कहा कि 'दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी का नाम है श्रीरामचरितमानस प्राइवेट लिमिटेड फर्म, जितने कर्मचारी इस कंपनी में काम कर रहे हैं, उतने धरती की किसी कंपनी में नहीं हैं, हम लोग भी इसी के कर्मचारी हैं, यही नहीं पंडाल में जो-जो बैठा है, सब इसी कंपनी का कर्मचारी है'। शब्द ब्रम्ह है, इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है। राजन जी महराज के लिए तो श्रीरामचरितमानस प्राइवेट लिमिटेड फर्म हो ही सकती है, क्योंकि यह न केवल उनके धनार्जन का साधन है बल्कि उनके साथ इस श्रीराम कथा में लगे दर्जनों लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। अगर कोई भी व्यक्ति किसी माध्यम से लाखों-करोड़ों वार्षिक कमा रहा है तो उसके लिए वह माध्यम एक कंपनी ही होगी। हो सकता है कि राजन जी महाराज का तर्क मूलतः एक आधुनिक शैली में आध्यात्मिक संदेश को सरल बनाने का प्रयास हो। 'कंपनी' की उपमा के माध्यम से वे यह बताना चाहते हों कि हर व्यक्ति राम-भक्ति से जुड़ सकता है और उसमें सक्रिय भागीदारी कर सकता है। इस दृष्टि से यह तुलना प्रेरणादायक और संवाद को सहज बनाने वाली हो सकती है। वैसे राजन जी के लिए यह कथन व्यंग्य नहीं, बल्कि जीवन की सबसे गहरी सच्चाई है। उन्होंने मानस को किसी मंदिर या किताब तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे जीवन की सबसे बड़ी मल्टीनेशनल कंपनी बना दिया, जिससे हर वर्ष वह करोड़ों कमा रहे हैं। राजन जी महराज के इस वक्तव्य पर पर लोगों की आपत्ति बिल्कुल जायज और महत्वपूर्ण है। क्योंकि 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द का व्यावसायिक अर्थ बहुत मजबूत है। प्राइवेट का तात्पर्य निजी स्वामित्व, कुछ लोगों तक सीमित होना, लिमिटेड का अर्थ सीमित दायित्व, लाभ-केंद्रित और शेयरधारक पर आधारित तथा कंपनी आर्थिक इकाई, लाभार्जन और प्रतिस्पर्धा का स्थान है। जबकि श्रीरामचरितमानस इन सबसे परे है। यह सार्वजनिक, अनंत, निःस्वार्थ, दिव्य और सर्वसुलभ है। इसमें कोई 'मालिक' नहीं (सिवाय स्वयं श्रीराम के), कोई लाभ नहीं, कोई सीमा नहीं। यदि कोई श्रद्धालु इसे सुनकर सोचे कि 'मानस भी एक प्राइवेट कंपनी जैसी है', तो ग्रंथ की आध्यात्मिक गरिमा, सार्वभौमिकता और पवित्रता पर अंजाने में चोट लग सकती है। यह भावनाओं को आहत कर सकता है, खासकर उन लोगों को जो मानस को जीवन का अमृत-स्रोत मानते हैं, न कि कोई 'फर्म'। इसके पीछे राजन जी का अपना तर्क हो सकता है लेकिन श्रीरामचरितमानस को 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' कहना न तो साहित्यिक दृष्टि से उचित है और न ही आध्यात्मिक दृटिकोण से। यह ग्रंथ भारतीय समाज की आस्था, संस्कृति और नैतिक मूल्यों का आधार स्तंभ रहा है। गोस्वामी तुलसीदास ने इसे किसी निजी लाभ या सीमित समूह के लिए नहीं, बल्कि जन-जन के कल्याण के लिए रचा था। श्रीरामचरितमानस की सबसे बड़ी विशेषता इसकी सार्वभौमिकता है। इसमें वर्णित मर्यादा, करुणा, धर्म और कर्तव्य जैसे मूल्य किसी एक वर्ग, जाति या समुदाय तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। इसे 'प्राइवेट लिमिटेड' कहना इस व्यापकता और समावेशिता को संकुचित करने जैसा प्रतीत होता है। संभव है कि 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' जैसी उपमा का प्रयोग किसी विशेष संदर्भ, जैसे धार्मिक संस्थाओं के व्यावसायीकरण या सीमित स्वार्थ की आलोचना के लिए किया गया हो, लेकिन यदि यह टिप्पणी सीधे ग्रंथ पर लागू की जाए, तो यह उसकी गरिमा और मूल भाव को गलत तरीके से प्रस्तुत करती है। रामचरितमानस कोई व्यापारिक संस्था नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक धरोहर है, जो व्यक्ति को आत्मचिंतन, नैतिकता और समाजसेवा की ओर प्रेरित करती है। इसके संदेश में लोकमंगल, समानता और भक्ति का समावेश है, जो इसे 'सार्वजनिक' और 'सर्वजन हिताय' बनाता है। अतः इस तरह की उपमा का प्रयोग करते समय संदर्भ और संवेदनशीलता दोनों का ध्यान रखना आवश्यक है, ताकि आस्था और संस्कृति के प्रति सम्मान बना रहे और संवाद स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सके। श्रीरामचरितमानस को 'प्राइवेट लिमिटेड फर्म' कहना एक रूपक के रूप में समझा जा सकता है, लेकिन इसे शाब्दिक सत्य मानना उचित नहीं है। गोस्वामी तुलसीदास ने इस ग्रंथ की रचना लोकमंगल और भक्ति के प्रसार के लिए की थी, न कि किसी संरचित संस्था या सीमित समूह के लिए। तथ्यात्मक रूप से देखा जाए तो 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द का अर्थ होता है, निजी स्वामित्व, सीमित भागीदारी और लाभ-आधारित संरचना। जबकि रामचरितमानस इन सभी सीमाओं से परे है। यह न तो किसी एक व्यक्ति या संस्था की संपत्ति है और न ही इसका उद्देश्य लाभार्जन है, बल्कि यह सार्वभौमिक, सर्वसुलभ और आध्यात्मिक ग्रंथ है। यह उपमा भावनात्मक और व्याख्यात्मक स्तर पर तो प्रभावी हो सकती है, लेकिन शाब्दिक या दार्शनिक रूप से पूर्णतः सटीक नहीं है। इसे प्रेरक शैली के रूप में स्वीकार करना ठीक होगा, लेकिन वास्तविक स्वरूप को उसी रूप में समझना अधिक उचित होगा। 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' जैसी उपमा का प्रयोग यदि धार्मिक ग्रंथों या संस्थाओं के व्यावसायीकरण, लाभ-लोलुपता या सीमित स्वार्थ की आलोचना के लिए किया जाए, तो वह तीखी और उचित हो सकती है। कई बार कथावाचक या वक्ता ऐसी बातें कहते हैं जब वे मंदिरों, धार्मिक ट्रस्टों में भ्रष्टाचार, टिकट-व्यापार या 'धर्म का बिजनेस' जैसी प्रवृत्तियों पर व्यंग्य करते हैं, लेकिन जब यही उपमा सीधे श्रीरामचरितमानस ग्रंथ पर, उसके मूल भाव, गरिमा और पवित्रता पर थोप दी जाए, तो यह निश्चित रूप से असंगत, असम्मानजनक और भावनाओं को आहत करने वाली हो जाती है। यह भी हो सकता है कि राजन जी महाराज ने कथा के दौरान यह उपमा भक्ति की सार्वभौमिकता, राम-नाम की असीमित फैलाव और हर भक्त को 'कर्मचारी' बनाने के सकारात्मक संदर्भ में दी हो, उनका उद्देश्य लोगों को बताना हो कि राम-भक्ति कोई छोटा-मोटा काम नहीं, बल्कि सबसे बड़ी, सबसे व्यापक और सबसे प्रभावी 'फर्म' है, जिसमें कोई सीमा नहीं, कोई वेतन-लालच नहीं, सिर्फ निःस्वार्थ सेवा। किन्तु यदि वह व्यास पीठ पर बैठे हैं तो उन्हें यह समझना होगा कि 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द में 'प्राइवेट' और 'लिमिटेड' दोनों ही व्यावसायिक, सीमित और लाभ-केंद्रित अर्थ रखते हैं। श्रीरामचरितमानस सार्वजनिक, अनंत, निःस्वार्थ और ईश्वरीय है। इस पर 'प्राइवेट' लगाना उसकी सार्वजनिकता और दिव्यता को कम कर सकता है। यदि कोई श्रद्धालु इसे सुनकर सोचे कि 'राम-भक्ति भी एक कंपनी जैसी है', तो ग्रंथ की आध्यात्मिक गहराई घट सकती है, और भाव आहत हो सकता है। यह उपमा यदि केवल 'सबसे बड़ी, सबसे प्रभावी, सबसे व्यापक' के अर्थ में कही गई हो, तो वह भक्ति-प्रसार का सशक्त माध्यम बन सकती है। लेकिन यदि इसमें व्यंग्य या व्यावसायिकता का कोई छींटा भी लगा हो, या सुनने वाले को लगे कि ग्रंथ को 'कंपनी' बनाकर उसकी पवित्रता पर चोट की गई है, तो यह अनुचित है। कथावाचकों को ऐसी उपमाओं में सावधानी बरतनी चाहिए, क्योंकि भक्ति की भाषा में शब्दों का चयन बहुत संवेदनशील होता है। यह उपमा सकारात्मक संदर्भ में (भक्ति की व्यापकता दिखाने के लिए) इस्तेमाल होने पर प्रेरणादायक है, लेकिन शब्द-चयन में सावधानी की कमी है। 'प्राइवेट लिमिटेड' की जगह यदि 'सबसे बड़ी सार्वजनिक संस्था', 'अनंत राम-भक्ति की कंपनी' या 'दुनिया की सबसे बड़ी भक्ति-संस्था' कहा जाता, तो भाव आहत होने की संभावना कम होती। कथावाचकों को ऐसी उपमाओं में शब्दों की संवेदनशीलता का ध्यान रखना चाहिए, क्योंकि भक्ति की भाषा में एक शब्द भी गहरा असर डाल सकता है। स्वयं के लिए राजन जी का प्रयास सराहनीय हो सकता है, लेकिन सार्वजनिक तौर पर उनके इस शब्द-चयन में सुधार की बड़ी गुंजाइश है। श्रीरामचरितमानस कोई कंपनी नहीं है। यह अनंत काल की दिव्य धारा है, जिसमें हम सब 'कर्मचारी' नहीं केवल 'सेवक' हैं। जय श्रीराम।

**राजन जी महराज के इस वक्तव्य पर पर लोगों की आपत्ति बिल्कुल जायज और महत्वपूर्ण है। क्योंकि 'प्राइवेट लिमिटेड' शब्द का व्यावसायिक अर्थ बहुत मजबूत है। प्राइवेट का तात्पर्य निजी स्वामित्व, कुछ लोगों तक सीमित होना, लिमिटेड का अर्थ सीमित दायित्व, लाभ-केंद्रित और शेयरधारक पर आधारित तथा कंपनी आर्थिक इकाई, लाभार्जन और प्रतिस्पर्धा का स्थान है। जबकि श्रीरामचरितमानस इन सबसे परे है। यह सार्वजनिक, अनंत, निःस्वार्थ, दिव्य और सर्वसुलभ है। इसमें कोई 'मालिक' नहीं (सिवाय स्वयं श्रीराम के), कोई लाभ नहीं, कोई सीमा नहीं। यदि कोई श्रद्धालु इसे सुनकर सोचे कि 'मानस भी एक प्राइवेट कंपनी जैसी है', तो ग्रंथ की आध्यात्मिक गरिमा, सार्वभौमिकता और पवित्रता पर अंजाने में चोट लग सकती है। यह भावनाओं को आहत कर सकता है, खासकर उन लोगों को जो मानस को जीवन का अमृत-स्रोत मानते हैं, न कि कोई 'फर्म'। इसके पीछे राजन जी का अपना तर्क हो सकता है लेकिन श्रीरामचरितमानस को 'प्राइवेट लिमिटेड कंपनी' कहना न तो साहित्यिक दृष्टि से उचित है और न ही आध्यात्मिक दृटिकोण से।**

# अमरीका-ईरान युद्ध और भारत, पूर्व सैनिक की चिंता

**रजनीश कपूर**

आज की दुनिया की सबसे बड़ी चिंता है तेल का दाम। पैट्रोल, डीजल, रसोई गैस और हर चीज महंगी हो रही है। क्यों? क्योंकि अमरीका और इसराईल ने मिलकर ईरान पर हमला कर दिया। ईरान ने जवाब दिया, मिसाइलें और ड्रोन दागे। अब युद्ध 2 सप्ताह से ज्यादा चल रहा है। तेल 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। होर्मुज की खाड़ी, जहां से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल गुजरता है, पर भी खतरा मंडरा रहा है। भारत की बात करें तो रिटायर्ड मेजर जनरल जी.डी. बख्शी ने सोशल मीडिया और टी.वी. पर बार-बार कहा, ''यह हमला गलत था। अमरीका-इसराईल ने ईरान को बहुत कम आंका।'' जनरल बख्शी ने अपने एक पोस्ट में लिखा, ''सब सोच रहे थे कि ये केकवॉक होगा लेकिन मैंने शुरू से चेतावनी दी थी कि ईरान को कम मत समझो। ये असीमित युद्ध लड़ेगा।''एक टी.वी. इंटरव्यू में उन्होंने सरल भाषा में समझाया कि क्या गलती हुई। ईरान के पास सस्ते ड्रोन (20,000 डॉलर का एक) हैं, जबकि अमरीका-इसराईल के महंगे इंटरसैप्टर मिसाइल (20 लाख डॉलर का एक) खत्म हो रहे हैं। ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइलें दागीं, जो राडार से बच सकती हैं। इन मिसाइलों ने कतर के राडार, थाड बैटरी, अमरीकी बेस और इसराईल के कई शहरों पर हमले किए। 15 दिन में 650 मिसाइलें और 2600 ड्रोन तबाह हुए, 21 अमरीकी सैनिक मारे गए। इस सबका अंदाजन खर्च करीब 21 अरब डॉलर से ज्यादा हुआ। जनरल बख्शी के अनुसार, ''ट्रम्प ने सोचा था कि खामेनेई के मरते ही युद्ध खत्म हो जाएगा लेकिन ईरान का हौसला बहुत ऊंचा है। 8 साल के ईरान-इराक युद्ध में 10 लाख मौतें हुईं, फिर भी ईरान नहीं झुका। अब यह अस्तित्व की लड़ाई है।''वह आगे कहते हैं, ''होर्मुज खाड़ी बंद करने से पूरी दुनिया में मंदी आ जाएगी। तेल 150 डॉलर से भी ऊपर जा सकता है। अमरीका के लिए बॉडी बैग्स (सैनिकों की मौत) मिडटर्म चुनाव में आफत बन सकते हैं। ट्रम्प फंस गए हैं। यह युद्ध शुरू करना आसान था लेकिन खत्म करना मुश्किल। यह 21वीं सदी का सबसे बड़ा संघर्ष है।'' हम दुनिया के तीसरे सबसे बड़े तेल आयातक हैं। 80 प्रतिशत तेल बाहर से आता है। यदि होर्मुज बंद हुआ तो पैट्रोल 150-200 रुपए लीटर हो जाएगा। रसोई गैस भी महंगी हो जाएगी। वहीं खाड़ी देशों में काम करने वाले 9 लाख भारतीयों की नौकरी भी खतरे में आ जाएगी। ईरान के साथ भारत का 'चाबहार बंदरगाह प्रोजैक्ट' ठप्प पड़ सकता है। अफगानिस्तान और मध्य एशिया का मार्ग भी बंद हो सकता है। महंगाई आम आदमी की जेब काटेगी। गौरतलब है कि भारत ने हमेशा युद्ध की स्थिति में संतुलन बनाए रखा। इस युद्ध की बात करें, तो ईरान से हमें सस्ता तेल, इसराईल से हथियार और टैक्नोलॉजी और अमरीका से व्यापार मिलता रहा है। लेकिन इस बार मोदी सरकार ने अमरीका-इसराईल के साथ खुलकर खड़ा होने का फैसला किया। प्रधानमंत्री मोदी फरवरी में इसराईल गए। वहां उन्होंने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 'स्पैशल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' की घोषणा की। युद्ध शुरू होते ही भारत ने ईरान के हमलों की निंदा की। खाड़ी देशों के राजाओं को फोन कर समर्थन जताया। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के खिलाफ प्रस्ताव का समर्थन किया। खामेनेई की मौत पर ईरानी दूतावास में श्रद्धांजलि देरी से दी। हम ब्रिक्स के अध्यक्ष हैं। रूस-चीन-ईरान हमारे साथी हैं। लेकिन अमरीका के दबाव में हम ईरान के खिलाफ खड़े हो गए। भारत इसराईल और ईरान से अच्छे संबंध रखता है। हम युद्धविराम के मध्यस्थ बन सकते हैं लेकिन सरकार ने मध्यस्थता की बजाय एकतरफा रुख अपनाया। भारत को तटस्थ रहना चाहिए था, दोनों पक्षों से बात कर युद्धविराम की अपील करनी चाहिए थी। संयुक्त राष्ट्र में 'शांति और संवाद' का प्रस्ताव लाना चाहिए था। ईरान से तेल खरीदना जारी रखना चाहिए था। चाबहार प्रोजैक्ट को मजबूत करना चाहिए था। सरकार ने सोचा कि अमरीका-इसराईल के साथ खड़े होने से फायदा होगा लेकिन भूल गए कि ईरान हमारा पुराना दोस्त है। चाबहार बंदरगाह अमरीका के खिलाफ हमारा रणनीतिक कदम था। सस्ता ईरानी तेल हमारी अर्थव्यवस्था को मजबूत करता था। अब तेल महंगा होने से मुद्रास्फीति बढ़ेगी। विदेशी मुद्रा भंडार पर बोझ पड़ेगा। यदि भारत क्वाड और ब्रिक्स दोनों का सदस्य है तो हमारी आवाज दोनों तरफ सुनी जाती। लेकिन क्या एकतरफा रुख अपनाकर हमने अपनी ताकत कम कर दी?

## सेहत मंत्र

# दूध नहीं पी सकते तो इन नॉन-डेयरी मिल्क को बनाएं डाइट का हिस्सा

वैसे तो दूध को एक संपूर्ण आहार माना जाता है और यही कारण है कि बच्चों से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक को दूध पीने की सलाह दी जाती है। लेकिन ऐसे कई लोग भी होते हैं, जो दूध का सेवन नहीं कर सकते। दरअसल, लैक्टोज इनटॉलरेंज से लेकर वेगन डाइट को फॉलो करने वाले दूध नहीं पी पाते। ऐसे में शरीर में पोषक तत्वों की पूर्ति के लिए आप नॉन-डेयरी मिल्क का सहारा ले सकते हैं। मटर का दूध यह अखरोट और सोया एलर्जी वाले लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। इतना ही नहीं, इसमें कई अन्य पौधों के दूध की तुलना में बहुत अधिक प्रोटीन पाया जाता है। इसके अलावा इसका टेस्ट भी माइल्ड व टेस्टी होता है, जिसके कारण आप इसे आसानी से पी सकते हैं और अलग-अलग रेसिपी में आसानी से शामिल कर सकते हैं। जब नॉन-डेयरी मिल्क की बात होती है तो बादाम मिल्क का नाम जरूर आता है। यह चिकना, हल्का और स्वादिष्ट होता है। इसके अलावा इनमें अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में कैलोरी काफी कम होती है। एक कप बादाम मिल्क में करीबन 40 कैलोरी पाई जाती है। हालांकि इसमें प्रोटीन की मात्रा कम होती है। इसमें प्रति कप केवल एक ग्राम प्रोटीन होता है। ऐसे में आपको प्रोटीन की दैनिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए आपको अन्य विकल्प ढूंढने होंगे। ओट मिल्क पिछले कुछ समय से काफी पॉपुलर हो रहा है। इसमें हर सर्विंग पर 2 ग्राम फाइबर और चार ग्राम प्रोटीन मिलता है। हालांकि अन्य नॉन-डेयरी मिल्क की तुलना में इसमें कैलोरी की मात्रा अधिक होती है। आपको एक कप दूध के सेवन से लगभग 130 कैलोरी मिलती है। इसके अलावा इसमें पोटेशियम और विटामिन ए की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है। कोकोनट मिल्क पानी और कोकोनट क्रीम की मदद से मिलकर तैयार किया जाता है। अगर इसके न्यूटिशन की बात की जाए तो इसमें फैट अधिक होता है और कार्बोहाइड्रेट कम होता है। इस सुपर क्रीमी कोकोनट मिल्क का फैट नेचर में सेचुरेटिड होता है।

## धर्म मंत्र

# तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

## पर्यटन



# मसूरी जा रहे हैं तो इस खूबसूरत जगहों को देखना बिलकुल न भूलें

दिल्ली से बेहद पास उत्तराखंड का 'मसूरी' वीकेंड पर घूमने के लिए बेहत ही खूबसूरत जगह है। खूबसूरत पहाड़, हरे-भरी वादियां, कल-कल करता नदियों का पानी मसूरी को पहाड़ों की रानी बनाता है। गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला की तलहटी में स्थित मसूरी बेहत ही रोमांटिक प्लेस भी माना जाता है। इस जगह की ऊंचाई समुद्र तल से मसूरी 7000 फीट है, इसी कारण ये जगह बहुत ही ठंडी है। सर्दी के मौसम में यहां खूब बर्फबारी भी होती है। स्नोफॉल को देखने के शौकीनों सैलानियों की सर्दी में यहां भरमार होती है। यहां पर घूमने के लिए बहुत कुछ है। अगर आप अपनी फैमली के साथ यहां घूमने के लिए आते हैं तो यहां पर आप बहुत कुछ देख सकते हैं। इस आर्टिकल में आज हम आपकों बताएंगे मसूरी की घूमने लायक जगहों के बारे में। भारत में जब अंग्रेजी हुकूमत हुआ करती थी तो अंग्रेजो का पंसदीद प्लेस मसूरी थी। वह अपना काफी वक्त उत्तराखंड के इस हिल स्टेशन पर गुजारा करते थे। इसी कारण यहां का कल्चर अभी भी अंग्रेजो के जमाने का हैं। मसूरी से 7 किलोमीटर दूर लैंडोर (ख्रथद्वदधफ) छावनी एरिया है। यहां पर अगर आप आते है तो आपकों काफी शांति मिलेगी। लैंडोर के बाजार में आप शॉपिंग भी कर सकते हैं। यहां पर कुछ प्वाइंट है जहां से लैंडोर की खूबसूरती को निहारा जा सकता है। देहरादून डिवेलपमेंट अथॉरिटी के अधीन मसूरी लेक देखने के लिए भा पर्यटकों का जमावड़ा लगता है। मसूरी घूमने आये लोगों मसूरी लेक भी घूमने जा सकते हैं। मसूरी लेक हाल में बना टूरिस्ट अट्रैक्शन है। जब आप देहरादून से मसूरी की तरफ आते हैं तो मसूरी पहुंचने से 6 किलोमीटर पहले ही मसूरी लेक है। आप इसे भी आते वक्त देख सकते हैं। लेक में एंजोय करने के लिए बोटिंग की भी सुविधा हैं। यहां आप आराम से 1 से 2 घंटे बीता सकते हैं। मसूरी जाओं और केंपटी फॉल्स न देखों ऐसा बिलकुल मत करना। मसूरी के ट्रीप को और यादगार बनाता है वहां का केंपटी फॉल्स।

# तीर्थ महादेवा ! तालाब भी नहीं रहे सुरक्षित,कब्जेदारी, सिलसिला जारी!

## कई एकड़ 'रास्ता' खाता भी अतिक्रमित, राजस्व कर्मियों की संलिप्तता से इनकार नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। ईमान किसी भी इंसान की पहचान बताता है। कोई मुफलिसी में भी अपने ईमान पर कायम रहता है और किसी के पास सब कुछ होते हुए भी उसका ईमान डोल जाता है। जब इंसान का ईमान डोलता है तो वह, वो सब कुछ कर डालता है, जो उसे दूसरों को करने से रोकना होता है। इसमें सबसे पहले इंसान जिस चीज को भूलता है, वह है दायित्व। कुछ ऐसा ही हुआ, जिले की तहसील रामनगर के ग्राम लोधौरा में, जहां देवाधिदेव महादेव के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'महादेवा कॉरिडोर' का कार्य गतिमान है। दरअसल, लोधेश्वर महादेवा सुश्रूषा न्यास के अजय दास ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें, उन्होंने क्षेत्रीय लेखपाल की कर्म और धर्म में बरती गई लापरवाही एवं अनियमितताओं की पोल खोल कर रख दी। स्मरणीय है कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने जब से महादेव कॉरिडोर निर्माण की घोषणा की और करोड़ों करोड़ों की धनराशि आवंटित की , महादेव में मंदिर स्वामित्व और सार्वजनिक सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जेवाली शुरू हो गई।न्यास के पदाधिकारी असामाजिक तत्वों से संघर्ष करते आ रहे हैं। शिवार्चन तालाब पर अवैध कबजेदारी उसके बाद एक अन्य तालाब पर गोंडा के एक भूमिया द्वारा अवैध निर्माण किया गया तब भी न्यासा पदाधिकारीह आगे आए। शासन से लेकर अन्यजम्मेदार को भेजें गए शिकायती पत्र में कहा गया कि, महादेवा मठ मंदिर की आसपास की भूमियों पर अतिक्रमण हो रहा है। कॉरिडोर निर्माण के कारण यहां की जमीन की कीमत बहुत बढ़ गई है। जिसमें स्थानीय जन प्रतिनिधि, जमीन कारोबारी और लेखपाल की मिलीभगत से अवैध कब्जे हो रहे हैं। पत्र में स्पष्ट रूप से आरोप लगाया गया कि, कॉरिडोर परिक्षेत्र में आने वाले तालाबों पर वर्तमान में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया जा रहा है। गाटा संख्या 426 तालाब भूमि करीब 3/4 भाग अतिक्रमित है।

### रास्ता खाता भूमि भी अतिक्रमित

लोधौरा ग्राम में रास्ता खाता दर्ज भूमि गाटा संख्या 482 क्षेत्रफल 0.8600 हेक्टेयर पर क्षेत्रीय लेखपाल की संलिप्तता से अवैध कब्जा किया गया है। इस रास्ता भूमि का अतिक्रमण मुक्त होना लोकहित में आवश्यक है। इतना ही नहीं, रजनापुर में स्थित तालाब भूमि गाटा संख्या 14 क्षेत्रफल 0.370 भी अतिक्रमित है। अजय दास ने पत्र में यह भी लिखा है कि, जानकारी में आया है कि, तालाब के पास के एक खातेदार ने तालाब भूमि पर कब्जा कर लिया है। वह अपनी जमीन दर्शाकर वर्ग फिट में बिक्री कर रहा है। साथ ही, आधा दर्जन से अधिक गाटा संख्याओं, जो कि सरकारी अभिलेखों में बतौर तालाब दर्ज हैं, वर्तमान में बड़े पैमानों पर अतिक्रमित किए जा रहे हैं।

### '' मुंह फ़ेरा, ईमान डोला, हो गया अतिक्रमण''

अब प्रश्न यह उठता है कि, क्या यह क्षेत्रीय लेखपाल की संलिप्तता के बिना संभव है ? क्या तहसील प्रशासन में लेखपाल से ऊपर के कर्णधारों को इस बात की कतई जानकारी नहीं ? क्या सच में, वह अपना कर्म और शासन के प्रति अपना शासकीय सेवा धर्म स्पष्ट रूप से निर्वाह कर रहे हैं ? अगर पत्र के शब्दों पर गौर करें तो साफ लिखा गया है कि, लेखपाल अपना दायित्व नहीं निभा रहे हैं और निज स्वार्थ पूर्ति कर आँखें बंद कर लेते हैं। जबकि, उनका दायित्व है कि, वह सरकारी जमीन की रक्षा करें और अवैध निर्माण को रोकें। जबकि, वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। क्षेत्रीय लेखपाल की गतिविधियां विभागीय और शासकीय हित में नहीं हैं। पत्र प्रेषक अजय दास ने तत्काल कार्रवाई करने, अतिक्रमण हटाने एवं जिम्मेदारों के गैर जिम्मेदाराना रवैये के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

### क्या कहते हैं स्थानीय ग्रामीण

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है की महादेवा करिडोर की घोषणा के साथ ही यहां सार्वजनिक व सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ गई है। वर्तमान में क्षेत्रीय लेखपाल किसी शिकायत का हवाले से लोगों को विशेष कर अतिक्रमणकारियों को चेताता धमकाता फिर रहा है। **इस बाबत जब एसडीएम रामनगर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट से फोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि शिकायत अभी मेरे समक्ष नहीं आयी है। पत्र हमें भेज दीजिए। दुखद पहलू कि शिकायतकर्ता द्वारा विषयगत रजिस्टर्ड पत्र उप जिलाधिकारी रामनगर को बीते 5 मार्च 26 को प्रेषित किया गया है।**

# अमरा देवी मंदिर में दीपोत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।अमरा देवी मंदिर में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।यह कार्यक्रम नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। मंदिर के पुजारी श्रवण कुमार सैनी, रामप्रताप और ग्रामवासियों ने मिलकर इसका आयोजन किया।कार्यक्रम में धर्म जागरण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड सिरौलीगौसपुर के सरवन कुमार,प्रहलाद कुमार विमल, मंदिर पुजारी राम प्रताप सैनी, कृष्ण कुमार सैनी, शिव कुमार सैनी, विशाल सैनी, महाप्रलय दास सैनी, अवधेश कुमार सैनी, हरिराम सोनी, राजेश चंद्र बाजपेई, विवेक तिवारी, अभिषेक पांडे, सुमित बाजपेई, हिमांशु वाजपेई सहित पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने मंदिर पहुंचकर देवी मां की पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद लिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।यह कार्यक्रम नवरात्रि के चौथे दिवस पर आयोजित किया गया था।

# यूपी में महिला सशक्तीकरण अब नारा नहीं, जमीनी हकीकत है: बेबी रानी मौर्य

आगरा । उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के सफल नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर रविवार को आगरा में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री बेबी रानी मौर्य ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने अपने विभाग की 9 साल की उपलब्धियों का विस्तृत ब्योरा पेश करते हुए कहा कि योगी सरकार ने महिलाओं और बच्चों के विकास को केवल कल्याणकारी योजनाओं तक सीमित नहीं रखा है। बल्कि अब यह सुरक्षा, सम्मान, पोषण, शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक न्याय का एक व्यापक मॉडल बन चुका है। कैबिनेट मंत्री ने जोर देकर कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तीकरण अब सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक जमीनी हकीकत बन गया है। अब महिलाएं केवल नौकरी नहीं ढूंढ़ रहीं, बल्कि नए अवसर पैदा कर रही हैं। सरकार ने बेटी के जन्म से लेकर उसके शिक्षित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर होने तक की पूरी व्यवस्था खड़ी की है। कन्या सुमंगला योजना के तहत अब तक 26.81 लाख बेटियों को लाभान्वित है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य) के माध्यम से 1 लाख 5 हजार से अधिक बेसहारा बच्चों को संरक्षण मिला। मिशन वात्सल्य के तहत 1 लाख से अधिक बच्चों को उनके बिछड़े परिवारों से मिलाया गया है।

उन्होंने बताया कि पोषण और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगी सरकार के काम के परिणाम अब स्पष्ट नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 60 लाख माताएं लाभान्वित हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रसव पर 14 सौ रुपये और शहरी क्षेत्रों में एक हजार की सहायता दी जा रही है। संस्थागत प्रसव का आंकड़ा 84 प्रतिशत के पार पहुंच गया है। प्रदेश में 0 से 5 वर्ष के बच्चों में स्टंटिंग (ठिगनापन) की दर में 6.6 फीसदी और अंडरवेट दर में 7.5 फीसदी का सुधार हुआ है। 2 करोड़ 12 लाख बच्चों और महिलाओं को अनुपूरक पुष्टाहार मिल रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में 'संभव अभियान' के तहत तकनीक (पोषण ट्रैकर) का इस्तेमाल कर कुपोषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर काम हो रहा है।

### शिक्षक संघ निंदूरा कार्यकारिणी गठित बघेल को फिर कमान

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय द्वारा उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, बाराबंकी की ब्लॉक इकाई निंदूरा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें अनिल सिंह बघेल को पुनः ब्लॉक अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। संगठन के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए बेहतर कार्य की अपेक्षा जताई गई। कार्यकारिणी में ओमकार वर्मा को मंत्री, राजू यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा डॉ. एम.पी. सिंह, आलोक मिश्रा, सुनीता राय, अवध नारायण, जितेंद्र सिंह, संतोष कुमार मौर्य, रामवीर सिंह और सुदामा प्रसाद को उपाध्यक्ष व संयुक्त मंत्री सहित विभिन्न पदों पर दायित्व दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय ने पूरी कार्यकारिणी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### हमारा आराध्य है छात्र : प्रधानाचार्य वीरेंद्र

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। छात्र हमारा आराध्य है। समाज व राष्ट्रसेवा हेतु मानवीय संवेदना से युक्त श्रेष्ठ नागरिकों का निर्माण हमारा उद्देश्य है।'' उक्तविचार स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में कक्षा षष्ठ,नवम व एकादश (हिंदी व अंग्रेजी माध्यम)की प्रवेश परीक्षा के मौके पर मौजूद अभिभावकों, भैया बहनों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य बीरेंद्र कुमार वर्मा ने व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था के परिष्करण, परिमार्जन हेतु अनेक सोपानों की व्यवस्था है। हमारी किसी अन्य शिक्षण संस्था से कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है,यह चाहते हैं किअन्यशिक्षण संस्थाएं भी राष्ट्रीयता एवं भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव के भावयुक्त नागरिकों के निर्माण में विद्या भारती के सहयोगी बने। इस हेतु हम समय-समय पर अन्य शिक्षण संस्थानों से भी संपर्क करते हैं।

इस अवसर पर विद्यालय कोषाध्यक्ष विजय जैन ने परीक्षा की व्यवस्थाओं का समुचित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रवेश परीक्षा में कुल 121 भैया बहनों ने प्रतिभाग किया।

### चार जुआरी गिरफ्तारनगदी बरामद

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा रविवार को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेल रहे चार लोगों मोहम्मद गुफरान ,मोहम्मद रिजवान निवासी इस्लामनगर थाना जैदपुर, मोहम्मद जहीन पुत्र मोहम्मद शकीर निवासी छेदा कटरा व मोहम्मद नदीम निवासी मोहल्ला काशीराम कॉलोनी कस्बा थाना जैदपुर को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त गण के कब्जे से ताश के 52 पत्ते व माल पफड जामा तलाशी में कुल 2770 सौ नगद बरामद कर अभियुक्त गढ़ के विरुद्ध थाना जैदपुर पर संबंधित धाराओं में जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

### वर्ष प्रतिपदा पर आरएसएस का भव्य पथ संचलन, पूरनपुर में दिखा अनुशासन, संस्कृति और उत्साह

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर में वर्ष प्रतिपदा उत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा साईं श्रद्धा बैंकट हॉल से भव्य पथ संचलन निकाला गया कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ हुई,जिसके बाद पूर्ण गणवेश में सजे स्वयंसेवकों ने अनुशासित ढंग से नगर में संचलन किया पथ संचलन साईं श्रद्धा बैंकट हॉल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों—मुख्य बाजार, विभिन्न मोहल्लों और चौराहों से होकर गुजरा। संचलन में स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाकर चलते हुए देशभक्ति और संगठन के प्रति समर्पण का संदेश देते नजर आए पूरे मार्ग में अनुशासन, एकरूपता और सजगता का विशेष प्रदर्शन देखने को मिला इस दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा कार्यक्रम के दौरान संघ पदाधिकारियों ने वर्ष प्रतिपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भारतीय नववर्ष का प्रारंभ है और समाज में नई ऊर्जा, संस्कार और संगठन की भावना को जागृत करने का अवसर है उन्होंने सभी से समाजहित में कार्य करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया पथ संचलन में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी,कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन से नगर में उत्साह और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला है।

# निषाद बस्ती में शिक्षा का 21वां सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। 'घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित ज्ञानदीप अभियान के अंतर्गत निषाद बस्ती में बच्चों के लिए आयोजित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्यक्रम का 21वां सप्ताह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। पिछले 21 सप्ताह से निरंतर चल रहे इस अभियान के तहत बच्चों को नियमित रूप से शैक्षिक मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। आज आयोजित सत्र में बच्चों को बेसिक गणित के अंतर्गत शब्दार्थ की जानकारी दी गई, वहीं सोशल साइंस विषय में हमारी पृथ्वी एवं ग्लोब से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से पढ़ाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं गेस्ट लेक्चरर के रूप में सौरभ तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। इस



अवसर पर विनायक मिश्रा, मधुरम पाठक एवं शुभ साहू भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सत्र के दौरान बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह एवं जिज्ञासा स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जो इस पहल की सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक वातावरण में हुआ और संस्था द्वारा भविष्य में भी ऐसे शैक्षिक प्रयासों को जारी रखने का संकल्प दोहराया गया।

# मिथुन के परिजनों से मिले गोपाल राय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। विधानसभा कुर्सी क्षेत्र में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने ' जागो हिंदू जागो' अभियान एवं हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष में बाबा भारत दास आश्रम स्थित राम-जानकी मंदिर पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। इस दौरान व पुलिस सुरक्षा के बीच अपने काफिले के साथ पहुंचे और उपस्थित लोगों से मुलाकात की।

आश्रम के महंत अवतार दास ने मंदिर की जमीन पर कब्जा करने व उत्पीड़न की शिकायत की। इस पर गोपाल राय ने कहा कि मंदिर के प्रति कोई भी गलत विचारधारा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी प्रकार की परेशानी दी जाती है तो दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।



इसके बाद उन्होंने मदारपुर गांव पहुंचकर होली के दौरान हुई मिथुन रावत की हत्या पर आक्रोश जताया और पीड़ित परिजनों से मिले। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन से बात कर परिवार को सहायता दिलाई जाएगी।

बताया गया कि घटना के बाद मिथुन रावत की बहन की शादी नहीं हो पाई थी। इस पर संगठन की ओर से विवाह में भोजन की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया गया। गोपाल राय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घटना से वह बेहद आहत हैं और जरूरत पड़ने पर संगठन के कार्यकर्ता हर संभव सहयोग के लिए खड़े रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष राय, राष्ट्रीय संगठन मंत्री धवल, प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री ओम शंकर, प्रदेश मंत्री अनिल यादव, जिला अध्यक्ष अजीत वर्मा, जिला संगठन मंत्री आलोक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अकीकत व एहतराम से अदा हुई ईद की नमाज़,की अमन-चैन की दुआ

## गिले शिकवे भुला मिले गले, दी मुबारकबाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिले भर में ईद-उल-फितर की नमाज शांति की गई। जहांगीराबाद की मस्जिदों में बारिश के बावजूद नमाजों का उत्साह कमनह हुआ। बड़ी संख्या में ईदगाहों और मस्जिदों में पहुंचकर ईद की नमाज अदा की और देश में अमन,चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ईदगाह और मस्जिदों के आसपास पुलिस भी मुस्तैद रही। मोहल्ला पीर बटावन ईदगाह कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया, विधायक सुरेश यादव पूर्व एमएलसी राजेश यादव राजू, जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व एसपी अरविंद विजयवर्गीय उपस्थित रहे और ईद की मुबारकबाद दी।

ईद को लेकर शनिवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों में काफी का उत्साह देखने को मिला। चांद का दीदार होने के बाद से ही लोग ईद की तैयारियों में लगे नजर आए। कस्बा बेलहरा की ईदगाह में मौलाना कुर्बान कासमी,घघसी में मौलाना हारून कासमी और भटुवामऊ में मौलाना तौफीक नदवी ने ईद की नमाज़ अदा



कराई साथ ही रमजान और ईद के पर्व की महत्ता बताई। वहीं क्षेत्र के सूरतगंज,लालपुर करौता,मोहम्मदपुर खाला,छेदा आदि स्थानों पर भी ईद की नमाज़ शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल मौजूद रहा।

''रामनगर '' तहसील क्षेत्र में ईद का त्योहार बड़े मोहब्बत से मनाया गया सभी रोजदार मोमिनों ने ईदगाह की नमाज के बाद गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।बड़े बुजुर्गों से ईदी पाकर खुश बच्चों ने पकवानों और सिंवईयों का जमकर मजा लिया।वहीं गणेशपुर कस्बे में आयोजित ईद मिलन कार्यक्रम में क्षेत्रीय हिंदू व मुस्लिम समाज के लोगों ने गले मिलकर सामाजिक एकता परिचय दिया।

''सिरौलीगौसपुर'' ईद की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बड़ी संख्या में लोगों ने ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की।तहसील सिरौली गौसपुर के



उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज, रामनगर क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा और कोतवाली बदोसराय के अजीत कुमार विद्यार्थी सहित भारी संख्या में पुलिस बल ईदगाहों पर तैनात रहा। पुलिस ने पूरे क्षेत्र में लगातार गश्त भी की। रामपुर, हजरतपुर और किंतूर सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में ईद के दूसरे दिन ईद मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और हिंदू-मुस्लिम एकता का संदेश दिया।ग्राम पंचायत रामपुर में ग्राम प्रधान नियाज अंसारी ने एक ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान नियाज अंसारी ने बताया कि ईद पर सभी भाई एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद देते हैं। उन्होंने पत्रकारों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हैं, इसलिए उनका सम्मान आवश्यक है।इसी क्रम में ग्राम पंचायत किंतूर में ग्राम प्रधान अकरम अंसारी ने भी ईद मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख मौलाना असलम जिला पंचायत सदस्य विजय यादव आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत हजरतपुर में प्रधान प्रतिनिधि जुल्फी मियां द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेवई, फुल्की के साथ-साथ हिंदुओं के लिए छोला, चावल, पूड़ी-सब्जी और अन्य खाद्य सामग्री का भी इंतजाम किया गया था।इन सभी कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

''जैदपुर ''स्थानीय कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर पंचायत के लगभग समस्त ईदगाहों अनेक मस्जिदों पुरानी ईदगाह बाद पूरा बड़ी ईदगाह थाना चौराहा कटरा ईदगाह सहित मोहम्मदिया मस्जिद मस्जिद सलाम मस्जिद नूरानी मस्जिद फारुकी मस्जिद मोहम्मदी मक्का मस्जिद मदीना मस्जिद मरकज मस्जिद मैं अपने समय अनुसार इमाम द्वारा ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई।

*खुतबा के पश्चात* *इमाम द्वारा दोनों हाथ बुलंद करके देश दुनिया मैं अमन चैन सद्भावना एकता अखंडता इंसानियत व प्रेमभाव के लिए दुआएं मांगी गईं ।इस दौरान नमाज सफलता पूर्वक संपन्न करने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकार सदर सौरभ श्रीवास्तव कोतवाली प्रभारी संतोष सिंह द्वारा पुलिस टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था स्वयं संभाल रखी थी । ईदगाहों के साथ मस्जिदों के पास भी सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था।किसी को भी ईदगाह परिसर के बाहर नमाज ना पढ़ने के लिए कहा गया था। जिसका असर भी दिखा

*नमाज के दौरान सड़कें आमजन के लिए सुलभ रही।

# आईपीएल में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे ऋषभ पंत

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की टी20 टीम में वापसी करने की कवायद में लगे ऋषभ पंत 28 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस सत्र में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के कप्तान के रूप में पंत के लिए यह सत्र निर्णायक साबित हो सकता है। उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा है क्योंकि फ्रेंचाइजी ने 2025 की मेगा नीलामी में उन्हें रिकॉर्ड 27 करोड़ रुपए में अपनी टीम से जोड़ा था। पिछले साल के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अगर पंत इस सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह भविष्य में भारत की टी20 योजनाओं का हिस्सा बन सकते हैं। पंत खेल के तीनों प्रारूप में से केवल भारतीय टेस्ट टीम के ही अभिन्न सदस्य हैं जबकि वनडे में वह केएल राहुल के बैकअप विकेटकीपर हैं। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने 2024 में भारत की विश्व कप जीत के बाद टी20 टीम में अपनी जगह गंवा दी थी। संजू सैमसन और ईशान किशन के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए टीम में वापसी करने के लिए उन्हें कुछ




खास प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। इसलिए पंत के लिए आईपीएल का आगामी सत्र काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें वह अपनी कीमत को जायज ठहराने के अलावा खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की भी कोशिश करेंगे। पंत ने पिछले सत्र में अधिकतर समय चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी लेकिन तब वह आखिर के कुछ मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे। उस समय तक हालांकि लखनऊ की वापसी की संभावना समाप्त हो गई थी। पंत के तीसरे नंबर पर उतरने का मतलब होगा कि निकोलस पूरन को बल्लेबाजी क्रम में नीचे आना पड़ेगा। एलएसजी की टीम अभी लखनऊ में अपने घरेलू मैदान पर अभ्यास कर रही है। उसका पहला मैच एक अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होगा। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर और उनके सहयोगी स्टाफ अपने कप्तान के बल्लेबाजी क्रम को लेकर एकमत हैं। आईपीएल सूत्रों के अनुसार, ''टीम प्रबंधन और पंत दोनों इस बात से सहमत हैं कि उनके लिए तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करना उपयुक्त होगा। इस साल उनके शीर्ष क्रम में एडन मार्क्रम, मिचेल मार्श और पंत शामिल होंगे। पंत ने पिछले साल 133.17 के निराशाजनक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और उन्होंने केवल 269 रन बनाए जिसमें नाबाद 118 रन की एक पारी भी शामिल है। लखनऊ की टीम के मध्य क्रम में पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद और शाहबाज अहमद शामिल हैं। पिछले सत्र में लखनऊ की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी गेंदबाजी रही थी क्योंकि मयंक यादव और मोहसिन खान जैसे तेज गेंदबाज चोटों के कारण उपलब्ध नहीं थे। अन्य तेज गेंदबाजी विकल्पों में आवेश खान और एनरिच नार्किया शामिल थे। सूत्र ने कहा, ''लखनऊ की बल्लेबाजी अच्छी है और गेंदबाजी पिछले साल की तुलना में काफी बेहतर दिख रही है, लेकिन अभी भी संयोजन तय करने बाकी हैं। मयंक फिट हैं, लेकिन उन्हें नेट पर और अधिक गेंदबाजी करने की जरूरत है। उम्मीद है कि वह टीम की उम्मीद पर खरा उतरेंगे।''

# न्यूजीलैंड महिला टीम ने चौथे टी-20 में दक्षिण अफ्रीका को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त

एजेंसी

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज के चौथे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला टीम को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। सीरीज का आखिरी मैच 25 मार्च को क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में खेला जाएगा। वेलिंगटन में रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए। टीम के लिए सबसे ज्यादा रन एनेरी डर्कसेन ने बनाए। उन्होंने 32 गेंदों में नाबाद 55 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी में आठ चौके और एक छक्का शामिल था। डर्कसेन के अलावा सलामी बल्लेबाज सुने लूस ने 29 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 30 रन बनाए। इनके अलावा नादिन डी क्लर्क 20 रन, क्लो ट्रायोन ने 14 रन, कायला रेनेके ने 13 रन और कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट ने 10 रन का योगदान दिया। न्यूजीलैंड की ओर से




जेस केर ने चार ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। कप्तान अमेलिया केर और सोफी डिवाइन को एक-एक सफलता मिली। 160 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। विकेटकीपर बल्लेबाज इसाबेला गेज 6 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद जॉर्जिया प्लिमर और कप्तान अमेलिया केर ने पारी को आगे बढ़ाया। जॉर्जिया ने जहां 22 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 29 रन बनाए, वहीं कप्तान केर ने 29 गेंदों में चार चौकों की मदद से 31 रन की पारी खेली। इन दोनों का विकेट गिरने के बाद अनुभवी सोफी डिवाइन ने एक बार फिर शानदार बल्लेबाजी कर टीम को जीत दिला दी। उन्होंने 34 गेंदों पर चार छक्कों और छह चौकों की मदद से 64 रनों की विस्फोटक पारी खेली। ब्रूक हैलिडे 16 और मैडी ग्रीन 09 रन बनाकर नाबाद रहीं। डिवाइन की पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने यह लक्ष्य 18.3 ओवर में हासिल कर लिया।

# आयरलैंड दौरा स्थगित कर टीम इंडिया की मेजबानी की तैयारियों में जुटा बांग्लादेश

एजेंसी

नई दिल्ली। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सितंबर 2026 में होने वाले अपनी टीम के आयरलैंड दौरे को फिलहाल स्थगित कर दिया है। बांग्लादेश इस दौरान भारत की मेजबानी करने की योजना बना रहा है। बीसीबी के एक अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि सितंबर 2026 में प्रस्तावित बांग्लादेश का आयरलैंड दौरा टाल दिया गया है क्योंकि वे उस दौरान भारत की मेजबानी की योजना बना रहे हैं। क्रिकबज के अनुसार, क्रिकेट आयरलैंड ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को सूचित किया है कि वे 2026 के भीतर पुनर्निर्धारण की व्यवस्था करने में असमर्थ होंगे। यह सूचना बीसीबी द्वारा यह बताने के बाद दी गई कि वे सितंबर में यात्रा करने में असमर्थ होंगे क्योंकि वे उस दौरान भारत की मेजबानी करने की योजना बना रहे हैं। दोनों बोर्ड इस बात पर सहमत हुए कि श्रृंखला को टाल दिया जाए क्योंकि दोनों पक्ष सितंबर की निर्धारित अवधि में इसे आयोजित करने में असमर्थ थे। भारतीय टीम को 2025 में बांग्लादेश का दौरा करना था लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता, सुरक्षा चिंताओं और तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के कारण दौरे को स्थगित कर दिया गया। अब इस साल यह दौरा होने की संभावना है। हालांकि भारत का यह दौरा अभी अंतिम रूप से तय नहीं है। अगर भारत सरकार से मंजूरी मिली तो भारतीय टीम अगस्त में बांग्लादेश पहुंच सकती है। बीसीबी के अधिकारी ने क्रिकबज को बताया कि जब भारत के साथ होने वाली श्रृंखला को पिछले साल से इस सितंबर में स्थानांतरित किया गया तो हमने उनसे (क्रिकेट आयरलैंड से) पूछा कि क्या वे हमें 2026 में किसी अन्य समय पर समायोजित कर सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि वे ऐसा करने में असमर्थ हैं। इसलिए दौरे को टाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें कुछ अन्य समस्याएं भी थीं इसलिए हमने आयरलैंड दौरे के लिए एक नई समयावधि खोजने के लिए मिलकर काम करने का फैसला किया। उम्मीद है कि अगले साल (2027) किसी समय यह हो। बांग्लादेश ने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर 2-1 से वनडे सीरीज जीती है। फिलाहल बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् (आईसीसी) की वनडे टीम रैंकिंग में नौवें स्थान पर है। उसके 79 रेटिंग अंक हैं।

# तन्वी का शानदार अभियान सेमीफाइनल में ओकुहारा से हार से खत्म, ईशारानी भी हारीं

एजेंसी

ओरलियंस। भारत की युवा शटलर तन्वी शर्मा को शनिवार को यहां ओरलियंस मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में अपनी गलतियों पर नियंत्रण नहीं कर पाने के कारण पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। वहीं एक अन्य भारतीय खिलाड़ी ईशारानी बरूआ को भी महिला एकल के सेमीफाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपाटनिपुथ से 12-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। इससे खिताबी मुकाबला ओकुहारा और ओपाटनिपुथ के बीच खेला जाएगा। भारत की सत्रह वर्षीय खिलाड़ी तन्वी पूरे मैच के दौरान अपनी लेंथ और नियंत्रण को लेकर जूझती रहीं। विश्व जूनियर चैंपियनशिप की



रजत पदक विजेता को 35 मिनट में 31 वर्षीय ओकुहारा (2016 की ओलंपिक कांस्य पदक विजेता और 2017 की विश्व चैंपियन) के हाथों 9-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। तन्वी ने पिछले साल सैयद मोदी इंटरनेशनल में ओकुहारा के खिलाफ तीन गेम के एक रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल की थी। लंबी रैलियों के लिए मशहूर ओकुहारा ने पहले गेम में 3-0 की बढ़त बना ली और फिर तन्वी की गलतियों के कारण 6-3 पर पहुंच गईं। तन्वी लगातार लाइन से चूकती रहीं और ब्रेक तक जापानी खिलाड़ी से 6-11 से पिछड़ रही थीं। ओकुहारा ने अपनी रैलियों और जोरदार स्मैश से 19-7 की बढ़त बना ली। फिर ओकुहारा ने एक और आक्रामक स्ट्रोक के साथ 12 गेम प्वाइंट हासिल कर लिए। इस तरह भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवा दिया। कोच ने ब्रेक के दौरान तन्वी को प्रेरित करने की कोशिश की। हालांकि दूसरे गेम में भी यही सिलसिला जारी रहा। ओकुहारा 3-0 से आगे हो गईं। भारतीय खिलाड़ी को अपने शॉट्स पर नियंत्रण रखने में काफी संघर्ष करना पड़ा। ओकुहारा ने दबाव बनाए रखा और एक और सटीक स्मैश लगाकर स्कोर 10-6 कर दिया। तन्वी के एक और वाइड शॉट ने ओकुहारा को ब्रेक के समय चार अंक की बढ़त दिला दी। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने थोड़ी देर के लिए वापसी की और स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। ओकुहारा ने कई गलतियां कीं जिससे ऐसा हुआ। ओकुहारा ने 25 शॉट की एक रैली जीती और फिर एक क्रॉस-कोर्ट स्मैश लगाकर वह जीत के और करीब पहुंच गईं। 18-14 के स्कोर पर ओकुहारा ने अपनी दाईं ओर डाइव लगाकर एक शानदार बचाव किया और जीत से सिर्फ दो अंक दूर रह गईं। इसके बाद तन्वी ने फिर से वाइड शॉट खेला जिससे ओकुहारा को मैच जीतने के पांच मौके मिल गए। तन्वी ने एक मौका क्रॉस-कोर्ट स्मैश लगाकर बचाया, लेकिन फिर ओकुहारा ने एक बेहतरीन 'स्लाइस विनर' शॉट लगाकर मैच अपने नाम कर लिया।

# पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति बाधित, आधी क्षमता पर चल रहे हैं भारत के यूरिया संयंत्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच 'अपरिहार्य स्थिति' की घोषणा के चलते तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति बाधित होने की वजह से देश के यूरिया संयंत्र अपनी आधी क्षमता पर परिचालन कर रहे हैं। उद्योग सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि देश की सबसे बड़ा एलएनजी प्राप्त करने वाला टर्मिनल चलाने वाली पेट्रोनेट एलएनजी लि. ने अपरिहार्य स्थिति की घोषणा की है। आपूर्तिकर्ताओं ने जलडमरूमध्य व्यवधान की वजह से कंपनी को अनुबंधित मात्रा में गैस की आपूर्ति करने में असमर्थता जताई है। इस कदम से सरकारी गैस वितरक कंपनियों गेल (इंडिया) लिमिटेड, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) ने आपूर्ति में कटौती शुरू कर दी है। ये कंपनियां रासगैस अनुबंध के तहत उर्वरक इकाइयों को गैस की आपूर्ति करती हैं। उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''गैस आपूर्ति सामान्य स्तर से घटाकर 60-65 प्रतिशत तक कर कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कुछ इकाइयों के लिए प्रभावी आपूर्ति 50 प्रतिशत से नीचे आ गई है। इस वजह से, जिन संयंत्रों पर असर पड़ा है, वहां यूरिया का उत्पादन लगभग 50 प्रतिशत कम हो गया है। संयंत्र अधिकारियों के मुताबिक, वहीं इसके उलट इन जगहों पर ऊर्जा की खपत की खपत 40 प्रतिशत तक बढ़ गई है, क्योंकि कम लोड पर चलने वाली बड़ी अमोनिया-यूरिया ट्रेन की तापीय दक्षता में भारी गिरावट आई है। एक संयंत्र के परिचालन प्रबंधक ने कहका, ''इस पैमाने के संयंत्र अपनी मर्जी से उत्पादन बढ़ाने या घटाने के लिए डिजाइन नहीं किए गए हैं।'' इन हालात में काम करने का मतलब है कि आप कम उर्वरक बनाने के लिए ज़्यादा ऊर्जा खर्च कर रहे हैं, और यह सीधे तौर पर वित्तीय नुकसान है।

# सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**एक सप्ताह में 13,690 रुपये तक सस्ता हुआ सोना, चांदी में 30 हजार रुपये की गिरावट**

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में कमजोरी का रुख लगातार जारी है। आज रविवार के कारोबार में हाजिर सोना 2,740 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,930 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। इसी तरह चांदी के भाव में आज 9,900 रुपये प्रति किलोग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,970 रुपये से लेकर 1,46,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,33,800 रुपये से लेकर 1,33,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली




सर्राफा बाजार में 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। साप्ताहिक आधार पर देखें तो पिछले सप्ताह के कारोबार में सोना और चांदी की कीमत में बड़ी कमजोरी दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत में 13,690 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 12,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। चांदी के भाव में भी पूरे सप्ताह की कारोबार में जबरदस्त दबाव बना रहा, जिसकी वजह से ये चमकीली धातु 30 हजार रुपये प्रति किलोग्राम सस्ती हो गई है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,46,120 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,020 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,850 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,970 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,45,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,020 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# चाय श्रमिकों के लिए टीएमसी के 300 रुपये दिहाड़ी के वादे पर उद्योग जगत की सतर्क प्रतिक्रिया

एजेंसी

कोलकाता। अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के चाय बागान श्रमिकों की न्यूनतम दैनिक मजदूरी बढ़ाकर 300 रुपये करने के चुनावी वादे पर उद्योग जगत के हितधारकों ने सतर्क प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मजदूरी में किसी भी संशोधन के लिए इस क्षेत्र की नाजुक वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखना चाहिए और नियोक्ताओं, ट्रेड यूनियनों तथा सरकार को शामिल करने वाली स्थापित परामर्श प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी घोषणापत्र में सत्तारूढ़ टीएमसी ने चाय बागान श्रमिकों की दैनिक मजदूरी 250 रुपये से बढ़ाकर 300 रुपये करने का संकल्प लिया है। पार्टी ने यह भी कहा कि वह हरी चाय की पत्तियों पर कृषि आयकर की छूट को 2027 तक बढ़ाएगी और बागान श्रमिकों के लिए 'चा सुंदरी' आवास योजना जैसी कल्याणकारी पहल जारी रखेगी। हालांकि, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों का कहना है कि चाय क्षेत्र में वेतन निर्धारण पारंपरिक रूप से तय बातचीत प्रक्रिया के माध्यम से होता है। भारतीय चाय संघ (टीएआई) के महासचिव पी के भट्टाचार्य ने कहा कि उत्तर बंगाल में मजदूरी तंत्र एक बहु-हितधारक मंच के माध्यम से निर्धारित किया जाता है। उन्होंने कहा, ''उत्तर बंगाल में वेतन, न्यूनतम मजदूरी सलाहकार बोर्ड नामक निकाय द्वारा तय किया जाता है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जिसमें नियोक्ता, सरकार और ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि भाग लेते हैं। उन्होंने आगे कहा, ''इसमें उद्योग की भुगतान क्षमता, बाजार की स्थिति और लागू प्रावधानों जैसे सभी पहलुओं पर विचार किया जाता है। इसलिए, उद्योग के रूप में यह आशा की जाती है कि मजदूरी लागू करने से पहले इन सभी पहलुओं पर गौर किया जाएगा। नाम न छापने की शर्त पर दार्जिलिंग चाय उद्योग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पहाड़ियों के कई बागान पहले से ही वजूद बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल: विश्लेषक

**शेयर समीक्षा**

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रमों और कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि वैश्विक बाजारों के रुझान, विदेशी निवेशकों के रुख और रुपये-डॉलर की चाल भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित करेगी। 'राम नवमी' के उपलक्ष्य में बृहस्पतिवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (एसवीपी) अजित मिश्रा ने कहा, ड्डमौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच इस सप्ताह बाजार आंकड़ों के प्रति संवेदनशील रह सकता है। पश्चिम एशिया संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव प्रमुख बाहरी कारक बने रहेंगे और निकट अवधि में बाजार रुझान को तय करेंगे। उन्होंने आगे कहा, ''घरेलू मोर्चे पर निवेशक विनिर्माण, सेवाओं और कंपोजिट श्रेणियों के लिए एचएसबीसी के पीएमआई के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे, जो व्यावसायिक गतिविधियों के रुझानों का शुरुआती संकेत देगा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कमजोर होते रुपये और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का भारत की वृद्धि और कॉरपोरेट आय पर पड़ने वाले प्रभाव की चिंताओं के कारण, विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 88,180 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। ऑनलाइन कारोबारी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''बाजारों के अत्यधिक अस्थिर और घटना आधारित रहने का अनुमान है। निकट अवधि की दिशा काफी हद तक पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास उभरती स्थिति पर निर्भर करेगी। किसी भी लंबे व्यवधान के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के स्तर से ऊपर बनी रह सकती हैं। इससे मुद्रास्फीति और चालू खाते का घाटा का दबाव बढ़ सकता है और जोखिम से बचने की धारणा बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एफआईआई प्रवाह, रुपये की चाल और अमेरिकी डॉलर की मजबूती सहित वैश्विक संकेतों पर नजर रहेगी। कच्चे तेल की कीमतों में कमी या तनाव कम होने के किसी भी संकेत से तेजी आ सकती है, जबकि तनाव बढ़ने से बाजार पर और दबाव पड़ सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 30.96 अंक (0.04 प्रतिशत) और एनएसई निफ्टी में 36.6 अंक (0.15 प्रतिशत) की गिरावट दर्ज की गई थी।



# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से पांच का बाजार पूंजीकरण 1.02 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में एचडीएफसी बैंक रहा। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 30.96 अंक या 0.04 प्रतिशत नीचे आया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 36.6 अंक या 0.15 प्रतिशत टूट गया। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज़ (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई, वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत बढ़ गई। शीर्ष 10 में पांच कंपनियों का बाजार मूल्यांकन कुल 1,02,771.87 करोड़ रुपये कम हो गया। सप्ताह के दौरान एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 56,124.48 करोड़ रुपये घटकर 12,01,267.28 करोड़ रुपये रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 18,009.62 करोड़ रुपये घटकर 4,89,631.32 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस के पूंजीकरण में 15,338.42 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,16,715.12 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 7,127.63 करोड़ रुपये घटकर 8,64,940 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 6,171.72 करोड़ रुपये घटकर 8,91,673.06 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 45,942.75 करोड़ रुपये बढ़कर 19,14,235.92 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 24,462.03 करोड़ रुपये बढ़कर 10,52,893.75 करोड़ रुपये और एसबीआई का मूल्यांकन 10,707.52 करोड़ रुपये बढ़कर 9,76,968.57 करोड़ रुपये रहा। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 2,624.88 करोड़ रुपये बढ़कर 4,91,610.45 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 2,473.79 करोड़ रुपये बढ़कर 5,08,789.37 करोड़ रुपये हो गई।

# तमिलनाडु विधानसभा चुनाव: तमिलगा वाझ्वुरिमै काची ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम गठबंधन से तोड़ा नाता

एजेंसी



चेन्नई तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच तमिलगा वाझ्वुरिमै काची (टीवीके) ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) से अलग होने का ऐलान कर दिया है। इसकी घोषणा पार्टी प्रमुख वेलमुरुगन ने रविवार को चेन्नई में प्रेस वार्ता के दौरान की।

वेलमुरुगन ने बताया कि उनकी पार्टी 2019 के लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक द्रमुक गठबंधन का हिस्सा रही है और कई चुनावों में साथ मिलकर काम किया। इस बार भी द्रमुक के साथ सीट बंटवारे को लेकर बातचीत हुई, लेकिन पार्टी को केवल एक सीट देने का प्रस्ताव दिया गया, जबकि उन्होंने दो सीटों की मांग की थी।

उन्होंने कहा कि पार्टी ने पहले चरण की बातचीत में ही अधिक सीटों की मांग रखी थी और हाल ही में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में भी स्पष्ट कर दिया गया था कि यदि अतिरिक्त सीटें नहीं मिलीं तो गठबंधन छोड़ दिया जाएगा। इसके बावजूद द्रमुक की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली।

वेलमुरुगन ने आरोप लगाया, ह्लहमारी 10 प्रमुख मांगों को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया। हमने विधानसभा के अंदर और बाहर कई मुद्दों पर संघर्ष किया, लेकिन हमारी बातों को महत्व नहीं दिया गया।

उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों के प्रभाव में द्रमुक ने उनकी पार्टी को गठबंधन से बाहर कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया, ह्लतमिलनाडु में अब अधिकारियों का ही शासन चल रहा हैङ्क। वेलमुरुगन ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी अब द्रमुक गठबंधन का हिस्सा नहीं रहेगी और न ही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक)ऽभारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन में शामिल होगी।

द्रमुक की नीतियों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय की बात करने वाली पार्टी जाति-आधारित जनगणना कराने से क्यों पीछे हट रही है। साथ ही वन्नियार समुदाय को 10.5 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरा और पूछा कि आखिर किस दबाव में यह निर्णय लागू नहीं किया गया।

इसके अलावा, उन्होंने राज्य सरकार से सवाल किया कि तमिलनाडु जॉब्स ओनली एक्ट को लागू क्यों नहीं किया गया और तमिल शिक्षित युवाओं को नौकरियों में प्राथमिकता देने के लिए अब तक कानून क्यों नहीं बनाया गया।

वेलमुरुगन ने कहा कि उनकी पार्टी के लिए सीटों से ज्यादा उनकी 10 मांगें महत्वपूर्ण हैं और जो भी राजनीतिक दल इन मांगों को स्वीकार करेगा, उसके साथ बातचीत की जाएगी। सहयोगी संगठनों के साथ चर्चा के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। इस घटनाक्रम के बाद तमिलनाडु की राजनीति में गठबंधन समीकरणों में बड़े बदलाव की संभावना बढ़ गई है और आगामी विधानसभा चुनाव का मुकाबला और अधिक रोचक होने की उम्मीद है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार दिवस की शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को बिहार दिवस के अवसर पर बिहार की जनता को शुभकामनाएं दीं और कहा कि बिहार ने लंबे समय से भारतीय विरासत को गौरव और दिव्यता प्रदान की है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, ''बिहार दिवस के अवसर पर राज्य के अपने सभी परिवारजनों को अनेकानेक शुभकामनाएं! भारतीय विरासत को भव्यता और दिव्यता प्रदान करने वाला हमारा यह प्रदेश आज प्रगति के नित-नए अध्याय गढ़ने में जुटा है। मुझे विश्वास है कि विकसित बिहार के साथ विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में यहां के कर्मठ एवं ऊर्ज़ावान लोगों का समर्पण और सामर्थ्य बहुत काम आएगा।''

## कंबोडिया के मंदिर का जीर्णोद्धार देखने पहुंचे सचिव पी. कुमारन

नई दिल्ली । विदेश मंत्रालय के पूर्वी क्षेत्र के सचिव पी. कुमारन ने रविवार को कंबोडिया के सुप्रसिद्ध ता प्रोहम मंदिर का दौरा किया। यह दौरा विशेष रूप से वहां चल रहे संरक्षण और जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए किया गया था। ता प्रोहम मंदिर के जीर्णोद्धार का नेतृत्व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) कर रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार के दो चरण सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। वर्तमान में इस परियोजना का तीसरा चरण प्रगति पर है।

यह परियोजना न केवल दक्षिण-पूर्व एशिया की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाती है बल्कि दोनों देशों के बीच सभ्यतागत संबंधों को भी और गहरा करती है।

उल्लेखनीय है कि विश्व के सबसे बड़े मंदिरों में से एक कंबोडिया के अंकोरबाट मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने किया था। अंकोरबाट मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। वहीं ता प्रोहम मंदिर महायान बौद्ध मंदिर है। इसे राजाय जयवर्मन सप्तम् ने बनवाया था। इन दोनों मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए 1986-1993 तक सहायता देने वाला भारत पहला देश था। उसके बाद से भारत इस प्रोजेक्ट से लगातार जुड़ा हुआ है।

# पेज एक का शेष

## प्रदेश...

जालौन, सहारनपुर, बांदा और बदायूं के मेडिकल कॉलेजों के साथ जेके कैंसर संस्थान और हृदय रोग संस्थान, कानपुर में की जाएगी। इन अभ्यर्थियों में 1097 महिलाएं और 131 पुरुष शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश की बेटियां अब सिर्फ सपने नहीं देख रहीं, बल्कि उन्हें साकार भी कर रहीं हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना इनके लिए ऐसे 'पंख' बनकर उभरी है, जिसके सहारे वे देश की सबसे कठिन मानी जाने वाली सिविल सेवा परीक्षा में सफलता का परचम लहरा रही हैं। संघ लोकसेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में इस योजना का लाभ लेकर प्रदेश की तीन बेटियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खास बात ये है कि इस योजना के जरिए अब तक ढाई सौ से अधिक बेटियां सफलता हासिल कर चुकीं हैं और अधिकारी बनकर यूपी को दिशा दिखा रहीं हैं। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि योगी सरकार की शिक्षा केंद्रित योजनाओं की प्रभावशीलता का भी प्रमाण है।

प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि 2021 में शुरू हुई मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने अब तक एक लाख से अधिक अभ्यर्थियों को जोड़कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का मजबूत मंच दिया है। खास बात यह है कि बेटियां इस योजना के जरिए महंगे कोचिंग संस्थानों के बिना भी बड़ी सफलता हासिल कर रहीं हैं। 'नारी तू नारायणी' की भावना को साकार करती ये बेटियां आज समाज के लिए प्रेरणा बन रहीं हैं।ढगाजियाबाद के प्रताप विहार की रहने वाली मानसी ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में 444वीं रैंक हासिल की। प्राइवेट जॉब करने वाले पिता समेत परिवार में पांच सदस्य हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मानसी ने घर पर ही तैयारी की और अभ्युदय योजना के मार्गदर्शन से सफलता हासिल की।

अदिति सिंहः पढ़ाई के साथ दूसरों का भी किया मार्गदर्शन

झांसी की अदिति सिंह ने 859वीं रैंक प्राप्त की। इंजीनियर पिता और शिक्षिका मां की बेटी अदिति ने सेल्फ स्टडी और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की। खास बात यह रही कि वह स्वयं भी अभ्युदय योजना के तहत अन्य छात्रों को पढ़ाकर उनकी मदद करती रहीं।

तनीषा सिंह : घर से पढ़ाई, बड़ा मुकाम

आगरा की तनीषा सिंह ने 930वीं रैंक हासिल की। रेवेन्यू इंस्पेक्टर पिता और गृहिणी मां के परिवार से आने वाली तनीषा ने घर पर रहकर ऑनलाइन पढ़ाई की और अभ्युदय योजना की सहायता से सफलता प्राप्त की।

बदलती तस्वीर : गांव-शहर हर जगह जल रही शिक्षा की लौ

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने न केवल शिक्षा को सुलभ बनाया है, बल्कि बेटियों में आत्मविश्वास भी जगाया है। अब वे बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस जुटा रहीं हैं। योगी सरकार की यह पहल साबित कर रही है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर यूपी की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं।

अवसर मिला तो बेटियां उड़ान भरेंगी

इन सफलताओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगर सही दिशा और संसाधन मिलें, तो प्रदेश की बेटियां देश की प्रशासनिक व्यवस्था में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह सक्षम हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आज उन लाखों सपनों को आकार दे रही है, जो कभी संसाधनों के अभाव में अधूरे रह जाते थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बेटियों की सुरक्षा के प्रति गंभीरता को देखते यूपी सरकार ने आधी आबादी को सम्मानजनक व सुरक्षित वातावरण देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज (यूपीएसआईएफएस) ने एक अनूठी पहल की है। संस्थान के बीटेक स्टूडेंट्स द्वारा विकसित ह्लद शैडोङ्क (यूपीएसआईएफएस एप) एप स्टूडेंट्स, विशेषकर बेटियों की सुरक्षा व शैक्षणिक प्रबंधन को एक साथ मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। यह एप एक समग्र सुरक्षा-आधारित डिजिटल इकोसिस्टम के रूप में तैयार किया गया है, जो हर स्टूडेंट के साथ उसकी ह्लपरछाईंङ्क की तरह जुड़ा रहेगा। यह तकनीक बेटियों को सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास है।

यूपीएसआईएफएस के डिप्टी डायरेक्टर चिरंजीव मुखर्जी ने बताया कि ह्लद शैडोङ्क इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स द्वारा ही विकसित किया गया है। इस एप की खासियत केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह स्टूडेंट्स की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए उनके हर मूवमेंट को अधिकृत तरीके से ट्रैक करता है। कैंपस में प्रवेश, निकास, अवकाश अनुरोध और अन्य गतिविधियों को डिजिटल रूप से रिकॉर्ड किया जाता है, जिससे संस्थान प्रशासन को रियल-टाइम जानकारी मिलती रहती है। इसमें अटेंडेंस, असाइनमेंट, परीक्षा प्रदर्शन और अकादमिक प्रगति का पूरा डेटा भी उपलब्ध रहता है, जिससे स्टूडेंट्स, पैरेंट्स व टीचर तीनों एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े रहते हैं। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि स्टूडेंट्स की जिम्मेदारी भी तय होगी। एप में दिया गया 'पैरेंट-फर्स्ट अप्रूवल सिस्टम' इसे और खास बनाता है। इसके तहत किसी भी छात्रा के कैंपस से बाहर जाने या विशेष अनुमति से जुड़े अनुरोध पर सबसे पहले अभिभावकों की मंजूरी अनिवार्य है। इससे बेटियों की सुरक्षा को एक अतिरिक्त परत मिलती है और अभिभावकों का विश्वास भी मजबूत होता है। इससे छात्राओं की स्वतंत्रता और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित होगा।

द शैडो एप का एक और महत्वपूर्ण पहलू इसका इंटीग्रेटेड एसओएस इमरजेंसी कॉल सिस्टम है। यदि कोई छात्रा किसी भी प्रकार की असुरक्षित स्थिति में आती है, तो एक बटन दबाते ही संस्थान प्रशासन और अभिभावकों को तुरंत अलर्ट मिल जाता है। यह सुविधा आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करती है, जिससे किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सकता है। इसके साथ ही क्यूआर-कोड आधारित डिजिटल गेट पास सिस्टम भी लागू किया गया है, जिससे कैंपस में अनधिकृत प्रवेश और अवांछनीय गतिविधियों पर पूरी तरह नियंत्रण रखा जा सके। इंस्टीट्यूट की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. नेहा सिंह के मार्गदर्शन में इस एप को बीटेक छात्र हर्ष व आदित्य मिश्रा ने विकसित किया है। डिप्टी डायरेक्टर ने बताया कि ह्लद शैडोङ्क एप बेटियों की सुरक्षा को लेकर तकनीकी नवाचार का एक सशक्त उदाहरण है, जो सरकारी प्रयासों को संस्थागत स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाता है। यह ऐप दिखाता है कि कैसे डिजिटल तकनीक के माध्यम से सुरक्षा व्यवस्था को और सशक्त किया जा सकता है। यह स्टूडेंट्स के लिए एक ह्लडिजिटल साथीङ्क की तरह है, जो हर पल उनकी सुरक्षा, निगरानी और शैक्षणिक प्रगति का ध्यान रखेगा।

## सत्ता...

ने कहा कि दलित व ओबीसी समाज को, जो जाति के आधार पर तोड़े और पछाड़े जा रहे हैं, उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए आपसी सद्भावना व भाईचारा के आधार पर 'बहुजन समाज' की एकता से पूरी तरह से जुड़ना होगा, तभी वोट हमारा राज तम्हारा, अब और नहीं चलेगा का नारा व संकल्प सामाजिक परिवर्तन की वास्तविकता के रूप में साकार हो पायेगा।

उन्होंने कहा कि बसपा ने यूपी जैसे विशाल, महत्वपूर्ण व संवेदनशील राज्य में एक बार नहीं बल्कि अब तक चार बार अपनी 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त पर सरकार चलाकर और सर्वसमाज के जान, माल व मज़हब के सुरक्षा की संवैधानिक गारण्टी को 'कानून द्वारा कानून का राज स्थापित करके भी दिखाया है, जो कि देश में किसी भी पार्टी की सरकार में सुनने व देखने को नहीं मिलती है। यही असली बात है बसपा की करनी में जबकि दूसरी पार्टी की सरकारों की कथनी और करनी में ईमानदारी नहीं है बल्कि उनमें भारी छलावा है। ऐसे समय में जब सत्ताधारी पार्टियां समाज व सत्ता में अपना वर्चस्व बरकरार रखने के लिए सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ-साथ साम, दाम, दण्ड, भेद हर प्रकार के घिनौने हथकण्डे अपनाने पर तुली हुई हैं। खासकर दलित व ओबीसी आदि 'बहुजन समाज के हर अंग को चुनावी सफलता हासिल करने के लिये पूरे जी-जान से कमर कसना होगा, ताकि उन्हें पिछड़ने व पछाड़ने के जातिवादी व शोषणकारी व्यवस्था से 'शासक वर्ग' बनकर मुक्ति मिल सके।

मायावती ने कहा कि देश के जो हालात हैं उसमें केन्द्र एवं राज्य सरकारों की गलत नीति, भ्रष्ट कार्यकलापों तथा गरीब व किसान विरोधी रवैयों का सबसे बुरा खामियाज़ा इन्हीं 'बहुजन समाज के बहुजन लोगों को उठाना पड़ रहा है। इससे उनका जीवन त्रस्त है, जबकि मुट्ठीभर बड़े-बड़े पूंजीपति व धन्नासेठों के साथ-साथ विशेषकर सत्ताधारी पार्टी और उनके लोगों का जो दिन दोगुनी व रात चौगुनी विकास कैसे हो रहा है ? वह किसी से भी छिपा हुआ नहीं बल्कि सबकी नज़रों के सामने है। अतः बहुजन समाज अर्थात बहुजनों को भी अपने पैरों पर खड़ा होने के लिए चुनावी सफलता हासिल करके केन्द्र व राज्य की सत्ता अपने हांथों में लेनी ही होगी, इसी संकल्प को जीवन में उतारना बहुत जरूरी है। बसपा प्रमुख ने मध्य प्रदेश, बिहार प्रदेश व छत्तीसगढ़ स्टेट यूनिट के सभी छोटे-बड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती और बसपा की स्थापना दिवस भी पूरी मिशनरी उद्देश्यों के तहत मनाने की अपील भी की।

## ईसीआई ...

की जानकारी होगी। इस बार चुनावों में तकनीक और सहायता पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाता सहायता बूथ (वीएबी) स्थापित किए जाएंगे जिनमें बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) और कर्मचारियों की एक टीम होगी जो मतदाताओं को संबंधित बूथ की मतदाता सूची में अपना मतदान बूथ नंबर और क्रम संख्या ढूंढने में सहायता करेगी। वीएबी पर प्रमुख संकेत होंगे और मतदान परिसर में पहुंचते ही मतदाताओं को आसानी से दिखाई देंगे।

मतदाताओं की सुविधा के लिए चुनाव आयोग द्वारा उठाए गए कई कदमों में से एक यह है कि मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के बाहर मतदाताओं के लिए मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मतदाता केंद्र में प्रवेश करने से पहले अपना फोन (बंद करके) एक नामित स्वयंसेवक को सौंप सकते हैं और मतदान के बाद उसे वापस ले सकते हैं। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि ये सभी उपाय अनिवार्य हैं और इनका कड़ाई से पालन होना चाहिए। सभी फील्ड अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे मतदान की तारीखों से पहले ही इन व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर लें ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## बिना आधी...

उन्होंने कहा कि डायल 100 में कॉल रिसीव करने के लिए उस समय (सपा सरकार) हम लोगों ने पुरुषों को नहीं महिलाओं को रखा था, क्योंकि वो दुख और तकलीफ समझतीं हैं। आने वाले समय में हम लोग रानी लक्ष्मी जी के नाम पर योजना शुरू कर के महिलाओं को सम्मान देने का काम करेंगे।

अखिलेश ने कहा कि भविष्य में जब हमारी सरकार बनेगी तो नारी समृद्धि सम्मान योजना शुरू करने का काम करेंगे, जिसमें महिलाओं को 40 हजार रुपया साल का देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बिना आधी आबादी के हम देश को तरक्की के रास्ते पर नहीं ले जा सकते, इसलिए महिलाओं को आगे बढ़ाना जरूरी है।

जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल उठते हुए अखिलेश यादव ने गोरखपुर में हुए एक हत्याकांड का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर में तो लॉ एंड ऑर्डर की ही हत्या हो गई है। जनता से अपील है किइस सरकार को हटाए बिना लॉ एंड ऑर्डर बेहतर नहीं हो सकता।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि सुना है कि जल्द ही यूपी सरकार में मंत्रिमंडल विस्तार होने जा रहा है। उन्होंने ने तंज कसते हुए कहा कि असली विस्तार सरकार का और विकास का होगा 27 में, इनका (भाजपा) विस्तार तो रूठों को मनाने वाला है।

लखनऊ में विकास और अन्य कामों को लेकर कहा कि देश के रक्षा मंत्री तो अच्छा काम करना चाहते होंगे, लेकिन मुख्यमंत्री जी ने ग्रीन कॉरिडोर नहीं, बर्बाद कॉरिडोर बनाया है। पीडेस्ट्रियन को चलने की जगह ही नहीं है, ये मानक के खिलाफ सड़क डिजाइन हुई है।

अखिलेश ने पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर किए सवाल पर कहा कि जनता ममता को ऐतिहासिक वोटों से विजयी बनाकर वहां की जनता फिर मुख्यमंत्री बनाने जा रही है।

गैस की किल्लत को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि कल (बीते हुए शनिवार) को उन्हें पता चला कि झांसी में जो ट्रक गायब हुआ था सिलेंडर का वो बीजेपी के लोगों ने गायब किया था।

वहीं धुरंधर मूवी को लेकर भी अखिलेश ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पैसे देकर फिल्में बना रहे हैं आप लोग (भाजपा) दूसरे दलों को बदनाम करने के लिए, मुझे लगता है इनपर ज्यादा पैसा पहुंच गया है। बेटियों की सुरक्षा के बिना समाज नहीं बढ़ सकता आगे

मैनपुरी संसदीय सीट से सांसद डिंपल यादव ने महिलाओं के साथ होने वाली घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। जब किसी देश की महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो देश आगे बढ़ता है। लेकिन, आज उल्टा हो रहा है। महिलाओं के साथ गलत भी हो रहा है और घटनाओं को दबाया भी जा रहा है। उक्त बात का डिंपल यादव ने उत्तराखंड राज्य में हुए अंकिता भंडारी केस को लेकर बेटियों के प्रति अत्याचार को बयां किया। उन्होंने कहा कि ''जिस तरह उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी के साथ हुआ, मैं उस कंाड को सुनकर इतना दुखी थी। जिस समाज में हमारी बेटियां सुरक्षित नहीं वो कैसे आगे बढ़ सकता है। उन्होंने महिलाओं को अपने दम पर आगे बढ़ने की बात कहते हुए हौसला दिया।

## सरकार ...

जो हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग को पीछे छोड़ते हुए देश में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख रहने का रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय जानता पार्टी आईटी डिपार्टमेंट के मुखिया अमित मालवीय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि पवन कुमार चामलिंग ने 8,930 दिनों तक मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था। वहीं, नरेन्द्र मोदी अब मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कुल 8,931 दिन पूरे कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि दशकों तक लगातार सार्वजनिक सेवा और नेतृत्व को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नाम कई विशिष्ट उपलब्धियां भी दर्ज हैं। वह गुजरात के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले मुख्यमंत्री रहे हैं। साथ ही, वह ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिनके पास मुख्यमंत्री के रूप में सबसे लंबा अनुभव रहा है। अमित मालवीय ने कहा कि नरेन्द्र मोदी स्वतंत्रता के बाद जन्म लेने वाले पहले प्रधानमंत्री हैं। इसके अलावा, उन्होंने 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों में लगातार तीन बार जीत दर्ज की है।

## अर्थव्यवस्था....

सोना की कीमतें लगातार कम हो रही हैं। उन्होंने कहा कि थोड़े से दिन पहले राहुल गांधी सोने को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे थे। अभी रुपया को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। राहुल गांधी को पहले अपने गिरेबां में झांक करके देखना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में थोक महंगाई की दर दुनिया में सबसे कम है। राहुल गांधी के अदृश्य नेतृत्व में जब सरकार काम करती थी, जब वो कैबिनेट के फैसलों को फाड़कर फेंका करते थे। संवैधानिक व्यवस्थाओं का अपमान करते थे। उस 10 साल के कालखंड में सात साल महंगाई की दर डबल डिजिट में थी। शेखावत ने कहा कि जब डबल डिजिट वाले दो प्रतिशत की महंगाई पर प्रश्न चिन्ह खड़े करें, तब उनकी बुद्धिमता पर प्रश्नचिह्न जनता खड़ा करेगी।

लोगों की समस्याएं सुनने से संबंधित सवाल पर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि मुझमें विश्वास रखते हुए, मुझ पर भरोसा करके इतने सारे लोग अपने छोटे-बड़े विषयों को लेकर चर्चा करते हैं। यदि आप किसी मुकाम पर पहुंचने के बाद धरातल से जुड़े रहें तो लोग आपके साथ जुड़ते हैं। जब लोग आपके साथ में जुड़ते हैं, आपके पास आते हैं, आप उनके किसी विषय का समाधान करके उनको राहत प्रदान कर सकें, इससे उनके दिल को बहुत प्रसन्नता और सुकून मिलता है। शेखावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मुझे बनाया है। मैंने उनको थोड़ा बनाया है।

## ईरान ...

की योजना बनाने और उसे अंजाम देने में शामिल रही है। हालांकि, इस दावे पर अभी तक हिज़्बुल्लाह की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इजराइल ने लेबनान में अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है। हालांकि, 2 मार्च को हिज़्बुल्लाह द्वारा सीमा पार हमले के बाद से दोनों पक्षों के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है।

वहीं, लेबनान के अधिकारियों के मुताबिक, 2 मार्च से अब तक इज़रायली हमलों में 1,000 से ज़्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हज़ारों लोग घायल हुए हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर पोप लियो ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने ईरान से जुड़े युद्ध को पूरी मानवता के लिए ह्लगलत और शर्मनाकङ्क करार देते हुए तुरंत हिंसा रोकने की अपील की।

पोप लियो ने कहा कि इस संघर्ष में बड़ी संख्या में लोगों की जान जा रही है और कई लोग घायल हो रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर चिंता जताई कि सबसे ज्यादा नुकसान निर्दोष नागरिकों को उठाना पड़ रहा है, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि इतने लोगों की पीड़ा को देखकर दुनिया चुप नहीं रह सकती। उन्होंने कहा कि ह्लजो दर्द वहां के लोग झेल रहे हैं, उसे पूरी इंसानियत को महसूस करना चाहिए।ङ्क

पोप ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी चिंता सिर्फ पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं है बल्कि दुनिया के अन्य हिस्सों में जारी हिंसा और संघर्ष भी उतने ही गंभीर हैं। उन्होंने वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया।

पोप लियो ने सभी से शांति के लिए प्रार्थना करने की अपील की और कहा कि अब समय आ गया है कि युद्ध को खत्म कर बातचीत और कूटनीति के जरिए समाधान निकाला जाए।

पोप का यह बयान अंतरराष्ट्रीय समुदाय के लिए मजबूत नैतिक संदेश है, जो संघर्ष को समाप्त करने और शांति स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

पश्चिम एशिया में करीब तीन हफ्तों से जारी संकट के बीच पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित ने गीदड़भभकी देते हुए कहा है कि भविष्य में कभी अमेरिका ने अगर पाकिस्तान पर हमला किया तो हम भारत की तरफ मिसाइलें दागेंगे, चाहे वह मुंबई हो या नई दिल्ली।

पाकिस्तानी टीवी चैनल एबीएन न्यूज पर पाकिस्तान के पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित ने कहा कि त्रभविष्य में कभी अमेरिका अगर पाकिस्तान पर हमला करता है तो हम भारत की तरफ मिसाइलें दागेंगे, चाहे वह मुंबई हो या नई दिल्ली क्योंकि उनकी मिसाइलों की रेंज अमेरिका या इजरायल तक नहीं पहुंच सकती है या निशाना नहीं बना सकती हैं।' उन्होंने कहा कि उनकी तो यही इच्छा है कि पाकिस्तान के पास इंटर-कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलें हों लेकिन फिलहाल हमारे लिए खतरा सिर्फ भारत ही है।

बासित की यह टिप्पणी तब आई है जब अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने इस्लामाबाद को चीन जैसी बड़ी ताकतों के साथ रखते हुए अमेरिका के लिए बड़ा परमाणु खतरा बताया है। अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने अमेरिकी खुफिया समुदाय की 2026 की 'वार्षिक खतरा आकलन रिपोर्ट' पेश की है। जिसमें पाकिस्तान के लंबी दूरी की 'बैलिस्टिक मिसाइल' कार्यक्रम को अमेरिका के लिए खतरा बताया गया है। इसके साथ ही 'वैश्विक आतंकवाद सूचकांक' (जीटीआई) 2026 के अनुसार, यह देश 8.57 के स्कोर के साथ दुनिया भर में आतंकवाद से सबसे ज़्यादा प्रभावित देश है। इस रिपोर्ट में हिंसा की घटनाओं में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

तुलसी गबार्ड की तरफ से जताई गई चिंताओं को लेकर बासित ने एक अन्य बयान में कहा कि त्रतुलसी गबार्ड के इन दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसकी वजह उनके वे बयान हैं जिनमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका को ईरान के परमाणु कार्यक्रम से कोई तत्काल खतरा नहीं है। इसलिए, ट्रंप के गबार्ड के साथ रिश्ते उतने अच्छे नहीं हैं। वह पहले डेमोक्रेट थीं और हाल ही में रिपब्लिकन बनी हैं।'

ये वही अब्दुल बासित हैं जिन्होंने साल 2014 से 2017 तक भारत में पाकिस्तान के हाई कमिश्नर के तौर पर काम किया। उन्होंने 1982 में पाकिस्तान की विदेश सेवा में कदम रखा था और दुनिया के कई देशों में पाकिस्तानी दूतावासों में बड़े पदों पर काम किया है। भारत आने से पहले बासित मई 2012 से मार्च 2014 तक जर्मनी में पाकिस्तान के राजदूत रह चुके थे। साल 2014 में उन्हें भारत भेजा गया, जहां उन्होंने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया।

पाकिस्तान के मुरीदके में शुक्रवार को ईद की नमाज के बाद आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर बिलाल आरिफ सराफी की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना 'मरकज तैयबा' परिसर में हुई, जिसे पाकिस्तान के अशांत पंजाब प्रांत स्थित आतंकवादी समूहों के सबसे सुरक्षित ठिकानों में गिना जाता है।

मीडिया रिपोर्टस के अनुसार, आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडरों में से एक बिलाल आरिफ सराफी को मुरीदके में ईद की नमाज़ के बाद गोली मारकर और कई बार चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। उसकी हत्या 'मरकज तैयबा' परिसर के अंदर की गई, जिसे लश्कर-ए-तैयबा का मुख्यालय माना जाता है। यह घटना शुक्रवार को ईद की सामूहिक नमाज़ के बाद हुई। उसे बहुत करीब से गोली मारी गई और कई बार चाकू से वार किए गए, जिससे उसकी मौत हो गई।

मरकज तैयबा, लश्कर-ए-तैयबा का वही मुख्यालय है जिसे मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों ने नष्ट कर दिया था। हमले के बाद के महीनों में 1.09 एकड़ के इस परिसर का दोबारा निर्माण किया गया।

मीडिया से बातचीत में चश्मदीदों ने बताया कि यह हत्या सुनियोजित थी और इसे बहुत पेशेवर तरीके से अंजाम दिया गया। लोगों ने दावा किया कि दो हमलावरों में एक बंदूकधारी ने सराफी को गोली मारी, जबकि दूसरे हमलावर ने उसपर कई बार चाकू से वार किए। घटना के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एक खुफिया सूत्र ने बताया कि उसके ईद की नमाज़ अदा करने के ठीक बाद लश्कर-ए-तैयबा मुख्यालय परिसर के अंदर उसे निशाना बनाया। इससे पता चलता है कि हमलावर सराफी की गतिविधियों से अच्छी तरह वाकिफ थे और उनकी लश्कर-ए-तैयबा मुख्यालय तक पहुँच थी। फिलहाल, हमलावरों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। शुरुआती रिपोर्ट से पता चलता है कि सराफी पर हमला करने वाले उसके अपने ही आतंकवादी समूह के हो सकते हैं। इसके साथ ही यह भी दावा किया जा रहा है कि सराफ़ी की हत्या के पीछे निजी दुश्मनी का भी कोई पहलू हो सकता है।

बताया जाता है कि बिलाल सराफी साल 2005 से आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा जुड़ा था। वह कथित तौर पर संगठन के लिए भर्ती और धन जुटाने का काम संभाल रहा था। जाँच अधिकारियों ने दावा किया है कि सराफी नियमित रूप से लश्कर-ए-तैयबा में भर्ती के लिए युवाओं की पहचान और उनकी तलाश कर रहा था।

## दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान का 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' को समर्पित भव्य कार्यक्रम आयोजित

# पटेल नगर, नारायणा की नारी-शक्ति 'स्वाभिमानी नारी अवार्ड' से सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। 'दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान' के महिला सशक्तिकरण प्रकल्प - ''संतुलन'' के अंतर्गत 21 मार्च को नारायणा विहार, पटेल नगर आश्रम द्वारा, दिल्ली में 'अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस' को समर्पित एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

संस्थान का महिला सशक्तिकरण प्रकल्प - 'संतुलन' भारत के अग्रणी महिला सशक्तिकरण अभियानों में से एक है। लगभग 70,000 समर्पित महिला स्वयंसेवकों एवं 4,000 से अधिक प्रशिक्षित साध्वी काउंसलरों की टीम के साथ, 'संतुलन' भारत के साथ-साथ विदेशों में भी महिलाओं के सम्मान, लैंगिक समानता तथा समग्र सशक्तिकरण हेतु कार्यरत है। यह अभियान कॉर्पोरेट संगोष्ठियों, लाइव वेबिनार, संस्थागत कार्यशालाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों, जन-जागरूकता अभियानों, सहयोगी कार्यक्रमों एवं रोड-शो तथा रैलियों जैसे बड़े सार्वजनिक आयोजनों के माध्यम से महिलाओं के उत्थान हेतु कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ नारायणा क्षेत्र के विधायक उमंग बजाज की धर्मपत्नी कनिका बजाज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। संतुलन द्वारा प्रतिवर्ष 1 से 31 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस विशेष 'स्वाभिमान' अभियान चलाया जाता है, जिसके अंतर्गत देश विदेशों में असंख्य कार्यक्रम आयोजित किये जाते है! इन कार्यक्रमों का उद्देश्य होता है - महिलाओं के असाधारण प्रदर्शन को पहचान देना। 21 मार्च को नारायणा में आयोजित कार्यक्रम में ऐसी महत्वाकांक्षी, उत्साही और सर्वोत्कृष्ट महिलाएं, जिन्होंने समाज में परिवर्तन लाकर सभी के लिए प्रेरणा स्रोत बन दिखलाया, उन्हें 'स्वाभिमानी नारी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी भक्तिआभा ने बताया कि नारी सृजन, पोषण और परिवर्तन की शक्ति है। उसके भीतर समृद्ध समाज का नेतृत्व करने का सामर्थ्य है पर दुर्भाग्यवश, समाज उसके प्रशंसनीय योगदानों को अनदेखा कर देता है, जिसके कारण वह अपने उत्साह और आत्मविश्वास को खो बैठती है। संस्थान द्वारा नारायणा (शहर का नाम) की नारी शक्ति को प्रस्तुत यह सम्मान निःसंदेह समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान को जागृत करेगा। तीन घंटे की अवधि वाले इस विलक्षण कार्यक्रम में नारीवाद की विकृत धारणा (टॉक्सिक फ़ेमिनिस्म) बनाम नारीयों का यथार्थ संघर्ष पर एक पैनल चर्चा हुई। विभिन्न क्षेत्रों की विख्यात महिलाएँ जो समाज परिवर्तन की दिशा में कार्य कर रही हैं, ने अपने-अपने दृष्टिकोण को समक्ष रखा और निष्कर्ष निकाला कि कुछ लोगों के प्रयासों से परिवर्तन नहीं आ सकता है। निःसंदेह आज की नारी ने शैक्षिक, वित्तीय, सामाजिक, राजनीतिक एवं वैचारिक स्वतंत्रता को प्राप्त कर लिया है लेकिन ये ठीक वैसा ही है जैसे गहरे काले आकाश में कुछ तारे टिमटिमाते हैं। नारी सशक्तिकरण की सच्ची भोर लाने के लिए नारियों की अपने आध्यत्मिक अस्तित्व को भी खोजना होगा; और आत्मिक जाग्रति के द्वारा उससे जुड़ना होगा। संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु आशुतोष महाराज की उक्त विचारधारा को उनकी सन्यासी शिष्या - साध्वी चंद्रारेखा ने सभागार में उपस्थित महिलाओं के मध्य प्रस्तुत किया। साथ ही, वीरांगनाएं जैसे कित्तूर की रानी चेनम्मा, अक्का महादेवी, वैदिक विदुषियाँ जैसे तपस्विनी सावित्री, गार्गी, मैत्रेयि, ऋषिका अनुसूया, इत्यादि कई आत्म-जागृत नारियों के दृष्टांत भी सुनाये। इस महिला सम्मलेन के अन्य मुख्य आकर्षण रहे- आज के समाज की परिस्थितियों पर आधारित मनोरम नाट्य एवं नृत्य मंचन, जिसे संतुलन की निस्वार्थ स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया व लिंग आधारित भेदभाव का खंडन करती रोचक गतिविधियां। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की पटेल नगर शाखा की संयोजिका - साध्वी भक्तिआभा भारती ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं समस्त प्रतिष्ठित लोगों का आभार व्यक्त किया। स्वाभिमानी नारी अवार्ड से सम्मानित महिलाओं ने संस्थान के चल रहे महिला उन्मुख अभियानों का समर्थन करने की जिज्ञासा के साथ संस्थान के प्रयासों के प्रति अपनी प्रशंसा को व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन हाई-टी और ग्रुप फोटो के साथ संस्थान की जागरूकता प्रदर्शनी द्वारा किया गया।




दिव्य गुरु आशुतोष महाराज द्वारा संस्थापित और संचालित - दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान, विश्व में शांति एवं बंधुत्व की स्थापना हेतु कार्यरत एक सामाजिक व आध्यात्मिक संस्थान है। यह संस्थान अपने नौ मुख्य प्रकल्पों द्वारा समाज में व्यापक परिवर्तन ला रहा है - महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम; साक्षरता अभियान; सम्पूर्ण स्वास्थ्य कार्यक्रम; नशा उन्मूलन कार्यक्रम; पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम; भारतीय देसी गौ संवर्धन एवं नस्ल सुधार कार्यक्रम; आपदा प्रबंधन कार्यक्रम; बंदी सुधार कार्यक्रम और नेत्रहीन एवं दिव्यांगों का सशक्तिकरण कार्यक्रम।

# अमृतसर में रंधावा आत्महत्या प्रकरण पर रातभर हंगामा

■ पूर्वमंत्री भुल्लर, पिता, निजी सचिव के खिलाफ मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब वेयर हाउस के जिला प्रबंधक आत्महत्या प्रकरण में शनिवार को रातभर अमृतसर में हंगामा हुआ। विवाद बढ़ता देख पंजाब पुलिस ने रविवार तड़के पूर्व परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता और निजी सचिव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। इससे पहले मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मुख्य सचिव और डीजीपी से इस मामले में रिपोर्ट ली। विपक्षी दल कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने का ऐलान किया है। पंजाब वेयर हाउसिंग के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा ने लालजीत सिंह भुल्लर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली थी। शनिवार को रंधावा की मौत के बाद पंजाब की राजनीति गरमा गई। अकाली दल प्रधान सुखबीर बादल, नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा, भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ अमृतसर पहुंचे और सरकार के खिलाफ आंदोलन का ऐलान कर दिया। विपक्ष की धमकी के बाद सरकार ने तुरंत प्रभाव से लालजीत भुल्लर का इस्तीफा ले लिया। रंधावा के परिजन तथा विपक्षी दल लालजीत भुल्लर, उनके सहयोगियों के विरूद्ध मामला दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे। मृतक के परिजनों ने शनिवार की शाम शव लेने से इनकार कर दिया । इसके बाद आज तड़के पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता सुखदेव भुल्लर तथा निजी सचिव दिलबाग सिंह के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। तीनों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 यानी आत्महत्या के लिए उकसाने, 351(3)- जानलेवा धमकी और 3(5) - जुर्म में साथ देने की धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस ने रंधावा की पत्नी उपिंदर कौर की शिकायत पर यह केस दर्ज किया। पत्नी ने कहा कि भुल्लर ने उन्हें धमकाया कि गैंगस्टर मेरे पाले हुए हैं। तेरे परिवार को खत्म करने के लिए एक इशारा ही काफी है। अगर तू मेरे नियमों को नहीं मान सकता तो तुझे जिंदा रहने का हक नहीं, तू जहर खा ले। इसके बाद पति ने आत्महत्या कर ली।

### बिहार दिवस पर जीविका स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र, उत्पादों की हुई जमकर बिक्री

**किशनगंज।** बिहार दिवस के अवसर पर खगड़ा स्टेडियम में लगाए गए जीविका स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बने रहे। पूरे दिन स्टॉल पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही, जहां जीविका दीदियों द्वारा तैयार जायकेदार व्यंजन, कॉफी और विभिन्न उत्पादों की जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी विशाल राज, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार झा तथा अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने स्टॉल का निरीक्षण किया और 'दीदी की रसोई' के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। अधिकारियों ने दीदियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उत्पादों की गुणवत्ता की प्रशंसा की।

## धामी सरकार के चार साल

# सशक्त नेतृत्व और समावेशी विकास के साथ सख्त फैसले पर रहा फोकस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर उत्तराखंड देश का पहला ऐसा राज्य बना। इसके साथ ह भू-कानून, धर्मांतरण विरोधी और दंगारोधी कानूनों को लागू कर प्रशासनिक सख्ती बढ़ाई गई। नीतिगत सुधार, कानून-व्यवस्था की मजबूती और रोजगार, स्वरोजगार के साथ महिला सशक्तीकरण के साथ ही समाज के हर वर्ग के सम्मान को प्राथमिकता दी है।

धामी सरकार ने युवाओं के हित में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिससे बीते चार वर्षों में 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति मिली। शिक्षा क्षेत्र में अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन कर मदरसा बोर्ड को समाप्त किया गया और पाठ्यक्रम व शिक्षा व्यवस्था को एकीकृत नियामक ढांचे में लाया गया। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर 12 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया। महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देते हुए सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और सहकारी समितियों में 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना और स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराकर 2.54 लाख से अधिक महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया गया। इसके अलावा, सशक्त बहना उत्सव योजना महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से आगे बढ़ाने का एक नया मंच प्रदान करती है। आंदोलनकारियों और सैनिकों के सम्मान के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और पेंशन में वृद्धि की गई। बलिदानी सैनिकों के आश्रितों को अनुग्रह राशि 50 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ की गई। वहीं, राज्य आंदोलन के दौरान 7 दिन जेल गए अथवा घायल हुए आंदोलनकारियों की पेंशन भी 6000 से बढ़ाकर 7000 प्रतिमाह कर दी गई है, जो उनके संघर्ष के प्रति सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। अग्निवीर योजना के तहत सेवा देने वाले युवाओं को भी सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रदान किया गया। इसके अलावा, राज्य में अग्निवीर योजना के अंतर्गत सेवा देने वाले युवाओं को भी सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार पहल के तहत 686 शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 5.37 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया और 2.96 लाख नागरिकों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिला। डिजिटल अपूर्णि पोर्टल के माध्यम से करीब 950 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई गईं। वृद्धावस्था पेंशन, कलाकारों और लेखकों की पेंशन बढ़ाकर समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंचाया गया। शिक्षा क्षेत्र में संस्थागत बदलाव करते हुए उत्तराखण्ड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जिसके तहत पूर्ववर्ती मदरसा बोर्ड को समाप्त कर एकीकृत नियामक व्यवस्था लागू की गई है। राज्य में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए 12 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने का दावा किया गया है, जिसे प्रशासनिक कार्रवाई की प्रमुख उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

# सीमा पार से तस्करी की कोशिश नाकाम, 6.5 किलो हेरोइन बरामद

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) फिरोजपुर ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के साथ समन्वय करके बॉर्डर आउटपोस्ट (बीओपी) जीजी-2, गांव महतम नगर के पास से 6.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। यह जानकारी शनिवार को पंजाब पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने दी।डीजीपी ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तान आधारित तस्कर जीरो लाइन पार करके सीमा पर लगी कंटीली बाड़ के पास पहुंच गए और अंधेरे का फायदा उठाकर उन्होंने भारत के क्षेत्र में नशीले पदार्थ भेजने की कोशिश की। इस घुसपैठ को रोकने के लिए सतर्क बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) के जवानों ने कई राउंड गोलियां चलाईं, जिसके बाद विस्तृत संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया और इन नशीले पदार्थों की बरामदगी की गई।एआईजी सीआई फिरोजपुर गुरसेवक सिंह ने बताया कि विश्वसनीय सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बीएसएफ के साथ मिलकर फाजिल्का के गांव महतम नगर में संयुक्त गुप्त ऑपरेशन चलाया।

# दरबार साहिब की एआई तस्वीर बनाकर बेअदबी, क्रिकेटर्स को नंगे सिर दिखाया

कैनविज टाइम्स संवाददादाता

चंडीगढ़। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा बार-बार चेताए जाने के बावजूद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से अमृतसर स्थित दरबार साहिब का वीडियो-फोटो बनाकर बेअदबी का नया मामला सामने आया है। एक क्रिकेट फैन पेज ने दरबार साहिब में क्रिकेटर्स और बॉलीवुड कलाकारों की एआई फोटो फ़ेसबुक पर शेयर की है। पहली फोटो में क्रिकेटर युवराज सिंह को तो दूसरी फोटो में क्रिकेटर हार्दिक पांड्या को नंगे सिर दिखाया है जबकि दरबार साहिब में जाने के लिए सिख धर्म के अनुसार सिर ढकना जरूरी है। इससे कुछ दिन पहले ही एक कंकाल की गोल्डन टेंपल की परिक्रमा और लंगर हॉल में जूते पहने एआई वीडियो शेयर की गई थी। इस फोटो पर एसजीपीसी ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि इस मामले में अब केंद्र व राज्य सरकार को सख्त कानून बनाना चाहिए, ताकि ऐसे आरोपितों पर सख्त कार्रवाई हो और भविष्य में कोई इस तरह की बेअदबी न कर सके। एआई द्वारा बनाई गई पहली फोटो में क्रिकेटर युवराज सिंह, अर्शदीप सिंह, अभिषेक शर्मा और उनकी मां को दिखाया गया है। इसमें अर्शदीप ने पगड़ी पहनी है जबकि अभिषेक का सिर भी कपड़े से ढका है। उनकी मां का सिर भी चुन्नी से ढका गया है लेकिन युवराज सिंह को नंगे सिर दिखाया गया है। पीछे दरबार साहिब नजर आ रहा है। दूसरी एआई फोटो में क्रिकेटर हार्दिक पांड्या, विराट कोहली, महेंद्र सिंह धोनी और बॉलीवुड कलाकार रणवीर सिंह को दिखाया गया है।









# श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव की भव्य शुरुआत

■ 1008 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कटिहार। शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 41 स्थित राम जानकी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा महोत्सव की शुरुआत कलश शोभायात्रा के साथ हुई। मंदिर प्रांगण से शुरू हुई इस यात्रा में 1008 महिलाओं ने माथे पर कलश लेकर कोसी घाट से जल भरकर वार्ड भ्रमण किया। यात्रा का नेतृत्व मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने किया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के सचिन सौरव मालाकार ने बताया कि 22 से 28 मार्च तक चलने वाले इस महोत्सव में आचार्य पंडित बृजेश शर्मा भागवत पीपासु महाराज कथा वाचन करेंगे। साथ ही 48 घंटे का हरिनाम संकीर्तन भी होगा। इस दौरान विष्णु महा यज्ञ का भी आयोजन किया जाएगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें मंदिर कमेटी के सदस्य, वार्ड वासी और आसपास के क्षेत्र के लोग शामिल थे। यात्रा के दौरान भक्तों ने जय श्रीराम और हरि बोल के नारे लगाए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर कलश यात्रा में भाग लिया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष हरेराम सिंह ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र में भक्ति और शांति का संचार करना है। उन्होंने बताया कि कथा के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भजन, कीर्तन और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे।
















चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान  स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।  फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com  RNI NO - UPHIN/2012/42063